रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | माघ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 23 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 349, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर "जय हिंद!" यह एक अत्यंत प्रसिद्ध नारा है, जिसे बोस ने भारतीय राष्ट्रीय सेना का आदर्श नारा बनाया

पराक्रम दिवस की शुभकामनाएं

तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा!

**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 26.0° | अधिक. | 28.8° |
| न्यून. | 12.6° | न्यून. | 12.1° |

### जलगांव में रेल हादसा, 16 लोगों की मौत, 20 घायल


**मुंबई** । जलगांव जिले में परधाड़े स्टेशन के पास बुधवार शाम हुए रेल हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। इस घटना में 20 लोगों का इलाज जलगांव सिविल अस्पताल में हो रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना में प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद और घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की है। जिले के अधिकारी भूषण अहिरे ने बताया कि बुधवार की शाम को करीब सवा पांच बजे लखनऊ से मुंबई आ रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह से 40 यात्री ट्रेन से कूद गए और उसी समय जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए।

### गैर निवासी क्रूज शिप संचालकों के लिए आईटी एक्ट में संशोधन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने गैर-निवासी क्रूज शिप ऑपरेटरों के लिए अनुमानित कराधान व्यवस्था की प्रयोज्यता के लिए शर्तें निर्धारित करने के लिए आयकर नियमों में संशोधन को अधिसूचित किया है। आयकर विभाग ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने के उपाय के रूप में वित्त अधिनियम, 2024 ने क्रूज जहाजों के संचालन के व्यवसाय में लगे गैर-निवासियों के लिए एक अनुमानित कराधान व्यवस्था शुरू की गई है।

## सीएम ने निर्माणाधीन विधायक आवासीय परिसर का किया निरीक्षण, कहा

# सभी सुविधाओं से युक्त होगा विधायक आवास



नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को रांची के जगन्नाथपुर में निर्माणाधीन विधायक आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण करने के क्रम में निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि जल्द से जल्द इसके हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी कर विधायकों को ये आवास आवंटित किए जा सकें। इस दौरान उन्होंने यहां विधायकों के लिए बन रहे आवास, हेल्थ सेंटर, शॉपिंग कांप्लेक्स, चिल्ड्रेन पार्क, प्ले ग्राउंड, बिजली, पानी और सड़क, व्हीकल पार्किंग, सीवरेज-ड्रेनेज सिस्टम समेत कई निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कई निर्देश भी दिए। इस दौरान निर्माण कार्य कर रहे कंस्ट्रक्शन कंपनी ने इस वर्ष जून माह तक सभी निर्माण कार्य पूरा हो जाने की बात कही। मुख्यमंत्री के विधायक आवासीय परिसर के निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल और अन्य अधिकारी मौजूद थे।



**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने कार्य प्रगति की ली जानकारी दिए कई निर्देश

**कंस्ट्रक्शन** कंपनी ने कहा जून माह तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा

### योजनाबद्ध तरीके से प्लांटेशन कराए जाएं : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक आवासीय परिसर में बड़े पैमाने पर योजनाबद्ध तरीके से प्लांटेशन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभी विधायकों के लिए आवासीय व्यवस्था व्यवस्थित नहीं है। राजधानी रांची के अलग-अलग क्षेत्र में उन्हें रहने के लिए आवास उपलब्ध कराया गया है। लेकिन, विधायक आवासीय परिसर के निर्माण होने से सभी विधायकों को एक ही कैंपस में रहने के लिए एक बेहतर, व्यवस्थित और सुविधाओं से युक्त आवास मिलेगा।

# एसीबी ने राजस्व कर्मचारी के चार ठिकानों पर की छापेमारी

- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कई कागजात भी किए हैं जब्त
- नामकुम अंचल में कार्यरत है राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार

## रांची में दो, घाघरा में एक और बिहार में एक ठिकाने पर पड़ा छापा

नवीन मेल डेस्क

**रांची/घाघरा (गुमला)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार को भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में रांची के नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के मोरहाबादी के रामकृष्ण मिशन के पास स्थित आवास, नामकुम सीओ ऑफिस और गुमला के घाघरा में स्थित उसके किराए के आवास पर छापेमारी की। यह छापेमारी सुबह में ही शुरू की गई थी। झारखंड के रांची और गुमला के अलावा बिहार के औरंगाबाद में भी छापेमारी की गई है। जानकारी के अनुसार, टीम ने कई कागजात भी जब्त किए हैं। बताया गया कि एसीबी की टीम ने मुंशी राम के करीबी नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी सह उपनिरीक्षक राजेश कुमार के रांची, गुमला और बिहार के औरंगाबाद स्थित चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। रांची के टैगोर हिल रोड स्थित अनन्या अपार्टमेंट के पहली मंजिल में राजेश कुमार के आवास पर छापेमारी देर शाम तक जारी थी।

एसीबी एसपी ने बताया कि चार स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। एसीबी की टीम एक साथ रांची में दो, गुमला में एक और औरंगाबाद में एक स्थान पर छापेमारी कर रही है। इधर, गुमला के घाघरा प्रखंड मुख्यालय के पाकरटोली स्थित राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के किराए के मकान पर एसीबी की 15 सदस्यीय टीम ने बुधवार की सुबह साढ़े छह बजे ही धावा बोला। यहां एसीबी की टीम ने करीब साढ़े पांच घंटे तक छापेमारी की। मकान की चाबी का पता कर घर के एक-एक कमरे की तलाशी ली। जानकारी के अनुसार, यहां कोई आपत्तिजनक सामान उन्हें नही मिला। लेकिन, एक कमरे का दरवाजा बंद था। उस कमरे की चाबी राजेश के पास होने के कारण एसीबी कर्मी रांची से चाबी लेकर घाघरा आए। पर, हड़बड़ी में सिर्फ गोदरेज की ही चाबी लाए। इस कारण दरवाजे पर लगे ताले को तोड़ कर तलाशी ली गई।

शेष पेज 11 पर



घाघरा स्थित पाकरटोली में राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के किराए के मकान में छापेमारी करने पहुंची एसीबी की टीम।

### मुंशी राम मामले की जांच के दौरान राजेश कुमार की संलिप्तता आई थी सामने

रांची के सदर सीओ मुंशी राम से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले की जांच के दौरान राजेश कुमार की संलिप्तता भी सामने आई थी। इसके बाद एसीबी टीम ने एक साथ रांची, गुमला और औरंगाबाद में छापेमारी की। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कार्रवाई करते हुए रांची के सदर सीओ मुंशी राम को 37 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया था। मुंशी राम रांची के रहने वाले एक व्यक्ति से उसकी जमीन की मापी को लेकर 37 हजार की रिश्वत मांग रहा था। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसीबी से की थी। मामले की जांच के बाद एसीबी ने तीन जनवरी को रांची के कचहरी स्थित मुंशी राम के कार्यालय में छापेमारी की और उसे 37 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की थी, जहां से 11 लाख 42 हजार रुपए नकद बरामद किए गए थे।

# जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा मामले में हाईकोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट




- परीक्षाफल प्रकाशन पर अगले आदेश तक रोक बरकरार, अब सुनवाई 26 मार्च को

रांची (हि.स.)

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा पेपर लीक मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या न्यायिक जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 मार्च की तिथि निर्धारित की है।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मामले में सीआईडी के अनुसंधान जारी है। मोबाइल सहित कुछ डिजिटल उपकरण को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट में चार सप्ताह का समय लगेगा। इस पर कोर्ट ने सरकार को समय प्रदान करते हुए सुनवाई की अगली तिथि 26 मार्च निर्धारित की। साथ ही, राज्य सरकार को अनुसंधान की अपडेट स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने परीक्षाफल प्रकाशन पर अगले आदेश तक रोक बरकरार रखा है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पक्ष रखा। पिछली सुनवाई में झारखंड हाईकोर्ट ने सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का परीक्षाफल प्रकाशन करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने के संबंध में दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम-2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करें और अनुसंधान कर अपनी रिपोर्ट दे। उल्लेखनीय है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा मामले की जांच सीआईडी कर रही है। सीजीएल परीक्षा-2023 में गड़बड़ी के आरोप में सीआईडी ने दो केस दर्ज कर लिए हैं। इस मामले के अनुसंधान के लिए डीजीपी सह सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने एसआईटी भी गठित कर दी है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले 5 सालों तक जारी रखने को मंजूरी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत देश में प्राप्त उपलब्धियों को स्वीकारते हुए बुधवार को इसे अगले पांच वर्षों तक जारी रखने को मंजूरी प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मिशन के तहत देश ने कई ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किए हैं। इससे देशभर में करीब 12 लाख स्वास्थ्यकर्मी जुड़े हैं। कोविड के भयावह काल का सामना करने में मिशन ने बड़ी भूमिका निभाई है और देश को 2.20 अरब कोविड टीके लगाए तथा सर्टिफिकेट बांटे गए हैं। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रिमंडल को वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रगति से अवगत कराया गया। मंत्रिमंडल को मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, मृत्यु दर और कुल प्रजनन दर में त्वरित गिरावट जैसे विभिन्न रोगों के कार्यक्रमों के संबंध में प्रगति से भी अवगत कराया गया।



- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया निर्णय

# बेरमो के ऊपरघाट में हुई मुठभेड़ में एक महिला समेत दो नक्सली ढेर

- मृत महिला नक्सली 15 लाख के इनामी रणविजय महतो की पत्नी
- दो पुलिसकर्मी भी हुए घायल, इलाके में हाई अलर्ट किया गया जारी

नवीन मेल डेस्क

**बोकारो।** जिले के बेरमो अनुमंडल के ऊपरघाट में बुधवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। वहीं, दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। बेरमो अनुमंडल के नक्सल प्रभावित पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊपरघाट के बंशी एवं जरवा के जंगल में सुरक्षा बलों के जवानों की प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के साथ बुधवार के तड़के मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक महिला एवं एक पुरुष नक्सली को ढेर कर दिया। मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली मंगलवार को चंद्रपुरा से पकड़े गए 15 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सली रणविजय महतो की पत्नी बताई जा रही है। बोकारो एसपी को सूचना मिली थी कि रणविजय महतो की गिरफ्तारी के बाद छह नक्सलियों का सशस्त्र दस्ता ऊपरघाट के जरवा एवं बंशी के जंगल में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और जगुआर के जवानों के साथ बोकारो एसपी ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया।

सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को देखकर नक्सलियों ने उनको निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभाल लिया और देखते ही देखते दोनों ओर जमकर गोलीबारी शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि नक्सलियों के खिलाफ इस ऑपरेशन की कमान बोकारो एसपी स्वयं संभाल रहे हैं। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और जंगल में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है और इलाके में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है।



### लातेहार में मुठभेड़, एक उग्रवादी को लगी गोली

**लातेहार।** लातेहार-लोहरदगा के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित सेमरखाड़ के पास मंगलवार की देर रात पुलिस और जेजेएमपी के उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक उग्रवादी को गोली लगने की सूचना है। वहीं, अन्य उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। घटना के बाद बुधवार की सुबह पुलिस ने घटनास्थल पर सर्च अभियान चलाकर एक हथियार बरामद किया है। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के सेमरखाड़ गांव के निकट जंगल में जेजेएमपी के उग्रवादियों का एक दस्ता जमा हुआ है।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# जिनके नाम से कभी नेता शब्द की प्रतिष्ठा बढ़ी थी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

खुलेआम जाति धर्म और क्षेत्रवाद की राजनीति करने वाले नेताओं की भीड़ में नेताजी का नाम आज भी सभी लोग बहुत सम्मान से लेते हैं जिन्होंने अपनी आजाद हिंद फौज में सभी को शामिल कर भारत को एक सूत्र में बांधा था। सुभाष चंद्र बोस ने भारत को आजादी दिलाने के लिए अपना सबकुछ त्याग दिया। उन्होंने घर छोड़ा, सिविल सर्विस की आरामदेह और पैसे वाली नौकरी भी छोड़ी और क्रांति की राह पर विश्व से सहयोग लिया। अंग्रेजों से आजादी दिलाने में नेताजी ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' जैसे नारे दिए। नेता जी भारत को आजादी दिलाने के लिए अपनी जान की बाजी तक लगा दी। उन्होंने भारत को आजादी दिलाने के लिए आजाद हिंद फौज की स्थापना की जिसने निर्णायक भूमिका अदा की । नेता जी सुभाष चंद्र बोस की मौत आज भी दुनिया के लिए पहेली बनी हुई है। लोगों के मन में कई सवाल आज भी घूमते रहते हैं। ऐसे में क्या आपने कभी सोचा है कि सुभाष चंद्र बोस को नेता जी क्यों कहते हैं। देश की आजादी के लिए सुभाष चंद्र बोस जर्मनी के तानाशाह अडोल्फ हिटलर से मिले थे। बोस से मिलने के बाद हिटलर उनसे काफी प्रभावित हुआ था। इस दौरान हिटलर ने सुभाष चंद्र बोस को नेता जी कहकर संबोधित किया था। लोग प्यार से उन्हें नेताजी कहते थे।सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़ीसा के कटक में हुआ था। उन्होंने आजाद हिंद फौज का निर्माण और संगठन अद्भुत सूझबूझ से किया था ताकि हमारी शक्ति, आदर्श और कार्ययोजना को मूर्तरूप दे सकें। नेताजी ने युवाओं में स्वाधीनता का अर्थ केवल राष्ट्रीय बंधन से मुक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक समानता, जाति, भेद, सामाजिक कुविचार का निराकरण, सांप्रदायिक संकीर्णता त्यागने का विचार मंत्र भी दिया। नेताजी के विचार विश्वव्यापी थे। वे समग्र मानव समाज को उदार बनाने के लिए प्रत्येक जाति को विकसित बनाना चाहते थे। उनका स्पष्ट मानना था कि जो जाति उन्नति करना नहीं चाहती, विश्व रंगमंच पर विशिष्टता पाना नहीं चाहती, उसे जीवित रहने का कोई अधिकार नहीं।नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करती हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करती थीं। एक बार उन्होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है. जबकि दूसरों से ली गई ताकतें उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है. नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करती हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करती थीं। एक बार उन्होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है. जबकि दूसरों से ली गई ताकतें उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है। नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करती हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करती थीं. एक बार उन्होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है. जबकि दूसरों से ली गई ताकतें उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है. नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करती हैं जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करती थीं. एक बार उन्होंने कहा था कि तुम खुद की ताकत पर अगर भरोसा करो तो हर काम संभव है. जबकि दूसरों से ली गई ताकतें उधार की होती हैं जो घातक साबित हो सकती है.नेता जी हमेशा उच्च विचारों पर चलना स्वीकार करते थे. उन्होंने अपने विचारों में भी यह कहा था कि अगर आप उच्च विचारों के साथ जीवन जीते हैं तो यह आपकी कमजोरियों को दूर करने का ताकत देती है इसलिए हमें उच्च विचारों के साथ जीना चाहिए।नेताजी जिस भी काम को पूरा करने की ठान लेते थे, उसे पूरा करने के बाद ही दम लेते थे। यह उनके काम का तरीका था। एक बार उन्होंने कहा था कि जिस व्यक्ति के अंदर सनक नहीं होती, वो कभी महान नहीं बन सकता। 29 दिसंबर 1943 नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंडमान एंड निकोबार द्वीप के पोर्ट ब्लेयर पर पहुंचे। 30 दिसंबर 1943 को जिमखाना ग्राउंड पर नेताजी ने तिरंगा फहराया। दूसरे वर्ल्ड वार में जापान ने इस द्वीप पर कब्जा कर लिया था। 1942 में उनका इस पर कब्जा हुआ, जो 1945 तक बरकरार रहा। इसे 29 दिसंबर को उन्होंने सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद सरकार को सौंप दिया। हालांकि इस पर जापान का वास्तविक नियंत्रण बना रहा।उन्होंने अंडमान का नाम शहीद और निकोबार का नाम स्वराज रखा जिसका सम्मान रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने के यहां तिरंगा फहराने की 75वीं सालगिरह पर रॉस आइलैंड का नामकरण उनके नाम पर करने की घोषणा की। अब इसे नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वीप के नाम से जाना जाता है । इसके अलावा नील आइलैंड को शहीद द्वीप और हेवलॉक आइलैंड को स्वराज द्वीप के नाम से पहचाना जाता है । द्वितीय विश्व युद्ध में अंडमान-निकोबार पर जापानी सेना के कब्जे के बाद 30 दिसंबर, 1943 को यहां पहुंचे नेताजी ने ही अंडमान-निकोबार का नाम बदलकर शहीद और स्वराज द्वीप करने की सलाह दी थी।



## इलेक्टोरल बॉन्ड योजना पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर समीक्षा याचिका

ब्यूरो

**16,518 करोड़ रुपए की जब्ती की फिर मांग की गई**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में दायर हुई एक समीक्षा याचिका में उसके ही दो अगस्त 2024 के उस आदेश पर विचार की मांग की गई है, जिसके तहत वर्ष 2018 की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना के तहत राजनीतिक दलों की तरफ से जुटाए 16,518 करोड़ रुपए की जब्ती की मांग को नकार दिया गया था। समीक्षा याचिका में दो अगस्त 2024 के आदेश को वापस लेने की मांग की गई है। इस आदेश ने योजना के तहत प्राप्त धन को जब्त करने की मांग वाली पिछली याचिका को खारिज कर दिया था। इसलिए याचिका को बहाल करने और नए सिरे से सुनवाई की मांग की गई है। शीर्ष अदालत ने बीते वर्ष दो अगस्त को खेम सिंह भाटी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद समीक्षा याचिका दायर की गई थी और चुनावी बॉन्ड योजना (ईबीएस) में जांच की भी मांग की गई थी। वकील जयेश के. उन्नीकृष्णन के माध्यम से दायर और वरिष्ठ वकील विजय हंसानिया द्वारा निपटान की गई समीक्षा याचिका में कहा गया है कि 2024 को शीर्ष अदालत ने एक अन्य मामले को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन करने के लिए असंवैधानिक करार दिया था। याचिका में कहा गया है कि एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) मामले में फैसले ने ईबीएस को शुरुआत से ही अमान्य मान लिया है। इसी वजह से राजनीतिक दलों द्वारा एकत्र की गई राशि को जब्त करने की मांग वाली बाद की याचिकाओं को खारिज नहीं किया जा सकता था। याचिका में आगे कहा गयाहै कि ईबीएस के तहत राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त राशि को जब्त करने की मांग वाली याचिकाओं को तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा

शेष पेज 11 पर

# श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

- *क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए आईएसओ 9001 : 2015*
- *एजुकेशनल ओरिगनाइजेशन मैनेजमेंट आईएसओ 21001 : 2018*
- *एनवायर्नमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम के लिए आईएसओ 14001 : 2015*




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के मेयर्स रोड स्थित झारखंड की प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को उत्कृष्ट मैनेजमेंट के लिए आईएसओ सर्टिफिकेट से नवाजा गया है। आईएसओ के ये तीनों प्रमाण पत्र 17 जनवरी को प्राप्त हुए हैं। आईएसओ सर्टिफिकेट देने वाली संस्था क्वालिटी रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन द्वारा श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आईएसओ का मूल्यांकन किया गया। जिसमे संस्थान को इन तीनों प्रमाण पत्रों के अनुरूप पाया गया। झारखंड के लिए हर्ष की बात है कि संस्थान को एक साथ आईएसओ के तीन प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं।

संस्थान द्वारा लोक सेवा के क्षेत्र में कार्य कर कर रहे अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने, मानिकीकरण, पारदर्शिता, पाठ्यक्रम के मानक को उच्चतर बनाने के साथ ही प्रशिक्षण के दौरान उत्तम सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आईएसओ 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम( विशिष्ट गुणवत्ता प्रबंधन) से नवाजा गया।

एजुकेशनल ओरिगनाइजेशन मैनेजमेंट के लिए से कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को आईएसओ 21001:2018 का प्रमाण पत्र मिला है। संस्थान द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षण शैली, विशाल पुस्तक संग्रह के माध्यम से गुणवत्तापरक परिणाम देने एवं बेहतरीन पाठ्यक्रम उपलब्ध करने के लिए दिया गया है। संस्थान द्वारा एक, दो एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। समय- समय पर एक दिवसीय सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्य क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मियों एवं पदाधिकारियों के लिए मिड करियर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहे हैं।

श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान को संस्थान में बेहतरीन वातावरण प्रबंधन उपलब्ध करने के लिए आईएसओ 14001:2015 का प्रमाण पत्र मिला है। संस्थान में ऊर्जा एवं पानी की बचत, बेहतरीन कचरा प्रबंधन के माध्यम से वातावरण प्रबंधन हेतु किए गए कार्यों और संस्थान परिसर में प्रदूषण रहित वातावरण हेतु इस प्रमाण पत्र से नवाजा गया है।

## राम मंदिर की वर्षगांठ पर पहाड़ी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची (हि.स.)।** अयोध्या के राम मंदिर के प्रथम वषगांठ पर बुधवार को राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों में लोगों ने सुबह से लेकर देर रात पूजा अर्चना की। कई मंदिरों में सत्संग भी चल रहा। मंदिरों में एक से बढ़कर एक भक्ति गाने बज रहे थे। रांची के कोकर, लालपुर, मेन रोड, बरियातू, बुटी मोड़, डोरंडा, हिनू, धुर्वा सहित अन्य मंदिरों में देर शाम में लोगों ने दीये जलाये और भगवान से सुख समृद्धि की कामना की। दूसरी ओर अयोध्या के राम मंदिर के प्रथम वषगांठ पर रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में पहाड़ी बाबा का भव्य श्रृंगार और 56 भोग लगाया गया। पहाड़ी मंदिर में भव्य श्रृंगार पहाड़ी बाबा का किया गया और महाकाल के रूप का दर्शन भक्तजनों को कराया गया। फूलों से सजा बाबा का दरबार बहुत ही मनमोहक प्रतीत हो रहा था। साथ ही एक से एक भजनों ने भक्तों को बांधे रखा। सुबह से पूजा का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ और रात 8:00 बजे तक लगातार भंडारे का आयोजन भक्तों के बीच किया गया। इसमें भक्तों को पूरी आलू चने की सब्जी बुंदिया मालपुआ खीर सहित 56 भोग के प्रसाद वितरित किए गए। साथ ही श्रृंगार परिवार की ओर से बाबा का महारुद्राभिषेक 151 लीटर दूध से मुख्य मंदिर में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य पुजारी के रूप में कबीर दास पिंटू उपलब्ध रहें। इस आयोजन को सफल बनाने में श्रीपहाड़ी मंदिर श्रृंगार परिवार के पंकज गुप्ता, आशुतोष कुमार गुप्ता, रामनाथ साहू, जितेंद्र बरनवाल, अमित व्यास सहित अन्य सदस्य अपना योगदान दिया। इस अशय की जानकारी रोहित शारदा ने दी।

## भाजपा ने रिम्स की अव्यवस्था पर राज्य सरकार को घेरा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने राज्य की चिकित्सा व्यवस्था के मुद्दे पर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार रिम्स पार्ट-2 की नींव रखने की बात कर रही है जबकि रिम्स की मौजूदा स्थिति दिन-प्रतिदिन और भी बदतर होती जा रही है। महतो ने कहा कि राज्य सरकार को पहले रिम्स की वर्तमान व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना चाहिए, न कि नया प्रोजेक्ट सब्जबाग दिखाकर स्वास्थ्य क्षेत्र में कुव्यवस्था मुंह मोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि रिम्स की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। रिम्स में न दवाइयां और न ही बेड मिल पा रहे हैं। कई जांच मशीनें खराब पड़ी हैं। महतो ने रिम्स में हाल में हुई महिला के साथ दुष्कर्म की घटना पर भी चिंता जताते हुए कहा कि यह घटना यह साबित करती है कि रिम्स में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। महतो ने यह भी कहा कि रिम्स में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन भी समय पर नहीं मिल पाता, जिससे वहां काम करने वाले कर्मचारियों की स्थिति और भी खराब हो रही है।

### महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाई

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन बन गया है : अन्नपूर्णा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली/रांची।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) ने बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना, जो लैंगिक असंतुलन को दूर कर बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, की 10वीं वर्षगांठके महत्वपूर्ण अवसर पर समारोह मनाया गया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित उद्घाटन समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि बीबीबीपी के अंतर्गत स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुई प्रगति को रेखांकित किया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की सफलता बाल लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव और लड़कियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में पर्याप्त सुधार से स्पष्ट है। भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रत्येक बालिका को वह देखभाल और अवसर प्राप्त हों जिसकी वह हकदार है ताकि वह भविष्य की नेता बन सके।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बीबीबीपी के परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार किया, इस बात पर जोर दिया कि यह योजना सामाजिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक बन गई है। उन्होंने कहा, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पहल सरकारी योजना से आगे बढ़कर राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गई है। इस 10 साल की यात्रा ने बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाने और उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास के समान अवसर प्राप्त हों यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि इस योजना द्वारा लाए गए सांस्कृतिक बदलाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिलाओं के उत्थान के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए हम एक ऐसा माहौल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जहां हर लड़की को शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसरों से भरे भविष्य का अधिकार हो। इस अवसर पर सर्वोत्तम प्रथाओं का संग्रह, मिशन वात्सल्य पोर्टल, मिशन शक्ति पोर्टल और मिशन शक्ति मोबाइल ऐप सहित कई महत्वपूर्ण पहल शुरू की गईं, जो देश भर में महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, पुलिस, अर्धसैनिक बलों, चिकित्सा, विज्ञान, सरकार सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित महिला अधिकारियों के साथ-साथ उत्साही छात्राएं भी उपस्थिति थीं।

## राज्य स्तर पर ‘जन शिकायत समाधान कार्यकम’ का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता, के नेतृत्व में बुधवार को को राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा जनसंपर्क शिविर, बैनर, प्रचार वाहन, पोस्टर, पंपलेट सहित स्थानीय अखबारं एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आम नागरिकों को जानकारी साझा की गई थी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की इस पहल से यह सुनिश्चित किया गया कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की कोई समस्या जैसे जमीन / अपराव / महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराध तथा किसी भी पीडित को थानों के चक्कर न काटना पड़े। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता को थाने में पहुंच बने पर तत्काल सहज रूप से समस्याओं का समाधान उपलब्ध हो सके तथा आम जनता और पुलिस की बीच विश्वास को मजबूत किया जा सके। आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी को पूरी तरह से मिटाने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के निर्देश पर पूरे राज्य में एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उसका समाधान करने के लिये एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जिला प्रशासन स्थानीय पुलिस एवं अन्य अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भूमिका निभाई। कार्यक्रम की सफलता को सुनिश्चित करने एवं शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने हेतु पुलिस मुख्यालय के स्तर से पुलिस पदाधिकारियों का विभिन्न जिलों में निगरानी करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था।

## नाबालिग का अपहरण का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी




**रांची।** अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार नबंर-2 की अदालत ने बुधवार को शादी की नियत से नाबालिग को अपहरण करने के आरोप से लोहरदगा निवासी मुर्शीद अंसारी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। रातू थाना क्षेत्र निवासी के निर्माणाधीन मकान में काम करने वाले राजमिस्त्री ने घटना का अंजाम दिया था। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने रातू थाना में एक अप्रैल 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## ई-लॉटरी से 9 अप्रैल को हरमू और अरगोड़ा में 181 फ्लैट का होगा आवंटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड रांची में बने 181 फ्लैटों का ई-लॉटरी से आवंटन करेगा। रांची प्रमंडल के हरमू, अरगोड़ा में बने इन फ्लैट को लेने के लिए योग्य लोगों को बोर्ड की ऑफिशियल बेवसाइट से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह जानकारी राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने बुधवार को दी। उन्होंने कहा, रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। इसकी अंतिम तिथि 10 मार्च तक है। आवेदनों और कागजातों की जांच 11 मार्च से 4 अप्रैल तक होगी। योग्य आवेदकों की सूची सात अप्रैल को वेबसाइट पर जारी होगी। इसके बाद 9 अप्रैल को बोर्ड परिसर में ऑनलाइन लॉटरी निकाली जाएगी। पहले चरण में हरमू, अरगोड़ा में बने ये फ्लैट 90 वर्षों के पट्टे पर आवंटित किए जाएंगे। बोर्ड ने अलग-अलग वर्ग के फ्लैट और मकानों के आवंटन के लिए कुछ शर्तें तय की हैं। सामान्य, दिव्यांग, एससी-एसटी, ओबीसी, ओबीसी दिव्यांग, रिटायर सरकारी सेवक, सैन्य सेवा से रिटायर, बेसहारा विधवा के लिए फ्लैट भी तय किए गए हैं।

### 65 लाख तक के उपलब्ध हैं फ्लैट

फ्लैट की कीमत के अलावा इसकी कुल कीमत का 10% ईएमडी के रूप में आवेदकों को देना होगा। आर्थिक कमजोर, अल्प, मध्यम, उच्च आय वालों के अलग-अलग आवेदन शुल्क हैं। लाभुक 18% जीएसटी के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फ्लैटों की कीमत अलग-अलग (15 से 65 लाख) है। ‘राष्ट्रीय नवीन मेल’ संवाददाता से यह पूछे जाने पर कि महेंद्र सिंह धौनी और हरमू स्थित बीजेपी ऑफिस का मकान भी कॉमर्शियल श्रेणी में आता है, इसपर उन्होंने कहा कि कारवाई चल रही है।

## बकाएदारों से वसूली सुनिश्चित किया जाए : उप प्रशासक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में निगम के कर संग्रहणकर्ता तथा मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। जिसमें तय हुआ कि मार्च तक युद्धस्तर पर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी बकाएदारों को नोटिस निर्गत कराते हुए कर की वसूली करना सुनिश्चित करें ताकि इस वर्ष के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। जिन भवनों के अब तक स्व-कर निर्धारण नहीं किया गया है, उन सभी भवनों की मापी कराते हुए कर की वसूली करना सुनिश्चित करें। जिन व्यावसयिक प्रतिष्ठानों की ट्रेड लाईसेंस की वैद्यता समाप्त हो गई है उन्हें चिन्हित करते हुए रिन्यूअल का कार्य करें। मौके पर सहायक प्रशासक श्री चन्द्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, कर संग्रहकर्ता, मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# विकसित भारत कार्यक्रम में पालोना के विषय को जोड़ा जाएगा : संजय सेठ

### जन्म देने के बाद छोड़े गए नवजातों का नहीं रहता है रिकार्ड : मोनिया आर्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची प्रेस क्लब सभागार में शिशु संरक्षण अधिनियम (आईपीए) पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम का आयोजन पालोना संस्थान के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश में लाखों नवजात हैं जो रेलवे स्टेशनों में, कूड़ेदानों में मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम 1947 के विकसित भारत कार्यक्रम के तहत पालोना के विषय को भी जोड़ा जाएगा। विदित हो कि जन्म देने के बाद नवजातों को छोड़ दिया जाता है। एक तरफ देश में आयुष्मान भारत योजना चल रही है वहीं दूसरी ओर दुधमुंहे नन्हें बच्चे सड़क के किनारे, झाड़ियों में, रेलवे प्लेटफार्म, शौचालय में फेंके हुए पाए जाते हैं। कोई नवजात बच जाता है तो किसी की मृत्यु हो जाती है। पालोना ने दो दीप जलाए, एक दीया उन बच्चों के लिए जो बच गए हैं उनके सुखद भविष्य के लिए और दूसरा दिया उन नवजातों के लिए जो मर गए। पालोना संस्थान की मोनिया आर्या ने कहा कि नवजातों के उपर हो रहे अत्याचार का रिकार्ड सरकार स्तर एवं किसी संस्थान के द्वारा नहीं रखा जा रहा है। भ्रूण हत्या, नवजातों का परित्याग ऐसे मामले है जो आपराधिक हैं। अब नवजातों के सामने उनके सर्वाइल और प्रोटेक्शन की समस्या आन खड़ी हुई है। परंतु इस विषय की गंभीरता को गहाराई से नहीं समझा जा रहा है। वहीं कार्यक्रम के बाल संरक्षण आयोग के पूर्व निदेशक डी के सक्सेना ने कहा कि नवजातों का परित्याग और कन्या भ्रूण हत्या ऐसे मामले हैं जिसमें जागरूकता की जरूरत है। पालोना ग्रुप के सभी पदाधिकारी के पात्र हैं जिन्होंने शिशु शुसंरक्षण अधिनियम बनाने की मांग की है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संवेदनशील बनने की आवश्यकता है। इन्होंने आगे बताया कि एक बार कहीं नवजात को झाड़ियों में फेंक दिया गया था जिसे चीटियों ने नवजात को जकड़ रखा था। ऐसे मामले लगातार प्रकाश में आते रहते हैं लेकिन इसका रिकार्ड राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर नहीं रखा जाता है, इसके लिए कानून बनाने की जरूरत है। कैप्टन डा प्रिया श्रीवास्तव ने कहा कि नवजात का परित्याग करने पर कठोर दंड का प्रावधान हो। शिशुओं की सुरक्षा के लिए कोई कानून नहीं बना है। वैसे बच्चों के पुर्नवास और गोद लेने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। सिटीजन फाउंडेशन की ओर से गणेश रेड्डी ने भी शिशु संरक्षण कानून बनाने की मांग की। साइक्लोजिस्ट डॉ भूमिका ने कहा कि क्राइसिस प्रेग्नेसी अपने आप में एक ऐसा विषय है जो इस विषय से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। ऊषा मार्टिन की ओर से डॉ मयंक मुरारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऊषा मार्टिन ग्रामीण क्षेत्र में शिशु के विकास या बच्चों के विकास से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम में अडाणी पावर के प्रतिनिधि संजीव शेखर भी मौजूद थे।



## झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव आज




- *79 उम्मीदवारों के लिए 1904 मतदाता अपने मतों का करेंगे प्रयोग*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन का चुनाव गुरुवार को होगा। सात पदाधिकारी और नौ कार्यकारिणी सदस्य के लिए सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। 79 उम्मीदवारों के लिए 1904 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। हाई कोर्ट परिसर के ब्लाक एक में एसोसिएशन लाइब्रेरी में मतदान के लिए दो बूथ बनाए गए हैं। चुनाव कराने के लिए वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह, एमके राय और विजय राय को निवार्ची पदाधिकारी बनाया गया है। मतदान के दौरान एडवोकेट एसोसिएशन या बार काउंसिल की ओर से जारी प्रमाण पत्र रखना अनिवार्य होगा। मतदान केंद्र के पास प्रचार करने पर प्रतिबंध रहेगा। अधिवक्ताओं को ड्रेस में आकर मत डालने को कहा गया है। इसके अलावा मतदान केंद्र में मोबाइल ले जाने की मनाही होगी। पदाधिकारियों के पद के लिए शाम चार बजे के बाद ही मतगणना शुरू हो जाएगी। बता दें कि अध्यक्ष पद के लिए छह, उपाध्यक्ष के लिए सात, महासचिव के लिए पांच, संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए पांच, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के लिए तीन, कोषाध्यक्ष के लिए पांच, सह कोषाध्यक्ष के लिए सात और कार्यकारिणी के लिए 41 उम्मीदवार मैदान में है।

## न्यूज बॉक्स

### वार्षिक प्रार्थना कार्यक्रम के लिए सीएम हेमंत सोरेन को आमंत्रण



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को उनके आवासीय कार्यालय में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, केंद्रीय कमेटी एवं केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। गुमला जिले के डुमरी प्रखंड के सिरसी गांव में तीन फरवरी को आयोजित सिरसी-ता-नाले दर्शन यात्रा (वार्षिक पूजा-प्रार्थना कार्यक्रम) में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, कोषाध्यक्ष प्रकाश हंस, संरक्षक सचिन कच्छप, मुन्ना उरांव और राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, राष्ट्रीय महासचिव जलेश्वर उरांव, करमा उरांव, बिरसा उरांव, राजेश लिंडा समेत अन्य शामिल थे।

### सेवानिवृत्त प्रभारी सचिव को दी गई विदाई



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने बुधवार को झारखंड विधानसभा सभागार में सेवानिवृत्त प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर के विदाई समारोह में सम्मिलित हुए। अपर सचिव सह प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर अपने पद से 30 नवंबर 24 को सेवानिवृत्त हुए थे। इस अवसर पर सभा सचिवालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वे बिहार विधानसभा में 18 फरवरी 1980 को नियुक्त हुए थे। कैडर विभाजन के उपरांत वे झारखंड विधानसभा में 20 नवंबर 2000 को प्रशाखा पदाधिकारी के रूप में अपना योगदान दिए। प्रोन्नत होकर अपर सचिव के पद तक पहुंचे। विदाई समारोह पर अध्यक्ष ने कहा कि सभागार में आपके सहकर्मियों का उपस्थिति यह प्रमाणित कर रही है कि अपने सेवाकाल में आपने अपने व्यवहार कौशल से सभी को साथ लेकर चला है। प्रभारी सचिव माणिक लाल हेमब्रम ने कहा कि सैयद जावेद हैदर के कुशल कार्यक्षमता और सौहार्दपूर्ण व्यवहार के लिए हमेशा जाने गये और उन्होंने सम्पूर्ण सेवाकाल में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण रूप से की है। हम सभी उनके बेहतर भविष्य की कामना करते हैं।

### भ्रष्ट आईएएस को निलंबन मुक्त नहीं बर्खास्त किया जाना चाहिए : नायक



**रांची।** भ्रष्ट आईएएस को सुधारने के लिए निलंबन मुक्त नहीं सेवा से बर्खास्त करना चाहिए, तब ही झारखंड भ्रष्टाचार मुक्त हो सकेगा। श्री नायक आईएएस पदाधिकारी पूजा सिंघल को निलंबन समीक्षा समिति के अनुशंसा पर सरकार ने निलंबन मुक्त किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में कही। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट आईएएस पूजा सिंघल को निलंबन मुक्त किया जाने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा जो राज्य के लिए शुभ संकेत नही है। नायक ने आगे कहा कि 2000 बैच की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल मनी लॉन्ड्रिंग मामले मे ईडी ने 12 मई 2022 को तत्कालीन खान सचिव को गिरफ्तार किया और पूजा सिंघल को ईडी ने मनरेगा घोटाले की जांच के दौरान उन पर शिकंजा कसा था। ईडी का आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर अवैध धन अर्जित किया। इस मामले में ईडी ने पूजा सिंघल के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान करोड़ों रुपये नकद बरामद हुए थे। श्री नायक ने हेमंत सोरेन सरकार और कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग से मांग किया कि जब तक मनी लॉन्ड्रिंग के केस से एवं अन्य भ्रष्टाचार के आरोप से बरी नही हो जाती है तब तक इन्हे कोई भी राज्य के महत्वपूर्ण विभाग नही सौपें जाए।

### हटिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के दिव्यांग कोच से सात किलो गांजा बरामद

**रांची (हि.स.)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से सात किलो गांजा जब्त किया है। यह गांजा एक्सप्रेस ट्रेन के दिव्यांग कोच से बरामद किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 70 हजार रुपये है। हटिया के उप निरीक्षक दीपक कुमार ने बुधवार को बताया कि आरपीएफ के मण्डल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट हटिया और जीआरपी हटिया ने हटिया स्टेशन पर संयुक्त जांच अभियान चलाया, जिसमें एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15027 के दिव्यांग कोच में एक भारी ट्रॉली बैग बर्थ के नीचे पड़ा मिला। सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ अशोक कुमार सिंह की मौजूदगी में बैग में दो पैकेट में सात किलो गांजा बरामद किया गया।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक

# अधिकारी ससमय अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करें : आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



प्रमण्डलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय समारोह उत्कृष्ट व गारिमामय रूप से आयोजित किया जाए। सभी अधिकारी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह पर मिली सारी जिम्मेदारियों को ससमय पूरा करें। कार्यक्रम से संबंधित समस्त तैयारियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाए। बैठक में बताया गया कि राजकीय समारोह गणतंत्र दिवस के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में कुल 11 विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएंगी। झांकियो में राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं एवं झारखंड की संस्कृति के संबंध में भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। झांकियों का उद्देश्य सरकार के विभिन्न योजनाओं तथा झारखंड की कला संस्कृति से लोगों को जोड़ना है। बैठक में मुख्य अतिथि को आमंत्रित करना, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को समारोह स्थल तक लाने की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पंडाल, बैरिकेडिंग एवं बैठने की व्यवस्था, समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता इत्यादि की व्यवस्था, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा व्यवस्था, अग्निशमन,समारोह स्थल तक जाने वाले मुख्य मार्गों पर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था इत्यादि की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रीय पर्व के दिन यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। नगर निगम के अधिकारियों को राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर शहर के मुख्य चौराहों, सरकारी कार्यालयों इत्यादि स्थानों पर लाइट व साज-सज्जा एवं महापुरुषों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पुलिस अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। पुलिस परेड, झांकी प्रदर्शन, बैंड प्रदर्शन की पूर्व में ही बेहतर अभ्यास करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, पुलिस अधीक्षक यातायात, नगर पुलिस अधीक्षक, प्रशासक, नगर निगम के प्रतिनिधि, आयुक्त के सचिव, उप निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क, जिला परिवहन पदाधिकारी, अपर जिला दंडाधिकारी, एनडीसी, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, गोंदा, कार्यपालक अभियंता, विद्युत एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डीसी ने झांकी की तैयारियों को लिया जायजा



● नोडल पदाधिकारियों को 25 जनवरी तक पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को गणतंत्र दिवस के राज्यस्तरीय समारोह पर विभागीय झांकी प्रदर्शित किए जाने से संबंधित बैठक की। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभा कक्ष में आयोजित बैठक में विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन से संबंधित बनाए गए नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त ने विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शन से संबंधित बनाये गए नोडल पदाधिकारियों से अब तक की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने सभी नोडल पदाधिकारियों को 25 जनवरी तक पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान सुव्यवस्थित तरीके से ससमय सभी नोडल पदाधिकारी झांकी का प्रदर्शन पूरा कराएं। झांकी निर्माण के लिए उपायुक्त द्वारा वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। वाहनों की फिटनेस से संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच का निर्देश भी उपायुक्त द्वारा एमवीआई को दिया गया। गणतंत्र दिवस के राज्य स्तरीय समारोह के बाद लोग विभिन्न विभाग की झांकियों के दर्शन कर पाएंगे, उपायुक्त द्वारा इस दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। आपको बताएं कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के राज्यस्तरीय समारोह के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं/नीतियों पर आधारित तथा झारखंड की उत्कृष्ट कला, संस्कृति, परंपरा एवं धरोहर को प्रदर्शित करने वाली झांकियों का प्रदर्शन 11 विभागों द्वारा किया जाएगा।

### अंशुतोष अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

**रांची।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा द्वारा 'युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष' के महत्वपूर्ण दायित्व के लिए अंशुतोष कुमार को मनोनीत किया गया। इस सम्मानजनक पद पर मनोनीत किए जाने पर अंशुतोष कुमार ने महासभा के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। अंशुतोष कुमार ने कहा,यह मेरे लिए केवल सम्मान का विषय नहीं है, बल्कि समाज सेवा और संगठन की उन्नति के लिए अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने की प्रेरणा भी है। मैं संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। मैं विश्वास दिलाता हूं कि अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि यह पद उन्हें समाज और संगठन के उत्थान के लिए और अधिक प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का अवसर प्रदान करेगा। अंशुतोष कुमार ने सभी स्वजनों और शुभचिंतकों से स्नेह एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा भी व्यक्त की।

## कर्तव्य पथ पर झारखंड की झांकी का प्रतिनिधित्व करेंगे सुनील कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● खूंटी स्थित राजकीय मध्य विद्यालय चैनपुर के शिक्षक हैं सुनील कुमार

कर्तव्य पथ नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर रतन टाटा को समर्पित झारखंड राज्य की झांकी का फुल ड्रेस रिहर्सल आज होगा। राज्य की झांकी के साथ नृत्य करने वाले कला दल का प्रतिनिधित्व राजकीय मध्य विद्यालय चैनपुर, खूंटी के शिक्षक सुनील कुमार करेंगे। झांकी के साथ सरायकेला छऊ शैली में कलाकार नृत्य प्रदर्शन करेंगे। झारखंड की झांकी नई दिल्ली में 2015 के बाद लगातार 3 साल 2023, 2024 एवं 2025 में निकाली जा रही है। 2015 में झारखंड की झांकी को पूरे देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ था। उस समय भी झारखंड राज्य की झांकी के कला दल का नेतृत्व सुनील कुमार के द्वारा ही किया गया था। 2023, 2024 एवं 2025 में भी कार्यक्रम की महता एवं उनके अनुभव को देखते हुए विशेष सचिव सह निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखंड सरकार ने इनकी प्रतिनियुक्ति स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा झांकी संबंधित कार्यों के लिए राष्ट्रीय रंगशाला कैंप नई दिल्ली में कराई है। सुनील कुमार रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय रंगशाला कैंप, नई दिल्ली में रहकर झांकी कलाकारों का रिहर्सल कर्तव्य पथ पर करा रहे है। सुनील कुमार कोरावार, बुढ़मू निवासी शिक्षक के साथ ही ख्याति प्राप्त नागपुरी लोक कलाकार भी हैं जो राजकीय मध्य विद्यालय चैनपुर अड़की खूंटी में पदस्थापित है। इन्हें रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा पर्यटन कला संस्कृति विभाग झारखंड सरकार आदि के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। 12 वर्ष की उम्र में अपने पिता रघुनाथ महतो द्वारा सिखाया गया पहला नागपुरी गीत चल पढ़े रे बाबू.... चल पढ़े रे बाबू चला पढ़े, गावे खुलल पाठशाला रे चला पढ़े.... से गीत गाना शुरू किया। विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली सभी कार्यक्रमों में इस गीत को गाने के करण विद्यालय में इन्हें चला पढ़े के नाम से पुकारते थे। राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इनकी प्रतिनियुक्ति की जाती है।

### आदिवासी व बहुबाजार दुकानदार संघ ने किया सिरम चौक को घंटों जाम

**रांची।** केंद्रीय सरना स्थल की जमीन पर फ्लाईओवर निर्माण के खिलाफ में बुधवार को आदिवासी समुदाय और बहुबाजार दुकानदारों ने विरोध प्रदर्शन किया। समुदाय के लोगों ने सिरम टोली सरना स्थल में बैठक की और दोपहर में सिरम टोली चौक को दो घंटों जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सिरम टोली सरना स्थल की जमीन का दोबारा अधिग्रहण किए जाने का विरोध किया। जाम के कारण चुटिया से सिरम टोली, सिरम टोली से स्टेशन रोड, बहुबाजार से सिरम टोली और सुजाता चौक से सिरम टोली जाने वाले मार्ग में आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों से बातचीत करने के लिए कल्याण मंत्री चमरा लिंडा भी पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर बीच का समाधान निकालने का प्रयास किया। प्रदर्शन में आदिवासी समाज के लोगों के अलावा बहुबाजार दुकानदार संघ के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल रहे।

## महिला बाल विकास विभाग से संचालित गृहों का डीडीसी ने किया निरीक्षण

● गृहों के कर्मियों को नियमानुसार कार्य करने का दिया निर्देश

● बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार ने बुधवार को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गृहों सम्प्रेक्षण गृह डुमरदगा, राजकीय नेत्रहीन एवं मुकबधिर मध्य विद्यालय हरमू एवं सहयोग विलेज, विशेष दत्तक ग्रहण संस्था का निरीक्षण किया। उप विकास आयुक्त ने निरीक्षण के समय उक्त गृहों के कर्मियों को पूर्ण तन्मयता एवं विशेष सतर्कता के साथ नियमानुसार कार्य करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के समय जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर '10 साल का जश्न' कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को मोरहाबादी मैदान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर '10 साल का जश्न' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरी बालिकाओं, उनके अभिभावक, आंगनवाड़ी सेविकाएं आदि को उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का शपथ दिलाई गई, साथ ही हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किशोरी बालिकाओं को बीच सैनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कलयाण पदाधिकारी सुरभि सिंह, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, वन स्टॉप सेन्टर के केन्द्र प्रशासक एवं जिला समाज कल्याण कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।

### आज / कल




## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव पर भजन-कीर्तन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वार्षिकोत्सव पर श्री राधा- कृष्ण मंदिर मे विशेष श्रृंगार, पूजा- अर्चना, भोग, भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन गायक मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया एवं निर्मल जालान ने श्री राम, हनुमान,राधा कृष्ण पर आधारित गाए हुए कई सुमधुर मनमोहक भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया। पूरा दरबार जय श्री राम, जय श्री कृष्णा के नारों से गुंजायमान हो गया। सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से महाआरती किया। तथा भोग एवं प्रसाद का वितरण किया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट मुरली की पूजा-अर्चना पूरे विधि विधान से विधिवत किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडे पूरे श्रद्धा भाव के साथ भक्त जनों को पूजा अर्चना कराकर प्रसाद बांटें। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने कहा की अयोध्या का राम मंदिर भारतीय इतिहास के गौरव का प्रतीक है यह मंदिर केवल राम की जन्मस्थली ही नहीं बल्कि हमारी अस्मिता धैर्य की पहचान है। सैकड़ो वर्षों के संघर्ष के बाद निर्मित राम मंदिर एकता और शांति का संदेश देता है। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने अयोध्या में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूरे होने पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ, सज्जन पाडिया, विशाल जालान, शिवभगवान अग्रवाल,अरविंद अग्रवाल,बिष्णु सोनी,मनीष सोनी,नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ के अलावा कई सदस्य उपस्थित थे।

### हत्या मामले में बिल्डर मुर्शीद अयूब समेत 3 को उम्रकैद

**रांची।** अपर न्यायायुक्त आनंद प्रकाश की अदालत ने बुधवार को वार्ड 17 की पार्षद शबाना खातून के जमीन कारोबारी पति रिंकू खान उर्फ फिरोज (40 वर्ष) की हत्या के जुर्म में दोषी करार मुख्य अभियुक्त बिल्डर मुर्शीद अयूब, मो. हैदर अली एवं फिरदौस उर्फ बबलू को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों पर 10-10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। अदालत ने 17 जनवरी को दोषी करार दिया था। पैसे की लेनदेन को लेकर रिंकू की हत्या 23 मार्च 2022 में गोली मारकर की दी गई थी। हत्या मामले में एसआईटी गठित की गई थी। तत्कालीन सिटी एसपी अंशुमान कुमार के नेतृत्व में एसआईटी ने छानबीन शुरू की थी। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी पल्लवी सिंह ने अदालत के समक्ष ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए थे।

### गुरु व शिष्यों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल की प्रातःकालीन सभा में सड़क सुरक्षा अभियान पर विशेष बल देते हुए शिक्षक- शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य संग सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन के लिए शपथ ली। कुछ बच्चों के द्वारा लोगों में जागरुकता लाने के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित पेंटिंग भी दर्शाए गए तो कुछ बच्चों ने बड़ा ही सुन्दर व प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक दिखाकर लोगों का मन मोहने और उन्हें जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मालूम हो कि भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह 2025 मनाने के लिए निर्देशित किया है। मौके पर प्राचार्य एसके मिश्रा, सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी पब्लिक स्कूल्स, झारखंड जोन-जे ने कहा कि भारत सरकार की ओर से उठाया गया यह कदम अत्यंत उत्तम और अनुकरणीय है। इसके माध्यम से हमारे अन्दर सजगता आएगी और हम कुछ ज्यादा सावधान होंगे। वास्तव में सड़क पर चलते समय हमें आगे-पीछे, दाएँ-बाएँ, चारों तरफ की परिस्थितियों पर एवं स्वयं पर भी ध्यान रखना चाहिए क्योंकि कभी-कभी दुर्घटनाएँ अपनी गलतियों अथवा दूसरों की वजह से भी हो जाती हैं चाहे हम पैदल चल रहे हों या किसी वाहन से।

### पुस्तक मेले में साहित्येतर विषयों की पुस्तकें भी

# 'जीवन दर्पण' व 'स्टिरर' पुस्तक का हुआ लोकार्पण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला स्कूल मैदान में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेला में साहित्य की चर्चित और स्तरीय पुस्तकों के साथ-साथ जीवन और समाज से जुड़े अन्य विषयों की महत्वपूर्ण पुस्तकें उपलब्ध हैं । जिन्हें धर्म, राजनीति, मीडिया, सिनेमा, इतिहास, परम्परा और संस्कृति से जुड़े विषयों की पुस्तकों की तलाश है आप इस मेले में विभिन्न स्टॉल्स पर पा सकते हैं। राजपाल एंड संस के स्टॉल पर मोहन राकेश का रचना संसार, उनकी प्रिय कहानियां, मोहन राकेश के संपूर्ण नाटक, मोहन राकेश की डायरी, जे.कृष्णमूर्ति की सीखने की चाह, महेन्द्र मधुकर का कस्मै देवाय, एपीजे अब्दुल कलाम की चर्चित पुस्तकें, बेनजीर भुट्टो की मेरी आपबीती पुस्तकें उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त प्रकाशन संस्थान के स्टॉल पर सामाजिक, राजनीतिक और इतिहास पर केन्द्रित देशी-विदेशी इतिहासकारों की मौलिक और अनुदित पुस्तकों का अनूठा संसार पसरा है । ऐसी ही किताबें आपको हिन्द युग्म, दिव्यांश प्रकाशन, झारखंड झारोखा और क्रांउन बुक्स के स्टॉल्स पर खरीदने के लिए मिल जाएंगी । पुस्तक प्रेमियों के लिए मेला 26 जनवरी तक ही उपलब्ध है । मेला परिसर में प्रवेश की समयावधि प्रातः 11 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक की है। राष्ट्रीय पुस्तक मेला के छठे दिन के प्रथम सत्र में कनिष्क बंका की पुस्तक स्टिरर का लोकार्पण हुआ।

जिसमें निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ. उर्मिला सिन्हा, ममता मनीष सिन्हा, मंच संचालन डॉ. विनोद सिंह गहरवार तथा धन्यवाद ज्ञापन अशोक बंका ने किया। इस अवसर पर पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. हीरानन्दन प्रसाद, डॉ. श्यामाप्रसाद विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. जिंदर सिंह मुण्डा, डॉ. शान्ति देवी, कवि नरेश बंका, महिला महाविद्यालय रांची की सहायक प्राध्यापिका गंगा और यमुना क्रमशः डॉ. कुमारी उर्वशी और डॉ. प्रज्ञा गुप्ता,अशोक कुमार प्रमाणिक, सोनू कृष्णन, मनीष कुमार सिन्हा आदि उपस्थित रहे। दूसरे सत्र में भोजपुरी काव्य गोष्ठी तथा पुस्तक लोकार्पण हुआ। सविता गुप्ता का भोजपुरी काव्य-संग्रह 'मन के आँगन में' पुस्तक का लोकार्पण हुआ। निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव जी अध्यक्षता करते हुए भोजपुरी साहित्य पर प्रकाश डाला। कृति चर्चा करते हुए डॉ. उर्मिला सिन्हा ने कहा कि मन के आँगन में कवयित्री का मन बसा हुआ है। उनकी आत्मा घर के आँगन में बसती है। निहाल जी ने भोजपुरी भाषा में लोकोक्तियाँ सुनाकर सबको गुदगुदाया। डॉ. श्यामाप्रसाद के कुलपति डॉ. तपन कुमार सांडिल्य ने कहा कि पुस्तक मेला जीवन की ज्ञान धारा से जोड़ती है। डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय ने भोजपुरी, मगही और अंगिका बोली में कविता सुनाकर मन्त्रमुग्ध कर दिया। रश्मि सिन्हा ने मधुर गीत सुनाया। ममता मनीष सिन्हा के भोजपुरी गीत सुनकर लोग झूम उठे। कुशल मंच संचालन डॉ. विनोद सिंह गहरवार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन ममता ने किया। वहीं डॉ. शांति देवी की पुस्तक जीवन दर्पण कविता संग्रह का लोकार्पण किया गया। पुस्तक का लोकार्पण विधायक सुरेश बैठा ने किया । जीवन दर्पण की कविताएं जिन्दगी की हकीकतों से रूबरू कराने वाली कविताएं हैं । इनमें सामाजिक, राजनीतिक आर्थिक विषमताओं पर चोट के साथझसाथ समाज में महिलाओं की निरीहता और सबलता का जीवन्त चित्रण है । यह कविता संग्रह समय प्रकाशन, नई दिल्ली से प्रकाशित है।

### निगम की गठित टीम ने वार्ड 15 में चलाया जांच अभियान

## होटलों के होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस की जांच की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● टीम ने वार्ड संख्या 15, स्टेशन रोड स्थित विभिन्न होटल में होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस की जांच की

रांची नगर निगम विभिन्न आवासीय भवनों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, जल कर इत्यादि की जांच के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को सहायक प्रशासक चन्द्रदीप कुमार के नेतृत्व में निगम की गठित टीम ने वार्ड संख्या 15, स्टेशन रोड स्थित विभिन्न होटल में होल्डिंग व ट्रेड लाइसेंस की जांच की। जिसमें मुख्य रूप से स्टेशन रोड स्थित होटल शांति, होटल उजाला, होटल ऊषा किरण, होटल अशोका, होटल रमन पैलेस व होटल स्टेलर में निगम की टीम द्वारा जांच की गई। जांच क्रम में पाया गया कि होटले शांति, होटल उजाला, होटल ऊषा किरण एवं होटल अशोका में 2016 के बाद से अब तक 15 डिजिट होल्डिंग नहीं लिया गया था एवं स्व-कर निर्धारण के लिए नोटिस निर्गत कराने के उपरांत भी स्व-कर निर्धारण नहीं किया गया था। निगम की टीम के द्वारा कर निर्धारण के लिए सभी होटल की मापी की गई व पेनल्टी के साथ डिमांड निर्गत कराया गया। होटल रमन पैलेस के जांच क्रम में भवन के दो फ्लोर व्यावसायिक उपयोग में पाया गया परंतु होटल द्वारा दो फ्लोर के लिए रेसिडेंशियल होल्डिंग लिया गया था। जिसके उपरांत होटल की मापी की गई एवं डिमांड निर्गत कराया गया। होटल स्टेलर के जांच क्रम में पाया गया कि अगस्त 2024 में इसका संचालन शुरू हुआ है एवं अब तक स्व-कर निर्धारण नहीं किया गया है। जिसके उपरांत निगम की टीम के द्वारा होटल की मापी की गई एवं डिमांड निर्गत कराया गया। इसके अलावा स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा, जो कि नो प्रॉफिट नो लॉस, के अधीन है, उसके भू-तल पर दस दुकानों का संचालन किया जा रहा था। निगम की टीम के द्वारा सभी दुकानों को जल्द से जल्द स्व-कर का निर्धारण करते हुए कर का भुगतान करने का निर्देश दिया। इस जांच अभियान के क्रम में सहायक प्रशासक द्वारा होटल संचालक को जल्द से जल्द कर का भुगतान करने के लिए सख्त निर्देश दिया गया। उनके द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि अपने घृत्तिकर का भुगतान ससमय करें व व्यवसाय के लिए ट्रेड लाइसेंस प्राप्त कर लें। साथ ही किसी भी रेसिडेंशियल भवन जो की व्यावसायिक उपयोग में लाया जा रहा है. वे जल्द से जल्द कमर्शियल होल्डिंग लेना सुनिश्चित करें। अन्यथा निगम द्वारा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत् विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। मौके पर नगर प्रबंधक, कर संग्रहकर्ता, पीएमयू मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### नीरू पर अभद्र टिप्पणी करने वाला आजसू आईटी सेल का सदस्य निकाला

**रांची।** आजसू पार्टी के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत पर सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी में पार्टी के आईटी सेल के सदस्य लॉबिन तिर्की महतो की संलिप्तता सामने आई है। हालांकि सिल्ली निवासी लॉबिन ने बुधवार को नीरू को माफीनामा सौंपा और कभी भी ऐसी गलती नहीं करने की बात कही। बता दें कि 'आर्यन कुमार झारखंडी' नामक फेसबुक अकाउंट से नीरू पर अभद्र पोस्ट की गई थी। इस पर भगत ने लोहरदगा थाना, लोहरदगा एसपी और डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) अनुराग गुप्ता से कार्रवाई की मांग की थी। घटना पर नीरू बोलीं, विरोध के लिए मयार्दा का पालन जरूरी है। राजनीति में अमर्यादित टिप्पणियों से बचना चाहिए।

### डीएसपी कार्यालय भवन के लिए किया गया स्थल निरीक्षण

**खलारी।** पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय खलारी के नए भवन के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। खलारी मौजा स्थित वर्तमान डीएसपी आवास के पूरब व उत्तर के खाली जमीन पर डीएसपी कार्यालय भवन बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहां मौजूद अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने बताया कि डीएसपी कार्यालय चौक से उत्तर-पूरब में डेढ़ एकड़ से अधिक भूमि है जिसपर भवन का निर्माण किया जा सकता है। डीएसपी आरएन चौधरी ने कार्यालय भवन, आवास सहित परिसर में आवश्यक भूमि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि डीएसपी कार्यालय के नया भवन के लिए स्वीकृति मिल गया है। आवश्यक औपचारिकता व टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण शुरू किया जाएगा।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**मांडर।** मंडल प्रखंड के फोरेस्ट मैदान में सोमवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख फिलिप्स सहायक का एवं उप प्रमुख अमानत अंसारी मौजूद थे। मेले में विभिन्न बीमारियों का चेकअप किया गया। साथ ही जरूरत के हिसाब से मरीजों को दवाए दी गई। इस मेले में आमतौर पर होने वाले लगभग सभी बीमारियों का इलाज किया गया। मेले में काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लिए। मौके पर बोलते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर किशोर कल्लू ने बताया कि इस तरीके से मेले लगने से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है। साथ उन्होंने कहा कि मेले में लगभग 480 मरीज का इलाज किया गया एवं उन्हें दवाइयां दी गई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक , मो नसीम, मोहम्मद अहसान समेत अनिल लोग मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में झारखंड की झांकी का हुआ चयन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गणतंत्र दिवस 2025 पर दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है। झारखंड ने भी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली है। झारखंड ने भी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली है। इस वर्ष झारखंड की झांकी में स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के साथ ही झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां का पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। इससे पहले वर्ष 2024 में दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई थी।

### सेवानिवृति के बाद भी ड्यूटी पर तैनात रहा होमगार्ड जवान

## नियमित रूप से मानदेय भी लेता रहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिला होमगार्ड जवान में एक बार फिर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। एक होमगार्ड जवान जिसका नाम रघु राम (गृह रक्षक संख्या 13495) है। यह 12 मई 2017 से जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के द्वारा गृह विभाग झारखंड सरकार में प्रतिनियुक्ति किया गया था। इस गृह रक्षक की निर्धारित 60 वर्ष की उम्र सीमा वर्ष 2022 में ही समाप्त हो चुकी थी। इसके बावजूद यह होमगार्ड का जवान गृह विभाग में ड्यूटी करता रहा तथा मानदेय प्राप्त करता रहा। इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब गृह विभाग के अवर सचिव लखन राम नायक ने 17 जनवरी 2025 को जिला समादेष्टा झारखंड गृह रक्षा वाहिनी रांची को 13 होमगार्ड जवानों कि सूची प्रेषित करते हुए यह आदेश दिया कि गृह विभाग झारखंड सरकार में प्रतिनियुक्त जवानों कि प्रतिनियुक्ति यथावत रखा जाए। इस सूची में उस गृह रक्षक (13495 रघु राम) का भी नाम अंकित है जिसकी निर्धारित उम्र सीमा वर्ष 2022 में ही समाप्त हो चुकी थी। गृह विभाग के प्रधान सचिव वंदना डाडेल को इस गड़बड़ी की जानकारी दिए बिना ही गृह रक्षक 13495 रघु राम कि प्रतिनियुक्ति को यथावत बनाए रखने का अनुमोदन तक ले लिया गया। अवर सचिव लखन राम नायक ने एक विशेष बातचीत में कहा कि होमगार्ड जवानों से संबंधित लेखा-जोखा संबंधित जिला कार्यालय में होता है, जिसके कारण होमगार्ड जवान की उम्र सीमा समाप्त होने की जानकारी विभाग को नहीं थी। इसलिए उक्त होमगार्ड जवान को कर्तव्य से नहीं हटाया जा सका और इन्हें कर्तव्य भत्ता का भुगतान होता रहा। लखन राम नायक ने कहा कि जैसे ही विभाग को यह जानकारी प्राप्त हुई तत्काल संबंधित होमगार्ड जवान को कर्तव्य से हटा दिया गया है।

## न्यूज | बॉक्स

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में 381 मरीजों की हुई जांच



**अड़की।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के लिए डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और दवाएं दीं। इस मेले में कुल 381 मरीजों की जांच की गई और उन्हें दवाएं दी गईं इस मेले में प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो, अंचलाधिकारी तृप्ति बिजया कुजूर, विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. निरुपमा निलम लकड़ा, राजेश कुमार और बड़ी संख्या में मरीज अपने स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए पहुंचे थे यह मेला स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, जिससे उन्हें अपने स्वास्थ्य की जांच कराने और आवश्यक दवाएं प्राप्त करने का अवसर मिला। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए काम किया।

### ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित करना सराहनीय कार्य : डॉ राजाराम महतो



**सोनाहातू।** बीएम पब्लिक स्कूल कोड़ाडीह,सोनाहातू का बुधवार को बार्षिकोसत्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि कुरमाली भाषा परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा राजाराम महतो उपस्थित थे। महतो ने कहा कि ऐसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम से स्कूल संचालित होने से संचालक की काफी प्रशंसा व सराहनीय कार्य बताया। इसके लिए संचालक बधाई के पात्र हैं। डा महतो ने कहा कि गरीब लोग एक शाम का खाना खाएं लेकिन बच्चे को जरुर पढ़ायें, पठन - पाठन में खर्च अवश्य होगी। बच्चे ही देश के कर्णधार हैं। इसलिए बच्चे का भविष्य को कदापि बर्बाद न करें। शिक्षकों के बताए मार्ग पर हमेशा चलें। मौके पर इंजीनियर सत्यनारायण महतो, शिक्षक दिनेश चंद्र महतो, पूर्व शिक्षक व कवि देवेंद्र नाथ महतो, पूर्व शिक्षक हिकिम सिंह मुंडा, प्रसिद्ध महतो, स्कूल के निदेशक पंचानन महतो, ठाकुर महतो, ठाकुर प्रसाद अहीर, अर्जुन प्रसाद सिंह, शिक्षक सुचांद महतो, कृष्ण सिंह मुंडा समेत स्कूल के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मंच संचालन प्राचार्य देवकिशन महतो ने किया।

## खलारी प्रखंड के स्वास्थ्य मेले में 221 ग्रामीणों ने लिया परामर्श



**खलारी।** खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि खलारी प्रखंड की प्रमुख सोनी तिग्गा और चिकित्सा विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया। इस स्वास्थ्य मेले का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करना था। स्वास्थ्य मेले में 221 ग्रामीणों को निःशुल्क चिकित्सा जांच, दवाइयां व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। मेले में बुढ़मू सीएचसी से आए चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न बीमारियों की जांच की, जिसमें शुगर, रक्तचाप, आंख व दांतों की जांच प्रमुख थी। साथ ही, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और आयुष विभाग द्वारा भी अपने उपचार संबंधी सेवाएं दी गई। स्वास्थ्य मेले में योग शिविर, नशामुक्ति परामर्श, गर्भवती महिलाओं के लिए परामर्श, शिशु चिकित्सा, टीबी रोग, कैंसर, एचआईवी परामर्श के अलावा आयुष्मान कार्ड बनाने का शिविर लगाया गया गया था। स्वास्थ्य मेला में ग्रामीणों के लिए मुफ्त दवाइयां और स्वास्थ्य परामर्श की व्यवस्था भी की गई थी।

### स्टॉकडैडी स्टॉक मार्केट लर्निंग सेंटर का हुआ उद्घाटन



**रांची।** स्टॉकडैडी भारत का अग्रणी स्टॉक मार्केट लर्निंग प्लेटफॉर्म है। झारखंड में इसकी पहली स्टॉकमार्केट लर्निंग सेंटर का उद्घाटन हुआ। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, केके गुप्ता भाजपा प्रदेश कार्यकारी सदस्य एवं एफजेसीसीआई के महासचिव आदित्य मल्होत्राऔर सीए विकास आर सहाय थे। संजय सेठ ने कहा कि शेयर मार्केट में निवेश जोखिमों से भरा होता है। इसकी समझ बढ़ाने में स्टॉकडैडी स्टॉक मार्केट लर्निंग सेंटर उपयोगी सिद्ध हो सकता है। वहीं आदित्य मलहोत्रा ने कहा कि एफजेसीसीआई इस संस्थान को आगे बढ़ाने में सहयोग करेगा।

### आश्रम क्रिकेट लीग का पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आरंभ



**मांडर।** आश्रम क्रिकेट लीग द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता के सीजन 5 की शुरूआत बुधवार को सोशई आश्रम मैदान में आगाज किया गया। टूनामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडर मध्य जिला परिषद प्रतिनिधि सह समाजसेवी रबुल अंसारी एवं मांडर थाना प्रभारी राहुल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन में सिलगाई पंचायत एवं टांगर पंचायत के बीच खेला गया। यह टूनामेंट 5 दिनों तक चलेगा 26 जनवरी को टूनामेंट का फाइनल मैच होगा। मौके पर अध्यक्ष नवीन सिंह, उपाध्यक्ष धनंजय साहू, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साहू सचिव तरूण सिंह संरक्षक भुवनेश्वर सिंह मुख्य सदस्य राहुल साही सदस्य परमजीत ,कुशल, पंकज,विवेक, अंशु ,राज, अमन, राहुल, अभिषेक , समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मुरी ओपी शिव मंदिर का प्रथम वार्षिक उत्सव मनाया गया



**मुरी/सिल्ली।** मुरी ओपी थाना प्रांगण में स्थित शिव मंदिर का प्रथम वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के वार्षिकोत्सव पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली गई। महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर स्वर्णरेखा नदी के पावन तट पर कलश में जल भरकर शिव मंदिर परिसर पहुंची जहां पुरोहित द्वारा पूरे विधि विधान और मंत्र उच्चारण के साथ बेदी पूजन, शनि पाठ, आरती और हवन के साथ पूजन को संपन्न कराया गया जिसमें थाना के सभी कर्मचारी और आसपास के बड़े संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर की भव्य सजावट की गई थी जो काफी आकर्षक दिख रहा था। थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने कहा कि मंदिर की स्थापना पिछले वर्ष पूरे विधि विधान से की गई थी और एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह उत्सव मनाया जा रहा है।

### बोरे में बंद सिर एवं पैर कटी महिला का शव बरामद

**लापुंग।** लापूंग थाना क्षेत्र के लतरातु डैम में लापुंग पुलिस ने एक बोरे में बंद सिर एवं पैर कटी महिला का शव बरामद किया है। ग्रामीणों से मिली सूचना के बाद लापुंग के सब इंस्पेक्टर राजेन्द्र महतो सशस्त्र बलों के साथ डैम पहुंचे और शव को बरामद किया। थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि महिला का शव पत्थर से बंधे बंद बोरे में मिला है और उसका सिर एवं पैर भी नहीं है। महिला का धड़ एक कंबल में लपेटकर बोरे में बंद कर पत्थर से बांधकर डैम में फेंका गया था। घटना छह सात दिन पहले की हो सकती है। डैम के उत्तरी छोर पर शव बोरे सहित बाहर आ गया था। शव को देखने के बाद ग्रामीणों ने लापुंग थाना पुलिस को इसकी सूचना दे दी।

## उग्रवादी सरेंडर पॉलिसी के तहत सर्मपण करें : ग्रामीण एसपी



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो नरकोपी संयुक्त रूप से एवं लापुंग थाना परिसर में रांची पुलिस के तत्वाधान में अलग-अलग एक दिवसीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेडो.थाना में ऑन स्पॉट दो एफआईआर दर्ज किया गया। जबकि ग्रामीणों के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान कुल 16 आवेदन दिया गया। आठ मामले जमीन के पाए गए। नरकोपी थाना का एक आवेदन मिला। वहीं लापुंग थाना में आयोजित जन शिकायत समाधान के दौरान 11 मामले सामने आए जहां चार मामलों का ऑन स्पॉट समाधान किया गया। कल 11 में से पांच मामले जमीन के बताए जा रहे हैं। जबकि पांच मामले मिश्रित प्रकार के थे। बतौर मुख्य अतिथि रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने लोगों की समस्याएं सुनी और कई समस्याओं के संदर्भ में समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने लापुंग थाना में संबोधित करते हुए कहा कि पीएलएफआई के उग्रवादी पुलिस के सरेंडर पॉलिसी के तहत सरेंडर करें। सरेंडर करने पर आश्रित परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी और सरेंडर पॉलिसी के तहत परिवार के सहायता से राशि भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उग्रवाद को अब हम जड़ से समाप्त करने की दिशा में अग्रसर है। यदि उग्रवादी आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने बेड़ो थाना में जमीन संबंधी आवेदन पर कहा कि ऐसे मामले अंचलाधिकारी के अंतर्गत है। समाधान की दिशा में जहां भी पुलिस की जरूरत होगी वहां पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छोटे-मोटे मामले थाने तक नहीं आने चाहिए और इसे गांव में ही आपस में बैठक कर समाधान करने का प्रयास करना चाहिए।

### मांडर महाविद्यालय में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

**मांडर।** प्रखण्ड स्थित बुधवार को मांडर महाविद्यालय, मांडर में हिंदी विभाग के द्वारा विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। इस की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ बुदु उरांव ने विश्व हिंदी दिवस मनाने की परंपरा और हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को मनाया गया और तभी से हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए विश्व हिंदी दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई।

### भालू के हमले में वृद्ध महिला घायल

लापुंग : लापुंग थाना क्षेत्र के चंपाडीह निवासी वृद्ध महिला सुलामी हेरेंज को भालू ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। घटना देर शाम लगभग पांच बजे की है। महिला चंपाडीह रामरेखा टोंगरी के नीचे स्थित अपने बाड़ी में झाड़ी की कटाई कर रहीं थीं। इसी दौरान झाड़ियों में छिपा एक खूंखार जंगली भालू ने अचानक उसपर हमला कर घायल कर दिया। महिला ने अपनी जान बचाने के अपने साथ लाई दौली से प्रहार कर भालू के उपर हमला करने का प्रयास किया तब जाकर भालू जंगल की ओर भाग गया। घायल महिला को स्वजनों ने पहले दवा दिया फिर इलाज के लिए सीएचसी लापुंग ले गए जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। समाचार लिखे जाने तक महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। ।

### झारखंड आंदोलनकारी चिन्हित हुए नरेश गंझू

**खलारी।** खलारी के नरेश गंझू को झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित किया गया है। झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग ने उन्हें झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित किया है। झारखंड आंदोलनकारी के रूप में चिन्हित किए जाने पर रैयत विस्थापित मोर्चा सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। बधाई देने वाले लोगों में मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता, रंथू उरांव, शिवनारायण लोहरा, प्रभाकर गंझू, दामोदर गंझू, जयराम गंझू, बिनोद मुंडा आदि शामिल है।

### प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**सिल्ली।** प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में किया गया जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक अमित कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक अमित महतो ने स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि अस्पताल में जो भी सुविधा है उसे बहाल किया जाएगा इस क्षेत्र में पहला अस्पताल है जो ग्रामीणों को प्रतिदिन सेवा देता है हमलोगों अपेक्षा रखते हैं कि अस्पताल में सुविधा दुरुस्त हो, जो भी कमी है उसको लेकर ग्रामीण हमें लिखित आवेदन देकर सूचित करें ताकि उस कमी को दूर करने का प्रयास किया जा सके। वहीं मेले में दंत चिकित्सक, पेयजल, कुष्ठ रोग, नशा मुक्ति, एनिमिया, मलेरिया फलेरिया, हाथी पांव, परिवार नियोजन आदि का स्टॉल लगा हुआ था। वही दुर दराज से आए हुए ग्रामीणों ने स्टॉल के माध्यम से अपने-अपने इलाज करवाया एवं दवा भी साथ लेकर अपने घर गए।

## सीएमपीडीआई अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट में खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

*महिला में प्रीति देवी प्रथम क्षेत्रीय संस्थान-3 रांची की रीतु कुमार मांगर द्वितीय जबकि तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-5 बिलासपुर की अंजली रही*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के तत्वावधान में संस्थान के खेल मैदान में 21 से 23 जनवरी तक आयोजित तीन-दिवसीय अंतर क्षेत्रीय संस्थान एथलीट मीट 2024-25 के दूसरे दिन पुरूष वर्ग के लिए आयोजित 400 मीटर ओपेन रेस में मेजबान क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के कमलेश सोरेन-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर के प्रशांत कुमार दास-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली के केशव राय रहे। वहीं महिला वर्ग के लिए आयोजित 200 मीटर ओपेन रेस में क्षेत्रीय संस्थान-6-सिंगरौली की प्रीति देवी-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की रीतु कुमार मांगर-द्वितीय जबकि तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर की अंजली रहीं। पुरूष वर्ग के लिए आयोजित ओपेन शॉटपुट थ्रो में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के कौशिक मंडल-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के एस चंद्र शेखर-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर के ही पी सभापति रहे जबकि महिला वर्ग में मुख्यालय-रांची की मार्था एस होरो-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की शांति देवी-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर मुख्यालय-रांची की एस0 गंगावती रहीं। पुरूष वर्ग के लिए आयोजित लांग जम्प में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के सैकत मुखर्जी-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के मुकेश कुमार-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर (मुख्यालय)-रांची के अमन सिंह रहे जबकि महिला वर्ग में क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल की अमृता सिंह-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की रीतु कुमार मांगर-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की ही सुधा केन रहीं। पुरूष वर्ग के लिए आयोजित आयोजित ओपेन जैवलिन थ्रो में क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के राहुल कुमार मुण्डा-प्रथम, क्षेत्रीय संस्थान-1-आसनसोल के कौशिक मंडल-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर मुख्यालय के आकाश कुमार रहे जबकि महिला वर्ग में क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की शांति देवी-प्रथम, मुख्यालय-रांची की बी0 गंगावती-द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची की माधवी वर्मा रहीं।

## तनाव में मंजिल पाना असंभव, सकारात्मकता ही सफलता की पहचान : चौहान



**नवीन मेल संवाददाता। झरिया, धनबाद**
बुधवार को झरिया एकेडमिक प्लस टू विद्यालय व के सी बालिका उवि में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास में झरिया एकेडमिक में अध्यक्षता प्रभारी प्रचार्य सरफराज इकबाल व संचालन बृज भूषण दुबे ने किया। के सी बालिका में अध्यक्षता प्रचार्या ललिता कुमारी ने किया। खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें। सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं।

### खलारी में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में सुनी गई समस्याएं

**खलारी।** खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को पुलिस और प्रशासन द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य खलारी, मैकलुस्कीगंज व बुढ़मू थाना क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें प्रशासनिक मदद प्रदान करना था। शिकायत समाधान कार्यक्रम में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। इस केंद्र में लोगों को अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों के सामने रखने का अवसर मिला। यहां भूमि विवाद, सड़क समस्याएं, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दे व अन्य प्रशासनिक समस्याओं को उठाया गया। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित समाधान की दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया। पुलिस विभाग ने खासतौर पर कानून व्यवस्था, सुरक्षा, महिला अपराधों और बच्चों से संबंधित मुद्दों पर जन जागरूकता के लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया था।

## स्वास्थ्य मेले में 272 लोगों की हुई जांच



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना परिसर में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेड़ो के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ प्रखंड के उप प्रमुख मोददसिर हक ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत स्वास्थ्य सहियाओं ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उप प्रमुख मोदि्सर हक ने कहा कि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के अथक प्रयास से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि अधिकतम लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिले। स्वास्थ्य मेले में कुल 272 लोगों ने स्वास्थ्य मेला का लाभ लिया। वहीं इस दौरान मेले में कुल 22 स्टॉल लगाए गए थे। अलग-अलग स्टॉलों में लोग पहुंचे जिनमें एनसीडी के 163, जेनरल ओपीडी के के 178, टीबी के 01, आंख से सबंधित 45, लेप्रोसी के 05, फाइलेरिया के 01, युवा मातृ के 10, मानसिक रोग के 02, फैमली प्लानिंग के 34, सिकल सेल के 134, डेंटल के 12 लोगों की जांच कर दवाई वितरण किया गया।

### गणतंत्र दिवस के मौके पर उपायुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक

# 16 विभागों की गणतंत्र दिवस पर निकलेंगी झांकियां

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनजर बुधवार को जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 16 विभागों जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला कल्याण विभाग, वन प्रमंडल रामगढ़, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, जिला खनन विभाग, टिस्को वेस्ट बोकारो, जेएसएलपीएस रामगढ़, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला पंचायती राज कार्यालय, जिला कृषि कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय एवं पर्यटन विभाग द्वारा झांकी निकाली जाएगी।विगत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी जिला प्रशासन द्वारा रामगढ़ जिला अंतर्गत वैसे लोग/संस्थाएं जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र से हटकर विकास के लिए अथवा कोई सराहनीय कार्य किया हो उन्हें "रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार" से सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के आयोजन हेतु अंतिम अभ्यास 24 जनवरी को संपन्न होगा। उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को कार्यक्रम के दौरान मैदान में एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए किसी भी स्वास्थ्य इमरजेंसी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैदान के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, जमीन समतलीकरण व अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में उपायुक्त ने नजारत उप समाहर्ता सहित अन्य अधिकारियों को आपस में समन्वय करते हुए कार्य संपन्न कराने का निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 25 जनवरी रात्रि 10:00 बजे से 26 जनवरी रात्रि 12:00 बजे तक जिले के सभी मधशालाओ एवं बधशालाओं को बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने सहायक आयुक्त उत्पाद को दिया।

## यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने एवं ओवरलोडिंग परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स द्वारा भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं, बुधवार को जांच के दौरान कुल 20 से 25 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 14 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई जिसमे लगभग कुल 297507 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 14 बड़ी वाहनों का पेपर फ़ेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 297507 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई मौके पर उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन जरूर करें। जांच के दौरान उन्होंने बताया की अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## न्यूज बॉक्स

### प्रभारी बीडीओ सह सीओ ने प्रखंड व अंचल कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक



**बरकट्ठा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रभारी बीडीओ सह सीओ श्रवण कुमार झा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री झा ने सभी कर्मियों को जल्द से जल्द अपने कार्यों को करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में सबसे पीछे चल रहे बरकट्ठा प्रखंड को आगे लाने के लिए आप सभी अपने कार्यों को जल्द निपटाएं तथा कार्य के प्रति ईमानदार रहें। प्रखंड में चल रहे हैं सभी योजनाओं के बारे सभी कर्मियों से एक एक करके जायजा लिया तथा शेष कार्य को एक सप्ताह में पूरा करने को कहा। कहा बरकट्ठा ब्लॉक को जिले में 1से 5 रैंक में लाना हम सबों का दायित्व है। गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर भी उन्होंने चर्चा की ।

### विधायक ने सीएचसी में स्वास्थ्य मेला का किया उद्घाटन, सैकड़ों लोगों ने कराया जांच



**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन बुधवार को किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, सीओ श्रवण कुमार झा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी कुंज, सीडीपीओ नीलू रानी, जिप सदस्य कुमकुम देवी, पंसस मंजू देवी, प्रीति गुप्ता, युसूफ अंसारी मुख्य रूप से मौजूद थे। स्वास्थ्य मेला में सैकड़ों लोंगो ने जॉज व इलाज कराया।वहीं लोगों को संबोधित करते हुए विधायक अमित यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सभी लोंगो तक पहुंचे। इसके लिए मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सहिया, स्वास्थ्य कर्मी लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लायें ताकि लोगों का सही इलाज हो सके। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी निशांत बेक, आयुष चिकित्सक फातमा खातून, मो जसीम, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, लेखपाल भवेश कुमार सीएचसी प्रबंधक पंकज कुमार, सत्यनारायण प्रसाद, विशाल सिंह, मिथलेश भारती, एएनएम किरण कुमारी, सुलेखा कुमारी, मंजू कुमारी, सबिता कुमारी समेत आदि लोग मौजूद थे।

### रांची रोड पंचमेश्वर शिव मंदिर में ध्वजारोहण

**रामगढ़।** शहर प्रतिनिधि। रांची रोड पंचमेश्वर शिव मंदिर रेलवे स्टेशन के प्रांगण में रुद्र महायज्ञ के आयोजन के लिए मंगलवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ। इससे पहले पंडित राजेंद्र पांडेय ने यजमान अविनाश उपाध्याय को विधिवत पूजा-अर्चना कराया। पंडित ने बताया कि पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का भव्य शुभारंभ 8 मार्च को होगा। साथ ही समापन 12 मार्च को होना है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मुख्य संरक्षक शंकर मिश्रा, संरक्षक अनिल गुप्ता, जुगनू प्रसाद, बबलू सिंह आदि जोर-शोर से जुटे हैं।

## निष्पक्ष रूप से कार्य करें अधिकारी ताकि विश्वास बना रहे : रमेश



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो के पास जोगियागढा , वार्ड नंबर- 2 ,भरेचनगर के ग्रामीण समस्या लेकर पहुंचे । ग्रामीणों ने उनसे कहा की रामगढ़ उपायुक्त व कुजू ओपी को आवेदन दिए थे। जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है । बताया की आवेदन में मंजू देवी, पति मनीष करमाली जोगियागडा, भरेचनगर निवासी रामगढ़ उपायुक्त महोदय को आवेदन मे दिया है कि मौजा बोगाबार, प्लॉट नंबर 2311,खाता नंबर 241, रकवा 2 एकड़ 20 डिसमिल भूमि का किस्म - गैर मजरूवा खानदानी है। आवेदन मे बताया है की उक्त भूमि के हुकुमनामा पर मेरे परदादा ससुर के नाम बीगु करमाली और बिंदा करमाली दर्ज है । परिवार उस जमीन पर खानदानी खेती करते आए हैं । लेकिन वर्तमान में उस जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा डरा धमकाकर जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया है । इसपर जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने संबंधित विभाग से फोन पर बटकर मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है ताकि लोगों का कानून व्यवस्था व लोकतंत्र पर विश्वास बना रहे।

### किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने कंबल का किया वितरण

**बरही ।** बेंदगी पंचायत के ग्राम बेंदगी में बुधवार को 15 असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल वितरित किए गए. वितरण भाजपा बरही पश्चिमी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिनेश साव ने किया. उन्होंने बताया के कंबल स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव के सौजन्य से उपलब्ध करवाए गए है. श्री साव ने बताया कि गरीबों की सेवा और सहयोग ही सबसे बड़ा धर्म है. इसी चरितार्थ को स्थानीय विधायक पूरा करने के लिए तत्पर दिखते हैं. उन्होंने उपस्थित लोगो से ठंढ से सुरक्षित रहने की अपील किया. कंबल पाने वाले में जसवा देवी, सरस्वती देवी, सोहवा देवी, गीता देवी, विलवा मसोमात, लाखो भुइयां, प्रसादी रविदास, मुंशी रविदास, बुधन रविदास, हरी पांडेय, बद्री पासवान, लखन राम, सुमो मसोमात, डीलिया मसोमात आदि शामिल थे.

## रक्तदान सिर्फ जीवन बचाने का माध्यम नहीं बल्कि एकता का प्रतीक है : चंद्र प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



यूथ विंग के कार्यकारिणी सदस्य विकास तिवारी ने बुधवार को रांची सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) उत्कर्ष कुमार से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की। उन्होंने उत्कर्ष कुमार को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर संस्था की ओर से किए जा रहे कार्यों और उनके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। विकास तिवारी ने इस अवसर पर बताया कि हजारीबाग यूथ विंग समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता जैसे विषयों पर संस्था की अब तक की उपलब्धियों और प्रयासों का जिक्र किया। विशेष रूप से, उन्होंने रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और समाज के हर व्यक्ति को इसमें योगदान देना चाहिए। विकास तिवारी ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को यह जानकारी दी कि हजारीबाग यूथ विंग आगामी 3 मार्च को एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक रक्त एकत्रित कर जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता प्रदान करना है। उन्होंने उत्कर्ष कुमार को इस शिविर में अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इसे प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। हजारीबाग यूथ विंग ने सभी सामाजिक संगठनों, युवाओं और नागरिकों से अपील की है कि वे 3 मार्च 2025 को आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में भाग लें और समाज सेवा में अपना योगदान दें। रक्तदान महादान है और यह एक ऐसा कार्य है, जिससे सैकड़ों जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है।

## आत्मसुरक्षा के लिए कराटे लड़कियों के लिए अति अनिवार्य : सुधा वर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

कर्जन ग्राउंड स्थित हजारीबाग स्टेडियम में बुधवार को 40 लड़कियां कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में शामिल हुए. ग्रेडिंग परीक्षा सेशिनकाई कराटे के शिहान उदय कुमार की निगरानी में आयोजित किया गया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि लायंस क्लब की अध्यक्षा सह समाजसेवी सुधा वर्मा शामिल हुई. ग्रेडिंग परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने फाइट, काता और बेसिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल किया. जिसमें 20 कराटे कारों को येलो बेल्ट, 10 को ऑरेंज बेल्ट, 3 को ग्रीन बेल्ट, 5 को ब्लू बेल्ट तथा दो को ब्राउन बेल्ट दिया गया. सभी सफल कराटे कारों को मुख्यातिथि ने सर्टिफिकेट तथा बेल्ट वितरण किया. मुख्यातिथि श्रीमती वर्मा ने शिहान की तारीफ करते हुए कहा कि वर्तमान दौर में हर एक व्यक्ति को कराटे की जानकारी होने चाहिए. लड़कियों के लिए तो यह अति अनिवार्य है जो आत्मरक्षा के गुण जानना अति अनिवार्य है. शिहान ने कहा कि कराटे एक ऐसी कला है जिसके प्रशिक्षण से शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूती मिलते हैं.

## स्कूल में डॉक्टरों के परिवारों व अभिभावकों को किया गया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के गंगपांचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सैनिक, पुलिस और डॉक्टर परिवारों के बच्चों के माता-पिता और सक्रिय माता-पिता जो अपने बच्चों के प्रति जागरूक रहते हैं को सम्मानित किया गया। समारोह में स्कूल के निदेशक डॉ. आईपी भारती और प्रिंसिपल स्वाति रंजन ने उपस्थित सभी लोगों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक ने कहा,हमें गर्व है कि हमारे स्कूल में सैनिक, पुलिस और डॉक्टर परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं और माता-पिता की सक्रियता उनके बच्चों में झलकती है' हम उनके माता-पिता को सम्मानित करने के लिए यह समारोह आयोजित किये हैं। प्रिंसिपल स्वाति रंजन ने कहा,हमारा स्कूल हमेशा से ही समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को सम्मानित करने के लिए प्रयासरत रहा है। इस अवसर पर स्कूल के छात्र भी अपने अभिभावकों को सम्मानित करने के लिए उत्साहित

### गोला में जंगली हाथियों का उत्पात जारी, घर तोड़ा, फसलें रौंदी

**गोला।** गोला वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। हाथियों के झुंड ने सोमवार की रात रकुवा गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए कुलदीप रजवार के घर को ध्वस्त कर दिया। वहीं धनलाल महतो, प्रदीप महतो, नमीता देवी, कांति देवी, जालु महतो, भवारी प्रसाद गुप्ता, सरीता देवी, के खेतों में लगी आलु, मटर, सरसो व गेहू फसल को खाने के साथ रौंदकर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि दो सप्ताह से हाथियों का झुंड पास के जंगल में विचरण कर रहा है। बीती रात हाथियों का झुंड अचानक गांव में आ धमके और मकान में हमला कर उसे तोड़ दिया। इस दौरान परिवार के सभी लोग जान बचाकर भाग खड़े हुए। इसके बाद आसपास के लोगों ने पटाखे व ढोल नगाड़े की मदद से हाथियों के झुंड को जंगल की ओर खदेड़ दिया।

## विधायक ने बरसोती नदी पर पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के मासीपीड़ी और बंडासिंघा गांव के बीच स्थित बरसोती नदी पर बुधवार को पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव ने विधिवत नारियल फोड़ कर किया। पुल निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग द्वारा करीब 3करोड़ 35 लाख की लागत से की जाएगी। यह निर्माण कार्य जागृति ज्योति कंट्रक्शन करेगी। शिलान्यास के दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि पुल निर्माण हो जाने से दर्जनों गांव के लोगों को आने जाने में काफी सहूलियत होगी। ग्रामीणों का विगत कई वर्षों से मांग था जो अब जल्द ही पुरा होगा। शिलान्यास के मौके पर मंडल अध्यक्ष परमेश्वर नायक, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रघुवीर महतो,राजकुमार यादव,अर्जुन ठाकुर, टूकलाल नायक, सुरेंद्र साव, किशोर मोदी, अर्जुन ठाकुर, दिनेश्वर मंडल, शंकर यादव, शंकर साव, रवि गोस्वामी, रंजीत तिवारी, सुरेंद्र तिवारी समेत सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

### हजारीबाग में स्वास्थ्य मेले का किया गया शुभारंभ

# स्वास्थ्य मेला क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**




सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदर प्रखंड के ओरिया स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के इस प्रयास की सराहना की। स्वास्थ्य मेले में स्थानीय नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई थी। इनमें निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, दवाइयों का वितरण, टीकाकरण और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी प्रमुख थीं। इसके अलावा, आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड के पंजीकरण और वितरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। मेला स्थल पर लगे विभिन्न स्टॉल्स पर विशेषज्ञ डॉक्टरों ने शारीरिक जांच की और रोगियों को उचित परामर्श दिया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए। इसके साथ ही, स्वच्छता, पोषण और स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह स्वास्थ्य मेला क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाना है। हमारा प्रयास है कि हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए जनता को प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस तरह के आयोजन लोगों को न केवल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ते हैं, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी लाते हैं। स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और कई अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सीजेएम ने गुरुद्वारा में मत्था टेका

**रामगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक के बिहार झारखंड के सर्किल हेड के वी बंगाराजू गुरुद्वारा साहिब रामगढ़ पहुंचे जहां उन्होंने माथा टेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के सिख संगत की ओर से श्री बंगाराजू को कृपाण भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के डीएम विजय कुमार, रीजनल मैनेजर प्रसून कुमार, भारतीय स्टेट बैंक रामगढ़ शाखा की के चीफ मैनेजर पुना श्री भी रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब पहुंची जहां उन्होंने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, रामगढ़ गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की ओर से सभी सम्मानित अधिकारियों का सरोपा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी मनमोहन सिंह लांबा,हैप्पी छाबड़ा, जगजीत सिंह सोनी, कुलवंत सिंह मरवाह,तेजिंदर सिंह सोनी, प्रीतम सिंह कालरा, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, ब्रह्म भसीन, मनपाल सिंह सोनी, पी पी छाबड़ा, स्त्री सत्संग की प्रधान बलविंदर कौर, मनवीर कौर सोनी, जसमीत सोनी, अमनप्रीत कौर, सोनम कालरा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा मौजूद थे ।

## श्रीनिवास ब्लड सेंटर के सहयोग से लगाया गया मेगा रक्तदान शिविर

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन बुधवार को स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं श्रीनिवास ब्लड सेंटर के सहयोग से मेगा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर थैलेसीमिया पीड़ित एवं रक्त के जरूरतमंदों के मरीजों के रक्त की उपलब्धता एवं सहयोगार्थ हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी धर्मबंधु कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. सारिका कुमारी ने स्वैच्छिक रक्तदान कर रक्तदान शिविर शुभारंभ किया। साथ ही रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर हौसला वर्धन कर उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शिविर में कुल 55 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। इस दौरान डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के. श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकूर भार्गव, डॉ निशाद गवली एंव डॉ सौम्या राज ने कॉलेज परिवार की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सहृदय सम्मानित किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को सुरक्षित रक्तदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और स्वैच्छिक रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करना था। श्रीनिवास ब्लड सेंटर से प्रवीण कुमार, अजय कुमार मिश्रा, शिवानी सिन्हा, आशीष राज एवं संतोष कुमार ने शिविर में अपना सरहानीय योगदान दिया। शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में डेंटल कॉलेज से डॉ तुमुल शेखर, डॉ बोबिन्सन राज, डॉ मनमीत राज एवं डॉ रितेश कुमार ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने रक्तदाताओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ कहा कि रक्तदान महादान है। इससे लोगों को नया जीवन मिलता है। हम पैसे से हर कोई का मदद नहीं कर सकते हैं लेकिन जनभागीदारी से रक्तदान शिविर लगाकर कई जरूरतमंद की जान बचा सकते हैं। मौके पर शिविर में स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले रक्तदाता डेंटल कॉलेज से डॉ नितिन कुमार, डॉ चारु भारती डॉ. सोनू कुमार गुप्ता, डॉ अभिजीत प्रकाश, डॉ साफिया अली, डॉ आकांक्षा कुमारी, सुमित कुमार सहित कई रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

# 25 के मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर को लेकर डीसी ने की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 25 जनवरी को नगर भवन, सिमडेगा में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।शिविर के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पदाधिकारियों संग बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा द्वारा दिनांक 25 जनवरी 2025 को को जिले में आयोजन होगा। उपायुक्त ने 12 विभाग द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने योजना वार लाभुकों का चयन कर परिसंपत्ति वितरण करने एवं योग्य लाभुकों को शत प्रतिशत योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया। इस विभाग द्वारा लगाया जाएगा स्टॉल जिला विधिक सेवा, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस, श्रम अधीक्षक, ग्रामीण विकास, एलडीएम, कृषि व परिवहन विभाग। इसके अलावा उपायुक्तने सभी प्रखंडों में भी मेगा एंपावरमेंट कैंप आयोजन करने का निर्देश दिया। वहीं दो प्रखंडों को ऑनलाइन माध्यम से मुख्य कार्यक्रम से जोड़ने की बात कही।बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान एलआरडीसी अरुणा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## डीसी ने की ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा लोकपाल, मानव दिवस सृजन, लेबर इंगेज, जॉब कार्ड वेरीफिकेशन, आधार सीडिंग, एरिया ऑफिसर अप, रिजेक्ट ट्रांजेक्शन, पोटो हो खेल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मनरेगा की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लंबित सभी आवास को पूर्ण कराने निर्देश दिया गया। वहीं जिस लाभुकों अबुआ आवास योजना था और प्रधानमंत्री आवास भी मिला है तो वैसे मामलों में राशि का रिकवरी करने का निर्देश दिया।अनुमंडल पदाधिकारी, मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को वैसे सभी योजनाओं जो वर्षों से पेंडिंग पड़े हुए हैं उन्हें अविलंब पूर्ण कराने, मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने तथा संबंधित पंचायत अंतर्गत चल रही कूप निर्माण एवं लंबित पोटो हो खेल मैदान सहित अन्य योजना को निर्धारित समय तक पूर्ण करने हेतु सख्त निर्देश दिया। इसके अलावा वैसे कर्मी जिनके द्वारा उक्त योजनाओं में लापरवाही बरती गई है, उन्हें शो कॉज करने एवं विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित बीपीओ, जेईई उपस्थित रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को डीएमएफटी द्वारा संचालित कार्यों की अद्यतन स्थिति को लेकर समीक्षा एवं नये योजनाओं का प्रस्ताव व अनुमोदन से संबंधित बैठक आयोजित हुई। समाहरणालय सभाकक्ष में हुई डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में डीएमएफटी मद द्वारा नए प्रपोजल पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़ी तथा प्राथमिकता क्षेत्र जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं महिला एवं बाल विकास आदि से संबंधित कार्यों को शामिल करें। उन्होंने पूर्व में स्वीकृत कार्यों की की भी जानकारी ली।उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी मद से किसी भी विभाग के जरूरतों या गैप को कम करना उद्देश्य है। उन्होंने सभी खनन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में डीएमएफटी मद से अनेकों उन्नयन के कार्य किये जाने की बात कहीं। जिनका समुचित सदुपयोग की अपेक्षा की जाती है। बैठक में इन नए प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से अनुमोदन दिया गया - जिले के विभिन्न विद्यालयों में शौचालय निर्माण तथा पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बानो मैं पहुंच पथ निर्माण करने, कोलेबिरा एवं बानो प्रखंड के खनन प्रभावित क्षेत्र में फोटो हो खेल योजना के तहत चेंजिंग रूम निर्माण करने हेतु अनुमोदन दिया गया। तथा अगली बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं की चयन करने की बात कहीं।बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला खनन पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि मो. समी आलम, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में हुई नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की बैठक की गई। जिसमें जिले में नशे के कारोबार को रोकने की रणनीति बनाई गई। बैठक के दौरान उपायुक्त महोदय ने नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।इस दौरान जिले में युवाओं को नशे की लत से बचाने एवं नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं उपायुक्त ने ड्रग इंस्पेक्टर, सिमडेगा को पूरे जिले में योजनाबद्ध तरीके से दवा दुकानों आदि में सघन जांच अभियान चलाने एवं वैसी दवाएं जिनका इस्तेमाल नशे के लिए किया जाता है उसपर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। तथा उन दवाओं की बिक्री स्टॉक आदि से संबंधित प्रतिवेदन नियमित रूप से ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने की बात कहीं। जिला अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों, युवाओं आदि के नशे का प्रयोग करने पर विशेष संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, ड्रग इंस्पेक्टर, अनुमंडल पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, परिवहन पदाधिकारी, सामान्य शाखा प्रभारी, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन, तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया थे शामिल



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग,अंचलाधिकारी रवि कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर व सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया।स्वास्थ्य मेला में विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच की गई तथा निशुल्क दवा वितरण किया गया।स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीवी बीमारी और उसके उपचार के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। मौके पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के बीमारियों की जानकारी दी जा रही है साथ ही बीमारी का उपचार कर निशुल्क दवा का भी वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आप लोगों के बीच टीवी बीमारी के उपचार के बारे में जानकारी दी गई स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह सराहनीय पहल है। हमारे झारखंड की अबुआ सरकार में विभिन्न प्रकार के बीमारियों के इलाज के लिए सरकार के द्वारा निशुल्क उपचार की व्यवस्था कराई गई है सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ले । साथ ही सरकारी सुविधाओं का भी लाभ लें। मौके बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक ,चिकित्सा प्रभारी डॉ मनोरंजन कुमार,डॉ असगर अली ,डॉ जावेद ,सुरेंद्र उरांव ,बिदेशिया बड़ाईक ,आदि लोग उपस्थित थे।

## पुराना महिला थाना भवन में जन शिकायत सूचना केंद्र का हुआ उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर बुधवार को कम्यूनिटी पुलिसिंग मोर पुलिस मोय पुलिस के बैनर तले पुलिस आपके द्वार की संकल्पना के तहत नागरिकों के शिकायतों का त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से जिले के विभिन्न स्थानों स्थानों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिला मुख्यालय के नगर भवन, बानो थाना प्रांगण, कुरडेग थाना प्रांगण एवं जलडेगा थाना प्रांगण में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिमडेगा की जनता ने खुल कर पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईजी अनूप बिरथरे उपस्थित रहे। जगुआर के आईजी अनूप बिरथरे पूर्व में सिमडेगा के एसपी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इसलिए यहां की जनता एकबार फिर से उनको अपने बीच पाकर पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी शिकायतों को उनके पास रखा। जिसमें पुलिस के खिलाफ भी शिकायत आए। जगुआर के आईजी अनूप बिरथरे सभी की शिकायतों को एक एक कर सुनते हुए सभी का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। आईजी अनूप बिरथरे ने जनता को संबोधित करते हुए उन्हें साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक होने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने जीरो एफआईआर और ऑनलाइन एफआईआर के बारे में जनता को जानकारी दी। आईजी ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के माध्यम से पुलिसिंग को एक अनोखी और नायाब पहचान देने की सोच झारखंड सरकार और डीजीपी अनुराग गुप्ता की है। उन्होंने कहा कि पुलिस का पहला मकसद है कि जनता अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए थाने तक नही जाए बल्कि मोबाइल,व्हाट्सएप,मेल आदि के माध्यम से घर बैठे पुलिस तक जनता अपनी शिकायत पहुंचा दे,ताकि जल्द से जल्द उनकी शिकायत के समाधान के लिए पुलिस कार्य शुरू कर दे। उन्होंने बताया कि अभी लगातार सिमडेगा में पंचायतवार भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर जनता की शिकायत को दूर किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में ज्यादातर भूमि विवाद से जुड़े मामले आ रहे हैं, इसलिए पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से सभी थानों में थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से उपस्थित होकर दोनों पक्षों के समक्ष मामले का निष्पादन करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा को देखते हुए प्रशासन कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सौरभ द्वारा बताया गया कि लोगों को अपनी शिकायतों को दर्ज करने के लिए थाना आना ना पड़े। इसके लिए सिमडेगा पुलिस के द्वारा सभी पंचायतों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला परिवहन विभाग व सड़क सुरक्षा की टीम लगातार जागरूकता ड्राइव चलाकर लोगों को ट्रैफिक नियम-कायदे का अनुपालन के साथ-साथ हेलमेट-सीट बेल्ट सरीखें उपकरण के इस्तेमाल व गुड समेरिटन की भूमिका को लेकर लोगों को सजग-जागरूक किया जा रहा है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी, बाइक रैली, पतंग महोत्सव के साथ-साथ फुटबॉल-क्रिकेट के मुकाबले आयोजित कर जन जागरूकता के अभियान संचालित कर रही है।इसी कड़ी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति के द्वारा हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।टूर्नामेंट का आयोजन एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित किया गया।टूर्नामेंट में कुल चार टीमों ने भाग लिया जिसमें सिमडेगा महाविद्यालय, संत जेवियर महाविद्यालय,हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं आवासीय बालिका हॉकी प्रशिक्षण केंद्र की टीमों ने भाग लिया।प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बाखला, मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन एवं सड़क सुरक्षा की टीम के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।उसके पश्चात सभी खिलाड़ियों को सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया।प्रतियोगिता के दौरान पहला मैच सिमडेगा महाविद्यालय बनाम संत जेवियर महाविद्यालय के बीच खेला गया।जिसमें रोमांचक मुकाबले में सिमडेगा महाविद्यालय की टीम ने 3-0 से अपनी जीत दर्ज की।

## शिक्षा विभाग ने किया डायट सिमडेगा में विज्ञान सह सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** शिक्षा विभाग द्वारा डायट सिमडेगा में विज्ञान -सह- सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सिमडेगा भूषण बाड़ा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह सिमडेगा तथा सम्मानित अतिथि के रूप मे जिला शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा, बिधायक प्रतिनिधि नगर परिषद तथा जिला शिक्षा अधीक्षक सह प्राचार्य डायट दीपक राम मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डायट दीपक राम के द्वारा अतिथियों को पौधा शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।तत्पश्चात प्रदर्शनी क़ी शुरुआत सम्मानित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य डायट के द्वारा दिया गया जिसमे सभी अतिथियों का स्वागत एवं विधार्थियो के द्वारा लाये गए मॉडल क़ी प्रशंसा किये। जिला शिक्षा पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा वैज्ञानिक सोच को विकसित करने मे शिक्षकों क़ी भूमिका और बच्चों क़ी सृजनात्मकता क़ी सराहना की। विशिष्ट अतिथि उपायुक्त के द्वारा बच्चों मे वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए शिक्षकों क़ी महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किये और विधार्थियो से भी महान वैज्ञानिक न्यूटन का कहानी एवं मानव विकास होमो सेपियान्स से लेकर खेती एवं वर्तमान समय तक क़ी विकास क़ी बाते बताकर विधार्थियो को अपने अंदर वैज्ञानिक भावना विकसित करने का सुझाव दिए ।विधायक सिमडेगा भूषण बाडा के द्वारा नाव वर्ष क़ी बधाई दिए और शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा बनाये गए मॉडल क़ी प्रशंसा किये एवं सरकार के द्वारा विधार्थियों के कल्याणर्थ किये जा रहे कार्यों क़ी चर्चा किये।विज्ञान प्रदर्शनी के हाई स्कूल कैटेगरी मे जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। हाई स्कूल खूंटी टोली द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जी. एल. हाई स्कूल कोचेदेगा को तृतीय स्थान प्राप्त किया। मध्य विद्यालय स्तर मे विज्ञान प्रदर्शनी मे राजकीयकृत मध्य विद्यालय मेरेमडेगा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## श्रीरामजानकी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ में शामिल हुए जिलाध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** कुलुकेरा श्रीरामजानकी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक वर्षगांठ मनाया गया।जिसकी शुरुआत कलश यात्रा से की गई।सरना स्थल गिरमा नदी से कलश में जल उठाकर सैकड़ों माता एवं बहने मंदिर समिति के अगुवाई में श्री रामजानकी के जयकारे के साथ मंदिर पहुंची कलश यात्रा में पहुँचे गणमान्य अथिति श्रीरामरेखा धाम के संरक्षक एवं विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव, विहिप के अर्चक पुरोहित प्रमुख विद्याबंधु शास्त्री,संघ के जिला सह कार्यवाह संजीत प्रसाद एवं जिला बौद्धिक प्रमुख सह विहिप के संघ प्रतिनिधि लहरू सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए पुरोहित भास्कर पंडा के द्वारा पूर्ण वैदिक विधि विधान अनुष्ठान संपन्न कराया गया।आज रात्रि 8 बजे अधिवास पूजा के बाद हरि कीर्तन होगा और कल सुबह 8 बजे नाम जप समापन हवन पूजन एवं 11 बजे भंडारे का आयोजन किया गया है।कलश यात्रा के पश्चात् धर्म सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कौशलराज सिंहदेव ने श्री रामजानकी एवं समस्त देवी देवताओं से ग्राम की सुख समृद्धि की मंगल कामना के साथ सभी को वार्षिकोत्सव की शुभकामनायें दी। उन्होंने अपने सम्बोधन में जात पात से ऊपर उठकर, सनातन के सभी मत पंथ को एक साथ मिलकर एक विकसित सांस्कृतिक राष्ट्र के निर्माण कर रामराज्य के सपने को साकार करने की अपील की उन्होंने कहा इस धरती को राममय बनाने, रामराज्य लाने के लिए रामायण सहित हमारे वेद पुराणों के आदर्श चरित्रों को अपनाने एवं अगली पीढ़ी को इसकी प्रेरणा देने की जरुरत है.उन्होंने भगवान राम के चरित का उदाहरण देकर कहा जिस तरह श्रीराम ने अयोध्या से निकल कर समस्त प्राणी मात्र को एकता में जोड़कर अधर्म के विरुद्ध खड़ा कर उसके सर्वनाश किया उसी तरह आज भी अपने धर्म की रक्षा हेतु सभी एक होकर रहें।

## मृतक के परिवार को सहायता राशि प्रदान कर दी श्रद्धांजलि

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत बरसलोया निवासी वंशीधर पंडा जी का निधन कुछ दिनों पहले हो गया था । घटना की सूचना प्राप्त होने के बाद उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ के पदाधिकारि मृतक की बारहवीं पर स्वर्गीय वंशीधर पंडा के घर कोलेबिरा पहुंचकर उनके परिजनों को 5100 रुपये की सहायता राशि सौंपा। संघ के केंद्रीय संरक्षक केशव चंद्र पाणिग्राही ने बताया कि स्वर्गीय वंशीधर पंडा उत्कलिय ब्राह्मण सेवा संघ सिमडेगा जिला इकाई के प्रथम सदस्य बने थे। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष केदार महंती, जिला इकाई सिमडेगा के अध्यक्ष विद्यबंधु शास्त्री, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर आचार्य, केंद्रीय संरक्षक केशव चंद्र पाणिग्रही, दिलीप कुमार पंडा, जिला इकाई के कोषाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी, प्रखंड इकाई के उपाध्यक्ष सुरेश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्रनाथ बीसी, केंद्रीय कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष विजय मिश्रा एवं अन्य उपस्थित थे।

## मंदिर निर्माण का वार्षिक महोत्सव कलश यात्रा के साथ शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के लेटाबेड़ा ग्राम में शिव मंदिर एवं बजरंगबली मंदिर निर्माण का पहला वार्षिक उत्सव का तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ 22 जनवरी को शुरू हो गया ।इस मौक़े पर भारी संख्या मे श्रद्धालु गण पर्यटक स्थल दनगद्दी से कलश यात्रा निकला गया. इस दौरान प परमेश्वर पंडा के साथ त्रिलोचन दास, पारसमणि दास, रोहित दास आदि क द्वारा वैदिक मन्त्रोंचार के साथ गंगा पूजन के बाद जल उठाया गया।इसके बाद पंक्तिवद्ध तरीके से महिलाएं कलश लेकर जयकारा लगाते हुए मन्दिर परिसर पहुंचे. इस मौक़े पर बाबा उमाकांत महराज को मुख्य अतिथि क रूप. मे आमंत्रित किया गया है ।बाबा उमाकांत जी महराज के द्वारा कीर्तन भजन एवं धार्मिक प्रवचन. किया जा रहा है। अध्यक्ष हीरालाल प्रधान ने बताया पूजन 23 जनवरी को प्रातः मे अखण्ड हरि कीर्तन, नाम यज्ञ. शुरू होगी. इसके साथ ही हवन पूजन, आरती, प्रसाद वितरण. शुरू होंगी जबकि 24 जनवरी को पूर्णाहुति, प्रसाद, वितरण एवं भंडारा का आयोजन होगा ।इस मौक़े पर समिति के लोगों ने सभी भक्तजनों से आग्रह किया है कि पूरे परिवार के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम मे भाग लेकर पुण्य का भागी बनें । इस मौक़े पर मुख्य अतिथि बाबा उमाकांत महाराज एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव एवं कई वरिष्ठ लोगों को विशिष्ट अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया गया हैं । वहीं कई कीर्तन मण्डली को भी आमंत्रित किया. गया है एवं सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। समिति के द्वारा लोगों को इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में भारी से भारी संख्या मे उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### बानो के पुराना प्रखंड कार्यालय के समीप शिव मंदिर की मनाई गई पहली वर्षगांठ

**बानो।** पुराना प्रखंड कार्यालय मुख्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर का पहला वर्षगांठ बनाया गया. इस मौके पर विशेष पूजन का आयोजन किया गया. इसमें अधिवास पूजन किया गया। पुरोहित संतोष दुबे यजमान मनोज साहू ने निभाई।वही भंडरा का भी आयोजन किया गया। इसमें काफ़ी संख्या मे लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।मौक़े पर नीरज साहू, मनोज साहू,रवि नायक बसंत सिंह आरती साहू ,कैलिबर भोगता,पुरुषोत्तम महतो, रूबी तिवारी, देवंती कुमारी, ज्योति देवी, संजू देवी,रेणु कुमारी, सीता देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### कल्याण विभाग ने शत-प्रतिशत अनुदान पर बांटा बॉयलर मुर्गी का चूजा

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय परिसर में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज के द्वारा दो लाभुक सुषमा बिलुग कोरोंजो बाजार टोली मारथा डुँग डुँग कोरोमिंया बैरटोली को पांच-पांच सौ बॉयलर मुर्गी का चूजा 350 किलोग्राम बायलर का दाना दवा एवं बर्तन वितरण किया गया।मौके पर रखरखाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ,मोहम्मद कारू कल्याण पदाधिकारी सुनील कुमार उपस्थित थे।

### बांसजोर जिला परिषद सदस्य ने स्कूली छात्राओं के बीच बांटी साइकिल

**बासजोर।** जिला परिषद सदस्य बांसजोर सह कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष सामरोम पौल तोपनो ने बुधवार को बांसजोर+2 स्कूल के निरीक्षण के क्रम में पाया कि वर्ष 2023-24 का साइकिल बितरण अभी तक नही हुआ है। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए जल्द से जल्द उक्त साइकिल का वितरण कराया जाएगा ताकि सरकार का जो योजना है उसे पूरा कराया जा सके, साथ ही बतलाया गया कि 2024-25 का भी कुछ साइकिल आया है ।इसी क्रम मे तोपनो ने बांसजोर प्रखण्ड के कोमबाकेरा पंचायत के कोएडेगा स्कूल के बच्चों के बीच साइकिल का वितरण भी किया।

### बानो थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

**बानो।** बानो थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।थाना में सभी तरह के शिकायत का त्वरित निष्पादन पुलिस अधिकारी द्वारा किया गया।जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कई शिकायतों का निबटारा किया गया कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने कार्यक्रम का उदघाटन कर किया।जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में थाना प्रभारी समेत पुलिस के वरीय अधिकारी तक मौजूद रहे।बानो थाना परिसर स्थित आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बानो थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐसे लोगों के लिए आयोजित है जो किसी कारण से पुलिस तक नहीं पहुँच पाते है तथा लोगों मे जागरूकता के लिए भी यह कार्यक्रम आवश्यक है।उन्होंने कहा की 112,1930, डायल कर शिकायत कर सकते है।इस कार्यक्रम में मोबाइल गुमशुदगी,भूमि विवाद और पासबुक सन्हा संबंधित मामलों के आवेदन आए।ठगी मामलों,मानव तस्करी,डायन प्रथा शक्ति एप्प जैसे मामलों की जानकारी दिया गया तथा निदान के लिए पहल करने की बात किया गया।उन्होने कहा कि इसके लिए जागरूकता जरुरी है।

### संविधान की मूल भावना को हमेशा कुचला है कांग्रेस ने : नीलकंठ सिंह मुंडा

**सिमडेगा।** सेवई मंडल के गरजा सामुदायिक भवन में बुधवार को संविधान गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष विराज नायक के अगवा में की गई।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित रह कर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यर्पण करते हुए बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल में सबसे अधिक 80 से अधिक बार संविधान में संशोधन किया गया है। कांग्रेस ने संविधान के मूल स्वरूप में छेड़छाड़ की 1973 में 13 जजों की कमेटी ने यह बात स्पष्ट की थी कि संविधान में परिवर्तन समय के अनुसार होता है लेकिन उसके मूल स्वरूप में छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए बावजूद इसके तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में 1976 में संविधान की अब 42 वां संशोधन किया गया।कार्यक्रम में सिमडेगा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, जिला संयोजक श्रद्धानंद बेसरा सहसंयोजक संजय शर्मा, नवीन सिंह, युवा अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह ,किसान मोर्चा अध्यक्ष हीरा राम ,महिला

### बूथ स्तर तक चलेगा भाजपा का सदस्यता अभियान : बबन गुप्ता

**सिमडेगा।** बांसजोर एवं ठेठईटांगर मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत अभियान चलाया गया।मौके पर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सिमडेगा के दोनों विधानसभा में भी सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है कार्यकर्ताओं की बदौलत ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है ।जहां पर नेशन फर्स्ट की विचारधारा है।मंडल के कार्यकर्ता शक्तिकेन्द्र एवं बूथ स्तर तक जाकर लोगो को भाजपा की विचारधारा को बतलाकर संगठन से जोड़ने का कार्य करें।साथ ही संगठन प्रभारी ने कहा कि 23 से 31 जनवरी तक संगठन द्वारा सदस्यता अभियान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें बचे हुए सभी सदस्य ऑनलाइन एवं ऑफलाइन भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## एक नजर

### सीसीएल 58 रन से जीता मैच

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में सीसीएल बनाम सॉनेट नामकुम के बीच खेला गया। बल्लेबाजी करने उतरी सीसीएल ने 32 ओवर में सात विकेट पर 242 रन बनाया। प्रकाश गल्होट ने 43 रन, अजय कुमार ने 42 रन, हिमांशु ने 39 रन, कविश कुमार ने 37 रन बनाया। सुमित कुमार ने 4 विकेट लेकर 37 रन व दिलकुश कुमार ने 2 विकेट लेकर 59 रन दिया। सॉनेट नामकुम ने 31.4 ओवर में 10 विकेट पर 184 ररन बनाया। धीरज थापा ने 64 रन, प्रिंस यादव ने 31 रन व आशिफ ने 29 रन बनाया। ज़िशान नवाज ने 4 विकेट लेकर 25 रन दिया, वहीं हिमांशु ने 2 विकेट लेकर 54 रन दिया। सीसीएल 58 रन से जीता।

### नवभारत नर्सरी ने 20 रनों से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ईईएफ टाटीसिलवे ग्राउंड में नवभारत नर्सरी बनाम रेलवे यूथ के बीच खेला गया। बल्लेबाजी करने उतरी नवभारत नर्सरी की टीम ने 27.5 ओवर में 10 विकेट पर 149 रन बनाया। विवेक कुमार ने 65 रन व शिवम कुमार ने 34 रन बनाया। मुन्ना ने 31 रन देकर 3 विकेट व शिवम कुमार ने 25 रन देकर 3 विकेट लिया। रेलवे यूथ ने 17 ओवर में 10 ओवर में 129 रन बनाया। आशीष कुमार ने 43 रन व अदनान अली ने 21 रन बनाया। अभिषेक कुमार ने 24 रन देकर 4 विकेट व विवेक कुमार ने 34 रन देकर 3 विकेट लिया। नवभारत नर्सरी 20 रनों से विजयी रही।

### नवभारत सीसी ने 8 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रभात तारा ग्राउंड में नवभारत सीसी बनाम अरगोडा ब्लू के बीच खेला गया। नवभारत सीसी की टीम ने 17.4 ओवर में 10 विकेट पर 85 रन बनाया। अंकित कुमार ने 11 व रंजीत ने 9 रन बनाया।

### तिसरी में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन, लोगों ने करवाया निःशुल्क जांच

# प्रमुख के प्रयास से कस्तूरबा में हुई बोरिंग स्कूल प्रबंधक ने ली राहत की सांस



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव,बीडीओ मनीष कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देवव्रत और जिला परिषद सदस्य रामकुमार राउत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ किया। शिविर में गैर संचारी रोग जांच, कुष्ठ नियंत्रण, ओपीडी, पूछताछ, बीपी, शुगर व ब्लड जांच, परिवार नियोजन आदि का स्टॉल लगाए गए थे। सभी अतिथियों ने शिविर में लगे सभी स्टॉलों का एक - एक कर निरीक्षण किया और जानकारी ली। प्रभारी डॉक्टर देवव्रत ने बताया कि प्रतेक वर्ष स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस दौरान स्टॉल लगाकर निःशुल्क जांच व प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। वहीं प्रखंड प्रमुख राजकुमार यादव ने कहा कि आज के इस दौर में स्वास्थ्य ही सुखी जीवन का आधार है। हमें सबसे पहले अपने स्वास्थ्य को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। लिहाजा इस शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को लाभ लेना चाहिए और अपने आप को स्वस्थ्य व निरोग रखने का प्रयास करना चाहिए।

### पानी की समस्या से मिली निजात

वहीं प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय में रहने वाली छात्राओं को पानी की समस्या से निजात मिलना शुरू हो गया है। प्रमुख राजकुमार यादव ने कस्तूरबा विद्यालय में हो रही पानी की समस्या से जिला प्रशासन को अवगत कराया था। उनके प्रयास के बाद कस्तूरबा विद्यालय में बोरिंग करवाई गई।

### स्कूल में रजत वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**रामगढ़।** बुधवार को राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी। पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रजत वार्षिकोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम जी, समाजसेवी सी पी संतन, विंध्याचल विद्या, सुरेश पी अग्रवाल, राजीव जायसवाल, पंकज तिवारी, प्रवीण मेहता, संस्थान के शुभचिंतक तिलक राज मंगलम, राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के अध्यक्ष बी एन शाह, सचिव प्रियंका कुमारी सदस्या फूलमती देवी, विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालक डॉक्टर संजय सिंह द्वारा विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय गोविंद शाह, स्वर्गीय राधा देवी एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात इस समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय से जुड़े अन्य पुराने सदस्यों को स्मृति चिन्ह रामगढ़ की विधायक ममता देवी के हाथों प्रदान करके किया गया।

### 38 वें नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए किट लॉन्च

# झारखंड से 18 खेलों के 250 खिलाड़ी और अधिकारी लेंगे भाग




**नवीन मेलसंवाददाता। रांची**
38 वे नेशनल गेम्स उत्तराखंड के लिए किट लॉन्च और सेंड ऑफ सेरेमनी बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में संपन्न हुआ. उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 38वे राष्ट्रीय खेल आयोजित हो रहा है।इसमें झारखण्ड से 18 खेलो के करीब 250 खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के निदेशक संदीप कुमार मौजूद थे। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके पदक जितने की कामना की। उन्होंने राज्य के खिलाड़ियों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसके पूर्व झारखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसिडेंट शेखर बोस ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मधुकांत पाठक ने नेशनल गेम्स के औचित्य पर प्रकाश डाला। वहीं इस बात की कामना दी की झारखण्ड के खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा मेहनत करें और पदक जीते। कार्यक्रम का संचालन अजय झा व धन्यवाद ज्ञापन शिवेन्द्र दुबे ने किया।

### सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन ने एनएच अधिकारी को दिया ज्ञापन

**बरही ।** मंगलवार को देवचंदा मोड़ के समीप स्थित श्रीदस स्कूल के पास एनएच 33 के पर हुए दर्दनाक सड़क दुर्घटना से व्यथित विद्यालय का एक प्रतिनिधिमंडल एनएच के अधिकारियो से मुलाकात किया. घटना की पूरी जानकारी देते हुए भविष्य में घटनाओं को रोकने के लिए कई सुझाव दिए. साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर ज्ञापन भी दिया. प्रतिनिधिमंडल में उप प्राचार्य राकेश कुमार आदि शामिल थे.


**श्री शिव नारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला, अपर बाजार, रांची**

**शुद्धि-पत्र**

दैनिक प्रभात खबर दिनांक 15.01.2025 एवं दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल दिनांक 15.01.2025 में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों की नियुक्ति संबंधी विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। प्रकाशित विज्ञापन में भाषा (अंग्रेजी) सामाजिक विज्ञान, (नागरिक) एवं गणित विषय अंकित है, जिसे सुधार कर भाषा, सामाजिक विज्ञान और गणित एवं विज्ञान पढ़ा जाय। साथ ही आवेदन पत्र प्राप्ति की तिथि 30.01.2025 तक बढ़ायी जाती है। शेष सभी शर्त यथावत रहेंगी।

सचिव
श्री शिव ना. मा. क. म. पा., रांची।


### बिरनी में श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव भव्य रूप से मनाया

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के पलौंजिया, गुड़ीटांड़, बाराटांड़ समेत अन्य गांवों में बुधवार को श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। इस मौके पर सभी मंदिरों की सफाई कर उन्हें भगवा पताकाओं से सजाया गया। उत्सव की शुरूआत भव्य शोभा यात्रा से हुई, जो पलौंजिया गांव से ठाकुरबाड़ी, बाजारटांड़, बिराजपुर चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। इसी तरह गुड़ीटांड़, बाराटांड़ और बंगराकला में भी भव्य शोभा यात्राएं निकाली गईं। पिछले वर्ष 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम लला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह हुआ था, जिसके उपलक्ष्य में इस बार 22 जनवरी 2025 को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में हनुमान पाठ, सुंदरकांड, भजन-कीर्तन और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आरती देवी, सीमा देवी, रीना देवी, ललिता देवी, लक्ष्मी देवी, मनोज वर्मा, बबलू वर्मा, फागु विश्वकर्मा, पिंटू राणा, शंकर राणा, मनोज मोदी, दीपक पांडेय, मनोज शर्मा समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कालाबाजारी के शक पर बीडीओ ने अनाज लदे पिकअप वाहन को पकड़ा

# थाना में रखा है वाहन, जांच जारी

***बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, स्पष्ट होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है । अगर जांच में सही पाया गया तो कार्रवाई होगी***



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
तिसरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा बुधवार को अनाज कालाबाजारी की सूचना पर चावल लदे एक पिकअप वाहन को पकड़कर पुलिस को सुपुर्द किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बीडीओ मनीष कुमार को गांवा रोड की ओर से कालाबाजारी के लिए आ रहे अनाज लदे मालवाहक की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर बीडीओ ने तिसरी चौक पर पिकअप संख्या जेएच 21 के 4500 को रोककर देखा तो उसमें प्लास्टिक के बोरे में चावल लदा था। जिसके बाद पूछताछ कर उक्त वाहन को तिसरी थाने में लगा दिया गया। इस संबंध में बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, स्पष्ट होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**इतनी मात्रा में जा रहे अनाज उठा रहे कई सवाल :** वहीं इतनी मात्रा में जा रहे अनाज से कई सवाल भी उठ रहे हैं। आखिर इतनी मात्रा में चावल कहाँ से लाया गया? कहाँ ले जाया जा रहा था? क्यों ले जाया जा रहा था? उक्त वाहन के साथ थाने पहुंचे एक व्यक्ति ने बताया कि यह चावल घूम - घूम कर लोगों के पास से खरीदा गया है। गरीब बाहुल्य क्षेत्र में घूम - घूम कर इतनी मात्रा में अनाज खरीदने की बात पचने लायक नहीं है। बहरहाल प्रशासन मामले की जांच में जुटी है,जांच के बाद ही सबकुछ स्पष्ट हो पायेगा।

### साई नामकुम 7 रनों से विजयी रही

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में साई (नामकुम) बनाम तरूण संगम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साई (नामकुम) ने 29 ओवर में 10 विकेट पर 172 रन बनाया। श्याम कुमार यादव ने 31 रन, पीयूष कारखुर ने 28 रन व शिवम ने 27 रन बनाया। सौरव सिंह ने 16 रन देकर 3 विकेट, हर्ष कुमार ने 30 रन देकर 2 विकेट व अमन राज खलखो ने 40 रन देकर 2 विकेट लिया।


**राँची समाहरणालय, राँची**
**(जिला भू–अर्जन शाखा)**

**आम सूचना**

खेलगाँव से नामकुम पथ तक (लं0–6.275 कि0मी0) निर्माण कार्य परियोजना अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची के पत्रांक–2231(अनु0), दिनांक–25/11/2024 के द्वारा मौजा–सामलोंग, गाड़ी, खटंगा एवं लोवाडीह का भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| शिविर की तिथि/दिनांक | ग्राम सभा का आयोजन स्थल | संबंधित अंचल का नाम | मौजा | समय | आम सभा/जन सुनवाई में भाग लेने वाले कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 03/02/2025 (सोमवार) | अंचल कार्यालय | अरगोड़ा | सामलोंग एवं लोवाडीह | 11.00 पूर्वाह्न | श्री पंकज कुमार सिन्हा, कानूनगो/ श्री राज कुमार महतो/ श्री सुरज कुमार तिवारी, अमीन |
| 04/02/2025 (मंगलवार) | अंचल कार्यालय | कांके | खटंगा | 11.00 पूर्वाह्न | श्री पंकज कुमार सिन्हा, कानूनगो/ श्री राज कुमार महतो/ श्री सुरज कुमार तिवारी, अमीन |
| 05/02/2025 (मंगलवार) | अंचल कार्यालय | बड़गांई | गाड़ी | 11.00 पूर्वाह्न | श्री पंकज कुमार सिन्हा, कानूनगो/ श्री राज कुमार महतो/ श्री सुरज कुमार तिवारी, अमीन |

अतः संबंधित मौजा के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को ससमय निर्धारित स्थान पर अपने राजस्व कागजातों के साथ उपस्थित होने का कष्ट करें।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
राँची

PR 344896 Land Reforms(24-25)#D


### एसएसबी ने किया 2 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# चकलमुंडा की टीम विजेता तो खटपोंक की टीम बनी उपविजेता



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
35 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ई समवाय द्वारा तिसरी के कोदईबांक स्थित मिनी स्टेडियम में चल रहे 2 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार को समापन हो गया। जिसमें पेनल्टी शूटआउट द्वारा चकलमुंडा की टीम विजेता व खटपोंक की टीम उपविजेता रही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसएसबी के सेक्टर हेडक्वाटर गया के डीआईजी मानवेन्द्र, 35 वीं वाहिनी के कमांडेंट संजीव कुमार, उप कमाडेंट संजय कुमार प्रसाद के अलावे जिप सदस्य प्रमिला देवी, बेलवाना मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुख, चंदौरी मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल,खटपोंक मुखिया जानकी यादव,किशुन यादव और सुनील यादव उपस्थित थे। बताया गया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वृहत प्रचार अभियान तहत 2 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। कोदईबांक 1-2, बरईपाट, खटपोंक, चकलमुंडा, दूधपनिया, तिसरी और सलगाडीह समेत कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया था। इस नॉक आउट मुकाबले में चकलमुंडा और खटपोंक की टीम ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में चकलमुंडा की टीम विजेता व खटपोंक की टीम उपविजेता बनी। दोनों टीमों को फुटबॉल किट व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि एसएसबी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत समय - समय पर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। ताकि स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिल सके और पुलिस व पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय रहे।

### देवघर पुस्तक मेले का हुआ समापन

# रोक सकता कौन उसको जिस नदी में धार हो




**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**
भव्य कवि सम्मेलन काव्याभिषेक के साथ ही देवघर पुस्तक मेले का समापन हो गया। इस मौके पर सभी ने शानदार काव्यपाठ किया। बतौर मुख्य अतिथि देवघर के उपविकास आयुक्त नवीन कुमार ने भी अपनी कुछ मर्मस्पर्शी कविता सुनाई और सभी कवियों का उत्साहवर्धन किया। अंतरराष्ट्रीय संस्था साहित्योदय के संयोजन में आयोजित भव्य आयोजन में देवघर के अलावे झारखण्ड, बिहार, बंगाल और आसपास के लब्धप्रतिष्ठ कवि, कवयित्री और कलाकारों ने अपनी कविताओं से बाबा बैद्यनाथ का काव्याभिषेक किया। भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि उपविकास आयुक्त नवीन कुमार और विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ट पत्रकार ज्ञानवर्द्धन मिश्र उपस्थित थे। सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार सर्वेश्वर दत्त द्वारी ने किया। सरस्वती वंदना किशोरी भूषण ने किया। कार्यक्रम में अनिल कुमार झा, डॉ शंकर मोहन झा, डॉ प्रियम्बदा मिश्रा, रुणा रश्मि, कवि राजेश पाठक, रामस्वरुप मयूरेश, सुरेंद्र उपाध्याय, डॉ रजनी शर्मा चन्दा, पुष्पा सहाय, भारती कुमारी, सुधा मिश्रा राजस्वी, विष्णुदेव अलबेला, दीपक कुमार, संतोष समर और पंकज प्रियम अपने काव्यरस से सबको सराबोर करते रहे।

# चोरों के भय से ग्रामीणों ने रात्रि को करने लगे पहरेदारी



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**
बिरनी में लगातार चोरी घटना ने लोगो को एक बड़ा भय बना हुआ है।।पुलिस ने भी चोरी की घटना को रोकने के लिए खुद रात्रि को गस्ती कर रही है। वही पुलिस का सहयोग भी ग्रामीण भी कर रहे है।।ऐसा ही मामला बिरनी प्रखंड के गारागुरु के ग्रामीणों ने पहरा देना शुरू कर दिया गया है। गारागुरु ग्रामीणों की संख्या लगभग 25 सदस्यों ने रात्रि को रातभर पहरेदारी करते हैं। जिसमें गणेश महतो, गुल्ली महतो,लालू यादव, अरुण यादव, शोलेंद्र, जागेश्वर यादव, नरेश,संतोष, पप्पू, सोनू, मूरत नारायण यादव, सुमन, उमेश, भरत, हुकन और सुरेश यादव अन्य लोग शामिल रहते हैं।। ग्रामीणों ने बताया की चोरी की घटना जब इजाफा हुआ है।। तब से लोगो का भय बना हुआ है।रात्रि को पहरेदारी शुरू कर दिया है।

### चोरों के भय ग्रामीण रातभर पहरा दे रहे हैं ताकि ऐसा न हो चोर जाड़े की रात में सन्नाटा देखकर कही घर में घुस न जायें

# आगे जा रही सीओ की गाड़ी को पीछे से सफारी ने मारा धक्का, वाहन को हुआ नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
आगे से जा रहे अंचलाधिकारी के वाहन को पीछे से आ रही तेज रफ्तार सफारी एसयूवी ने धक्का मार दिया. घटना के बाद दोनों वाहन सड़क के नीचे खेत में जा गिरे. दोनों वाहन में से सफारी वाहन पलय गया. हालांकि घटना के वक्त वाहन में सीओ मो हुसैन सवार नहीं थे. इस घटना में अंचल के एक गार्ड, सीओ वाहन के चालक के अलावा दूसरे वाहन में बैठे दो लोग घायल हो गए. यह घटना बुधवार को गांडेय थाना इलाके के दासडीह की है. घटना में घायल चारों लोगों को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है. घटना को लेकर बताया गया कि बुधवार की सुबह गांडेय के अंचलाधिकारी का चालक वाहन में फ्यूल लेने पेट्रोल पंप जा रहा था. चालक के साथ अंचल का गार्ड भी बैठा हुआ था. तभी जामताड़ा की तरफ से आ रहे सफारी वाहन ने धक्का पीछे से धक्का मार दिया. इधर घटना के बाद भारी भीड़ उमड़ पड़ी. लोगों के साथ गांडेय पुलिस भी मौके पर पहुंची. पहले घायलों को अस्पताल भिजवाया गया. वहीं दोनों वाहन को जब्त किया गया. पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि की है. इधर चालक व गार्ड के घायल होने की सूचना पर दोनों का हाल जानने के लिए कई कर्मी भी अस्पताल पहुंचे. घटना को लेकर कुछ लोग कह रहे हैं कि सफारी वाहन काफी तेज रफ्तार में था. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

इधर दुर्घटना सीसीटीवी में कैद है. सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि कैसे पीछे से आ रहे सफारी वाहन ने धक्का मारा और दुर्घटना घटी. घटना की जांच गंभीरता से करने की मांग की जा रही है.


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक: 76 खूँटी, दिनांक 22.01.2025

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 **KNP/10/2024-25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 03.02.2025 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 04.02.2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.02.2025 . को 3.00 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।

कार्य का विवरण

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0. पै0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0. पै0) | अग्रधन की राशि (रू0. पै0) | कार्यादेश निर्गत होने से कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Constuction of R.C.C. Drain at Ward No.1 from house of kalawati Barla to amit sahu, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 9,80,891/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 2 | Constuction of R.C.C. Drain at Ward No.10 from house of Asish Kumar to house of Balram Mahto, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 9,71,586/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 3 | Construction of PCC from house of Jatru Mahto to Main PCC Road in Kathal Toli, Construction of RCC drain and Repair of PCC road from house of Rajkumar rai to house of Arun mahto at Kathaltoli ward no. 13, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 9,95,307/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 4 | Repairing of P.C.C. Road at Ward No.10 From house of Sarfaraz Pasha to house of Riyaz Pasha and house of Hazir Baseer to house of Iqbal at Pasa colony and house of Rajesh Jain to house of Manoj Shrivastava at Motilal gali, under Nagar Panchayat, khunti 2024-25 | 7,88,059/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 5 | Repairing of P.C.C. Road at Ward No. 11 chatrapaal nagar from house of Arvind Nag to house of Ashok Singh, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 6,74,562/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 6 | Constuction of P.C.C. Road at Ward No.1 from house of kalawati Barla to amit sahu, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 5,59,590/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 7 | Repairing of P.C.C. Road at Ward No.10 from the house of Asish to Shivalaya road at mahadev manda under nagar panchayat khunti 2024-25 | 9,33,773/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 8 | Construction of P.C.C. Road at Ward No.12 near Shankar Kuwan to Land of Mukesh Kumar, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 9,98,530/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 9 | Repairing of P.C.C. Road at Ward No.17 from khunti chaibasa road ( NH- 75E) bazar tand to raja talab Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25. | 9,15,150/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 10 | Construction of PCC road at ward no 1 from liyakat ali main pcc to house of md. anamul haq under nagar panchayat khunti 2024-2025 | 5,80,958/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 11 | Repair of PCC road at ward no 3 from house of Shri Ram surya munda ji (MLA ) to belahathi main road, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 9,96,858/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 12 | Repairing of P.C.C. Road at Ward No.17 Jojo toli from house of Santosh Mahto to house of Anand Topno, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 6,34,800/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 13 | Construction of RCC Drain at Ward No.01 from the house of Anand kumar to esmile ansari, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 5,37,752/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 14 | Construction of RCC Drain at ward no 3 from house of Shri Ram surya munda ji (MLA ) to belahathi main road, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 9,15,874/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 15 | Construction of P.C.C. Road at Ward No.04 from DAV Road cement dukan to house of Rampodi manjhi, Under Nagar Panchayat, Khunti 2024-25 | 5,75,778/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |

निविदा के शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 344943 Urban Development (24-25)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरुषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पाएगी। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# महाकुंभ की भीड़ का संदेश

विश्व रिकॉर्ड वाली महाकुंभ की भीड़ में धर्म का नहीं पर्यावरण रक्षा का बड़ा संदेश छुपा है। कुंभ का महत्वपूर्ण पहलू नदियों के महत्व से जुड़ा हुआ समागम है। आज जब कुंभ जल में हम सब डुबकी लगा के तरना चाहते हैं, तो इन नदियों की पवित्रता और अस्तित्व बनाए रखना भी तो हमारी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है।कुंभ आस्था, आत्मा, और आत्मीयता का सबसे बड़ा प्रतीक माना जा सकता है। करोड़ों लोग सदियों से इस पर्व को मनाते आ रहे हैं। यह केवल हिंदुओं के लिए धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि इसमें मानवता का सबसे बड़ा अंश निहित है। समुद्र मंथन की कथा और इससे जुड़े विचार इस बात के प्रतीक हैं कि कुंभ का अभिप्राय है-समागम, और समझ, जो मंथन से उत्पन्न हो, ताकि सभी मिलकर इस पर्व को सुरक्षित भविष्य के लिए चिंतन भी मानें। आज यह दुनिया का सबसे बड़ा पर्व माना जा सकता है, जहां हर वर्ग से आकर लोग सामूहिकता का परिचय भी देते हैं। कुंभ का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह नदियों के महत्व से जुड़ा हुआ समागम है। भारत के चारों प्रमुख कुंभ स्थलों (प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक) का संबंध नदियों से है। यह परंपरा समुद्र मंथन की गाथाओं से उत्पन्न हुई है, जिसमें जल को सबसे बड़ा तत्व माना गया है। जल न केवल हमारे शरीर का मुख्य घटक है, बल्कि पृथ्वी और समुद्र का भी मुख्य आधार है। यह जीवन का आधार है। इसे ऐसे भी समझ सकते हैं कि जब भी ब्रह्मांड के अन्य ग्रहों में जीवन की खोज की जाती है, तो हर ग्रह पर सबसे पहले जल की संभावना को तलाशा जाता है, क्योंकि जहां जल है, वहां जीवन है। यह भी सच है कि कुंभ की परिकल्पना सिर्फ एक धर्म विशेष के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए की गई थी। यह विचार 'यत पिंडे, तत ब्रह्मांडे' के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका अर्थ है कि जो हमारे शरीर में है, वही ब्रह्मांड में है। और हमारे शरीर में सबसे ज्यादा जल ही है, जो पृथ्वी में भी है।आज के समय में कुंभ को वर्तमान संदर्भों में देखने की आवश्यकता है। यह पर्व नदियों के सानिध्य में मनाया जाता है, लेकिन नदियों के हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। अगर नदियां हमारे साथ नहीं रहीं, तो कुंभ के महत्व को भी ग्रहण लगेगा। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक के जीवन में नदियां प्रमुख भूमिका निभाती हैं। इन नदियों में स्नान कर मोक्ष प्राप्ति की कल्पना की जाती है। लेकिन आज गंगा, यमुना और अन्य नदियों की स्थिति चिंताजनक है, जिनसे तरना कल कठिन हो जाएगा। आजकल की खबर है कि संगम के आगे पीछे नदियां मैली हैं और त्वचा से संबंधित शिकायतें भी आ रही हैं। चाणक्य ने कहा था, 'क्लो दश सहसस्त्राणी हरीस्तये जयती, तदर्थ जानवी तोयम तदर्थ ग्राम देवता' अर्थात कलयुग के दस हजार वर्ष पूरे होने पर विष्णु साथ छोड़ देंगे और उसके आधे में गंगा विलुप्त होना शुरू करेगी और उसके भी आधे में ग्राम देवता। और यह सब चाणक्य के लिए इसलिए कहना संभव था, क्योंकि वह मनुष्य की प्रवृत्ति को समझते थे। आज का सवाल ही यह है कि क्या हम इन नदियों को बचा पाएंगे?

*कुंभ का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह नदियों के महत्व से जुड़ा हुआ समागम है।*

# संपत्ति कार्ड : सह-स्वामित्व से होगा महिलाओं का सशक्तिकरण

18 जनवरी, 2025 को लगभग 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डों का वितरण, ग्रामीण सशक्तिकरण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह पहल, संपत्ति के अधिकारों को मजबूत करने और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक समृद्ध और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। ऐतिहासिक रूप से, भारत में ग्रामीण महिलाएँ कृषि, घरेलू प्रबंधन और सामुदायिक जीवन का केंद्र रही हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, प्रणालीगत बाधाओं ने उन्हें उस भूमि की कानूनी मान्यता से वंचित कर दिया है, जिस पर वे खेती करती हैं और जिसकी देखभाल करती हैं। इस असमानता ने महिलाओं की वित्तीय संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता तक पहुँच को बाधित कर दिया है, जिससे आर्थिक और लैंगिक असमानताएँ अभी तक मौजूद हैं।

स्वामित्व योजना आधिकारिक तौर पर महिलाओं को भूमि के सह-स्वामी के रूप में मान्यता देकर इस आख्यान को नया रूप दे रही है। यह परिवर्तनकारी पहल, महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति में समान हिस्सेदारी की सुविधा देती है तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। यह लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण भारत में, भूमि स्वामित्व वित्तीय मूल्य से परे है - यह सामाजिक स्थिति और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। संपत्ति के अधिकार के बिना, महिलाओं को अक्सर वित्तीय अस्थिरता, विस्थापन और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कानूनी भूमि अधिकार प्रदान करके, स्वामित्व योजना महिलाओं को भूमि उपयोग, पहुँच और संसाधनों के संबंध में सुरक्षा और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है।

योजना के सबसे प्रभावशाली परिणामों में से एक है - महिलाओं को मिली वित्तीय स्वतंत्रता। भूमि स्वामित्व ऋण, क्रेडिट और बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाता है, जो पहले औपचारिक भू-स्वामित्व के बिना संभव नहीं थे। यह पहुँच महिलाओं को अपने परिवार के भविष्य में निवेश करने और वित्तीय स्थिरता स्थापित करने की सुविधा देती है। संपत्ति में महिलाओं को सह-स्वामियों के रूप में शामिल करने से, ग्रामीण महिलाओं के पास अब ऋण प्राप्ति के लिए गिरवी के रूप में अपनी भूमि का उपयोग करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए,



महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थानीय अधिकारियों ने महिलाओं को संपत्तियों का सह-स्वामी बनने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप, महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से या पूर्ण स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों का प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 16% से बढ़कर 88% हो गया। इस बदलाव ने महिलाओं को ऋण प्राप्त करने, व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के साथ-साथ संपत्ति विवादों को कम करने और आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के प्रति सशक्त बनाया है। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, राज्य के भू राजस्व संहिता के तहत सह-स्वामी के रूप में महिलाओं को शामिल करने के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। हरदा की श्रीमती शालिया सिद्दीकी जैसी महिलाओं ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड प्राप्त करने से कैसे उनकी भूमि सुरक्षित हुई और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी समर्थन प्राप्त हुआ। इस सशक्तिकरण ने ऋण, कृषि सहायता और अन्य वित्तीय संसाधनों तक पहुँच को सक्षम किया है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।

वित्तीय और कानूनी सशक्तिकरण से परे, यह योजना एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपलब्धि है। कई महिलाओं के लिए, संपत्ति का स्वामित्व परिवारों और समुदायों में सुरक्षा, मान्यता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। यह उन सांस्कृतिक मानदंडों को चुनौती देता है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को संपत्ति से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रखा है। इस योजना के जरिये महिलाओं को घरेलू और सामुदायिक शासन में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है। भूमि अधिकारों को सुरक्षित करके, स्वामित्व योजना गहरी जड़ें जमाए लैंगिक पूर्वाग्रहों का समाधान करती है और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सशक्त बनाती है। कानूनी मान्यता परिवारों और समाज के भीतर उनकी स्थिति को मजबूत करती है, घरेलू संसाधनों पर अधिक नियंत्रण प्रदान करती है और संपत्ति विवादों के दौरान विस्थापन या अधिकारों के उल्लंघन के जोखिम को कम करती है। वित्तीय या व्यक्तिगत संकट के दौरान, भूमि स्वामित्व एक अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करता है, जो महिलाओं को अपने अधिकारों का दावा करने और अपनी आजीविका सुरक्षित करने में सक्षम बनाता है।

इसके अलावा, यह योजना संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप है, विशेष रूप से लक्ष्य 1, जिसका उद्देश्य गरीबी को समाप्त करना है, और उप-लक्ष्य 1.4.2, जो महिलाओं सहित कमजोर समूहों के लिए कार्यकाल सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर देता है। महिलाओं को संपत्ति के मालिकों के रूप में मान्यता देकर, स्वामित्व योजना इन वैश्विक लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती है तथा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देती है। सुरक्षित भूमि अधिकारों के लाभ व्यक्तिगत घरों से आगे जाते हैं। जिन महिलाओं के पास भूमि का मालिकाना हक़ होता है, वे वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने, अपने परिवारों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने और लैंगिक हिंसा को कम करने की दृष्टि से बेहतर स्थिति में होती हैं। सशक्त भूमि मालिक आर्थिक विकल्पों पर स्वायत्तता प्राप्त करते हैं, उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार होता है और वे सामुदायिक मामलों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। इससे एक क्रमिक प्रभाव पैदा होता है, महिलाएँ अपने समुदायों में फिर से निवेश करती हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करती हैं और सतत विकास को बढ़ावा देती हैं। इस योजना की सफलता महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है, जहाँ इसके कार्यान्वयन के ठोस लाभ सामने आये हैं। 13 राज्यों ने पहले ही संपत्ति में महिलाओं के सह-स्वामित्व को अपना लिया है, उम्मीद है कि अन्य राज्य भी इसका अनुसरण करेंगे, जिससे ग्रामीण भारत में इस योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव का विस्तार होगा। योजना के कार्यान्वयन ने 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। 67,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 3.17 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। इस व्यापक मानचित्रण से अनुमान लगाया गया है कि भूमि का आर्थिक मूल्य 132 लाख करोड़ रुपये है, जो योजना की ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को बदलने की क्षमता को प्रदर्शित करता है।

आज की बात



**सुशील कुमार लोहानी**
अपर सचिव, पंचायती राज मंत्रालय

# देश में प्रतिबंधित क्यों नहीं हो रही जानलेवा 'चाईना डोर'

विश्व के सबसे बड़े बाज़ार के रूप में अपनी पहचान रखने वाले भारत में चीन जैसे पड़ोसी देश के अनगिनत उत्पाद पटे पड़े हैं। शायद ही कोई क्षेत्र ऐसा हो जिससे संबंधित सामग्री चीन निर्मित न कर रहा हो और भारत सहित पूरी दुनिया को उनकी आपूर्ति न कर रहा हो। छोटी से छोटी मामूली चीज़ों से लेकर बड़ी से बड़ी और भारी से भारी वस्तुएं चीन द्वारा निर्मित कर भारत भेजी जा रही हैं। मिसाल के तौर पर जहाँ चीन निर्मित मोबाईल फ़ोन लैपटॉप व कंप्यूटर आदि भारतीय बाज़ार में भरे पड़े हैं वहीं चाईना की रंग बिरंगी लाईट्स दीपावली,नववर्ष जैसे अनेक अवसरों पर पूरे देश में अपनी रंगबिरंगी छटायें बिखेरती हैं। सजावट, मशीनरी, कांच, पत्थर, प्लास्टिक, खिलौना, कपड़ा, बर्तन, क्रॉकरी, फ़र्नीचर, हार्डवेयर, आतिशबाज़ी, धार्मिक सामग्री, देवी देवताओं भगवानों के चित्र, फ़ोटो फ्रेम, नज़र बट्टू, कंठी माला टोपी तस्बीह मुसल्ला मेडिकल व सर्जिकल सामग्री जैसी तमाम क्षेत्रों से सम्बंधित सामग्रियों का निर्माण व इनकी आपूर्ति चीन द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में की जाती है। इन्हीं चीन निर्मित सामग्रियों में कुछ सामग्री ऐसी भी हैं जिनका इस्तेमाल करना लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। ऐसी ही मनोरंजन से जुड़ी एक सामग्री है 'चाईना डोर'। 'चाईना डोर' का प्रयोग पतंगबाज़ी में किया जाता है। और भारत पूरे विश्व में पतंगबाज़ी के लिये प्रसिद्ध है। वसंत पंचमी जैसे अनेक त्योहारों पर तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और इसके अलावा छुट्टियों के दिनों में तमाम लोग अपने फ़ुर्सत के लम्हे पतंगबाज़ी कर बिताना चाहते हैं। चीन जहाँ भारत को तरह तरह की रंग बिरंगी छोटी बड़ी पतंगें निर्यात करता है वहीं पतंग उड़ने में प्रयोग किया जाने वाला डोर/मांझा भी चीन से ही आता है। दरअसल पतंगबाज़ी में प्रयुक्त मांझा जो भारत में भी बनता है उसमें भी कुशाग्रता अथवा धार पैदा करने के लिये उसमें पिसे हुये कांच का पाउडर मिलाया जाता है। और भारत में चाईना डोर के आने की शुरुआत से पहले भी पतंग उड़ाने वाले मांझे में उलझकर अनेक लोग ज़ख़्मी हो जाते थे। परन्तु आख़िरकार वह भारतीय मांझा टूट जाया करता था। लेकिन जबसे भारतीय बाज़ार में चाइनीज़ मांझों ने अपनी दस्तक दी है तब से तो पतंगबाज़ी मनोरंजन से अधिक दहशत भरे व जानलेवा मनोरंजन के रूप में जाना जाने लगा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**निर्मल रानी**

सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष में

# नए भारत को युवाओं के शिक्षा कौशल पर ध्यान देना होगा

सुभाष चंद्र बोस, जिन्हें "नेताजी" के नाम से जाना जाता है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक ऐसे नायक थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प, और राष्ट्रभक्ति से देश को स्वतंत्रता की दिशा में प्रेरित किया। हर साल 23 जनवरी को उनकी जयंती को "पराक्रम दिवस" के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उनके विचारों और आदर्शों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने न केवल स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बने। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक शहर में हुआ था। उनके पिता जानकीनाथ बोस एक प्रतिष्ठित वकील थे। सुभाष बचपन से ही प्रतिभाशाली और राष्ट्रप्रेमी थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कटक और फिर कोलकाता में पूरी की। भारतीय सिविल सेवा (ICS) की परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त करने के बावजूद, उन्होंने ब्रिटिश सरकार की सेवा करने से इनकार कर दिया और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदारी का निर्णय लिया। सुभाष चंद्र बोस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सक्रिय नेता थे। 1938 में, वे हरिपुरा अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष बने और भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने क्रांतिकारी विचारों को प्रस्तुत किया। हालांकि महात्मा गांधी से उनके विचारों में भिन्नता थी, फिर भी उन्होंने देश के हित को सर्वोपरि रखा। नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया और "दिल्ली चलो" का नारा दिया। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र संघर्ष का मार्ग चुना और जापान तथा जर्मनी जैसे देशों से सहयोग प्राप्त किया। उनका नेतृत्व भारतीय सैनिकों के लिए प्रेरणादायक था। "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।" "स्वतंत्रता बलिदान मांगती है।" ये नारे न केवल आजादी के समय बल्कि आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। नेताजी का मानना था कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता का भी प्रतीक होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, कौशल, और चरित्र निर्माण का महत्व समझाया और राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि माना। नेताजी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की नींव माना। उनका कहना था कि युवा अगर संगठित और अनुशासित हों, तो कोई भी शक्ति भारत को प्रगति के मार्ग पर बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव का कड़ा विरोध किया और एक समान और न्यायपूर्ण समाज की वकालत की। नेताजी ने कहा, "धर्म किसी का निजी मामला है, इसे राष्ट्र से जोड़ना गलत है।" उन्होंने सभी धर्मों और समुदायों के बीच एकता और भाईचारे पर जोर दिया।

आज के समय में सुभाष चंद्र बोस के विचार और सिद्धांत भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। जब भारत आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र में उन्नति कर रहा है, तब उनकी शिक्षाओं को अपनाना और उनके आदर्शों पर चलना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके विचार आत्मनिर्भर भारत की नींव रखते हैं, जो आज के समय में "मेक इन इंडिया" और "स्टार्टअप इंडिया" जैसे अभियानों के माध्यम से प्रकट होता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और प्रेरणा-स्रोत थे। उनका जीवन केवल देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष तक सीमित नहीं था, बल्कि वह भारत को एक मजबूत, स्वावलंबी और समृद्ध राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे। उनका मानना था कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है, और इसके लिए शिक्षा और कौशल विकास को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है। उनकी जयंती के अवसर पर उनके विचारों और सिद्धांतों पर चर्चा करना अत्यंत प्रासंगिक है, क्योंकि आज भी उनके विचार देश के विकास के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं।

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक, सहायक आचार्य, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, गुमला रांची विवि, रांची।



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

रूप हजारों आग के, इसे न छेड़ें आप।
पता नहीं किस रूप में, लील जाय चुपचाप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस : पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत

पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्त्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे "भारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थान" का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है।

इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आईएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "नेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो।"

सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। देशभक्ति की गहरी भावना और अपने देश की सेवा करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने एक सम्मानजनक करियर की सुख-सुविधाओं को ठुकराते हुए आईसीएस से इस्तीफा देने का फैसला किया। बाद में, उन्होंने देशभक्ति की भावना जगाने और देशवासियों के बीच स्वतंत्रता का संदेश फैलाने के लिए 1921 में 'स्वराज' नामक एक समाचार पत्र शुरू किया।

नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिर्फ़ एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नज़रबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिर्फ़ एक रणनीतिक कदम नहीं था - यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और ज़रूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था। उन्होंने घोषणा की, "मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा," यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि सच्ची आज़ादी के लिए सिर्फ़ शब्दों की नहीं, बल्कि कार्यों की भी जरूरत होती है। चाहे वह इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के निर्माण के ज़रिए हो या आज़ाद हिंद रेडियो पर उनके भाषणों के ज़रिए, बोस ने दिखाया कि आज़ादी हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास, बलिदान और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने की इच्छा की ज़रूरत होती है। पूर्व ब्रिटिश पीएम क्लेमेंट एटली ने एक बयान में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के कई कारण बताए, "उनमें से सबसे प्रमुख कारण था - नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना।"

अलग बात



**गजेंद्र सिंह शेखावत**
केंद्रीय संस्कृति मंत्री

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ 2025 : सीएम योगी ने अपने मंत्रियों के साथ पवित्र संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**एजेंसी। महाकुंभनगर**



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसकी जानकारी सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तस्वीर शेयर करते हुए दी। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, ''तत्राभिषेकं यः कुर्यात् संगमे शंसितव्रतः। तुल्यं फलमवाप्नोति राजसूयाश्वमेधयोः॥ एकता, समता और समरसता के महासमागम, भारतीयता और मानवता के महोत्सव, महाकुंभ -2025, प्रयागराज में आज अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ पवित्र त्रिवेणी संगम में पावन स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती सभी का कल्याण करें। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में प्रवासी पक्षियों को दाना भी खिलाया। सभी त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए एक विशेष नाव पर सवार हुए। इसके पहले कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी और सभी मंत्री अरैल घाट से संगम के लिए रवाना हुए। रास्ते में साइबेरियन पक्षियों और मछलियों को दाना खिलाया। इसके बाद संगम में मुख्यमंत्री योगी और सभी मंत्रियों ने स्नान किए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना भी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मीटिंग के बाद बैठक में हुई चर्चा पर जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार को लेकर नई पॉलिसी बनाने पर चर्चा हुई, इस पॉलिसी में बड़े निवेश को आमंत्रित करने के लिए इंसेंटिव की चर्चा हुई है। इसके साथ ही युवाओं को स्मार्टफोन-टैबलेट देने की बात पर मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा की गई है। कैबिनेट बैठक में बागपत, हाथरस और कासगंज में नए मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। प्रयागराज के पास चार लेन ब्रिज बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

# वाराणसी, प्रयागराज सहित सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

- प्रयागराज विंध्य क्षेत्र व वाराणसी विंध्य क्षेत्र का गठन
- गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक
- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का भी विस्तार रीवा तक
- गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को गंगा एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा
- यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनाया जाएगा
- प्रयागराज, वाराणसी व आगरा के लिए बॉन्ड जारी किए जाएंगे

**प्रयागराज।** महाकुंभ में हुई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल, संगम के पास अरैल में भी एक सामानंतर पुल को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा वाराणसी, प्रयागराज सहित सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी व आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल व मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज समेत कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विंध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक करना शामिल है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जा रहा है। प्रयागराज को झूसी से जोड़ने के लिए एक और चार लेन का पुल बनाया जाएगा। यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनाया जाएगा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के साथ-साथ वाराणसी में भी नीति आयोग के सहयोग से विकास क्षेत्र विकसित किया जाएगा। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विंध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक सतत विकास बनाने के लिए, हम एक विकास क्षेत्र विकसित करेंगे। इसके बुनियादी ढांचे के लिए, गंगा एक्सप्रेस वे का विस्तार दिया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज से मिजार्पुर, भदोही से काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना है, वाराणसी और चंदौली से, यह (गंगा) एक्सप्रेसवे सोनभद्र को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा। योगी ने कहा कि हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल बनेगा, अरैल में भी एक पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम हैं। इन तीनों के लिए बॉन्ड जारी किए जाएंगे। पिछले एक हफ्ते में 9.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है। प्रयागराज नगर निगम प्रयागराज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बॉन्ड जारी करेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केजीएमयू केंद्र को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। 62 आईटीआई, 5 नवाचार, आविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरी कैबिनेट पहली बार महाकुंभ में मौजूद है। राज्य के विकास से जुड़ी नीतियों पर चर्चा हुई। प्रयागराज से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस और रक्षा तथा रोजगार नीति को पांच साल पूरे हो गए हैं। इसे नवीनीकृत किया जाएगा। अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए नए प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है।

## उपराष्ट्रपति ने आईआईडीएल के छात्रों से की बात

# दुख की बात है, लोग मर्यादा भूल गए हैं : जगदीप धनखड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**बोले उपराष्ट्रपति**

- लोकतंत्र का मंदिर बन गया है अखाड़ा
- गरिमा नाम की कोई चीज नहीं रही



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेटिक लीडरशिप (आईआईडीएल) के छात्रों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर विचार रखे। लोकतांत्रिक मूल्यों की वकालत करते हुए वर्तमान राजनीतिक हालातों पर नजर रखकर आगे बढ़ने की सलाह दी। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने संसद की कार्यवाही को बाधित करने वाले विपक्ष को भी खरी-खोटी सुनाई। उपराष्ट्रपति ने कहा, "ये दुख की बात है, लोग मर्यादा भूल गए हैं।

उन्होंने कहा, "लोकतंत्र का मंदिर अब अखाड़ा बन गया है। क्या कुछ देखने को नहीं मिल रहा है, क्या कुछ सुनने को नहीं मिल रहा है। मर्यादा शब्द ही लोग भूल गए हैं, गरिमा नाम की कोई चीज ही नहीं रही है। जिस तरह के दृश्य हम अपनी संसद में देखते हैं, वह निश्चित रूप से देश में किसी के लिए भी प्रेरणादायक नहीं है।"

उन्होंने आगे कहा, "हमें लोकतंत्र की जननी होने पर गर्व है, लेकिन जो देखने को मिल रहा है, उसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। देश में राजनीतिक माहौल बेहद चिंताजनक है। राजनीतिक दलों का आपस में कोई सार्थक संवाद नहीं है। वे राष्ट्रवाद, सुरक्षा या विकास के मुद्दों पर विचार-विमर्श नहीं करते हैं। टकराव का रुख मजबूत हो रहा है, अशांति को राजनीतिक रणनीति के तौर पर हथियार बनाया गया है। हर तरफ से जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जाता है, वह न केवल भारतीय मानस को कमजोर करती है, बल्कि हमारी गौरवशाली सभ्यता को भी धूमिल करती है।"

इससे पहले जयपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था कि राजनीतिक विचारों में अंतर लोकतंत्र की खूबी है, लेकिन इसके लिए राष्ट्रहित की अनदेखी नहीं की जा सकती। हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम किसी भी हाल में राष्ट्रीयता को तिलांजलि नहीं देंगे।

अलग-अलग विचार रखना प्रजातंत्र के गुलदस्ते की महक है। राजनीतिक मतांतर प्रजातंत्र की खूबी है। व्यक्तिगत और राजनीतिक हितों के लिए राष्ट्रीय हित को छोड़ना उचित नहीं है। अगर राष्ट्रहित को सर्वोपरि नहीं रखा गया तो राजनीति में मतभेद राष्ट्रविरोधी हो सकते हैं। मेरा मानना है कि ऐसी ताकतें देश के विकास के लिए हानिकारक हैं।

## स्कूल के हेड मास्टर पर छेड़खानी का आरोप, ग्रामीणों ने किए हंगामे

**नवादा।** जिनके कंधों पर बच्चियों के भविष्य बनाने की जिम्मेदारी है, उन्हीं से आज बेटी सुरक्षित नहीं हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को नवादा में घटित हुई है।,जहां सर्व शिक्षा अभियान के तहत पकरीबरावां प्रखंड के कोनंदपुर गांव में स्थित सरदार पटेल इंटर विद्यालय में पढ़ने वाली एक छात्रा छेड़खानी का शिकार हुई है। छेड़खानी को अंजाम देने वाले बाहरी और स्कूल के छात्र नहीं हैं बल्कि स्कूल का प्रधानाचार्य है। इस घटना से छात्रा सहमी और डरी हुई है। नवादा जिले के पकरीबरावां प्रखंड के कोनंदपुर गांव में स्थित सरदार पटेल इंटर स्कूल के पढ़ने वाली एक छात्रा ने विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय प्रसाद पर "बैड टच" का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए हड़कंप मचा दिया। पीड़िता का आरोप है कि स्कूल में पढ़ने वाली छात्रों को झांसा देकर प्रधानाचार्य गलत काम करने के लिए मजबूर करते हैं। कक्षा 9वीं की छात्रा के साथ अश्लील हरक़त से आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा किया। पीड़िता के मुताबिक स्कूल कैंपस में ही गुरु-शिष्या की मर्यादा को तार-तार कर दिया है। बताया जा रहा छात्रा किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर अपने घर तक पहुंची, जहां पीड़िता ने आपबीती परिजनों को सुनाई, जिसके बाद प्रधानाध्यापक की करतूत से आक्रोशित ग्रामीण थाने पहुंच कर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे।

# 29 को मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में 10 करोड़ श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी

**नवीन मेल संवाददाता**

- जूना अखाड़े में की जा रही फ्रांस, इटली, जापान व रूस के 5 हजार से ज्यादा भक्तों के लिए व्यवस्था

**प्रयागराज।** त्रिवेणी तट पर 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में बहुत ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेला प्रशासन के दावे के अनुसार इस स्नान पर्व में 7 से 10 करोड़ के लगभग श्रद्धालुओं व पर्यटकों के महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है। इसके मद्देनजर प्रशासन तैयारी में जुटा है। साधु-संतों के शिविरों में भी इस पावन अवसर पर अमृत स्नान के लिए आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि का कहना है कि अकेले उनके शिविर में इस पुण्य पर्व पर फ्रांस, इटली, जापान व रूस से पांच हजार से ज्यादा विदेशी भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। ये सभी भक्त 24 जनवरी से पहुंचने लगेंगे। विश्व बंधुत्व का भाव भारतीय संस्कृति का मूल है, जिसमें सभी तरह के भेद और विचारों का शमन हो जाता है। सनातन के गर्व, महाकुंभ पर्व पर शांति, मुक्ति और सद्भाव की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। यहां युद्धरत देशों यूक्रेन और रूस के नागरिक एक ही मंच पर एक साथ अपने गुरु के सानिध्य में विश्व शांति के लिए शिव नाम का जाप कर रहे हैं। रूस के नागरिक एंड्री का कहना है कि पहली बार वह त्रिवेणी संगम आए हैं। यहां इतने सारे लोगों को एक साथ देखकर आंखों को यकीन दिलाना मुश्किल है। गंगा में डुबकी लगाना एक रहस्य जैसा अनुभव है। एंड्री कहते हैं कि वह भगवान शिव के भक्त हैं और इसलिए वह विश्व की शांति की कामना के लिए अपने गुरु के चरणों में प्रार्थना करते हैं, सभी भेद अब मिट गए हैं। वहीं, यूक्रेन से आए ओली सिमोवा भी स्वामी विष्णुदेवानंद जी के शिविर में रूसी नागरिक एंड्री के साथ मिलकर शिव नाम का जाप करते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**वृष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**सिंह :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**धनु :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मकर :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मीन :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। स्वविवेक से कार्य करें। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

# संभल में मिला एक और प्राचीन कूप अतिक्रमण हटाने का काम जारी

**एजेंसी। संभल**



उत्तर प्रदेश के संभल में हरिहर मंदिर के पास एक और प्राचीन कूप की खुदाई का काम प्रशासन ने शुरू कराया है। इस कूप को कुछ साल पहले मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया था। इस कूप के आसपास से अतिक्रमण को हटाने का काम काफी तेज गति से हो रहा है। संभल के एएसपी श्रीश चंद्र ने बताया कि कूप के आसपास के लोगों ने जानकारी दी है कि यहां एक कूप को अवैध रूप से छिपा दिया गया था। इस कूप के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इस मामले की जांच की जाएगी और जरूरत पड़ने पर आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। आसपास के बुजुर्गों ने बताया है कि यह कूप सैकड़ों वर्ष पुराना है। स्थानीय निवासी संजय पोली ने बताया कि यह कूप प्राचीन कूपों में से एक है, यह जो 19 कूप बताए जा रहे हैं, उनमें से एक है। यह हरिहर मंदिर के निकट है। इसी कारण यह बहुत ही पूजनीय स्थल में शामिल रहा है। उन्होंने बताया कि पहले महिलाएं मां बनने या शादी के बाद नई बहू के पूजन के लिए यहां आती थीं। लोगों ने याचिका डालकर निवेदन किया था। उसके बाद कूप को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की जा रही है। यह उम्मीद है कि निश्चित तौर पर कूप लोगों को मिलेगा। उन्होंने आगे बताया कि यहां पर ज्यादातर चीजें प्राचीन हैं। उनके स्वरूपों में बदलाव किया गया है। जब भी खुदाई होगी तो उसका प्राचीन स्वरूप सामने आएगा। जानकारी के मुताबिक, संभल के पौराणिक काल में सामने आए नक्शे में भी इस कूप को दर्शाया गया है। फिलहाल खुदाई के दौरान किसी तरह का हंगामा या अव्यवस्था नहीं फैले, इसे देखते हुए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती भी की गई है।

# बलिया में 700 ग्राम हेरोइन के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी। बलिया**

उत्तर प्रदेश की बलिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 700 ग्राम हेरोइन के साथ दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.40 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि थाना दुबहड़ पुलिस ने दो नशा तस्करों को पकड़ा। दोनों बैरिया क्षेत्र के हैं। तलाशी में इनके पास से 700 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पकड़े गए अनिल कुमार का संबंध झारखंड के तस्करों से है। वह पहले भी हेरोइन की तस्करी कर चुका है। उसका स्थानीय स्तर पर एक नेटवर्क था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हेरोइन को तस्करी कर बलिया लाया जाता था और फिर पूर्वांचल के जिलों में भी सप्लाई की जाती थी। अभी कुछ दिन पहले भी कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। उसी लिंक पर पुलिस काम कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को सफलता मिली। उन्होंने बताया कि यह दोनों आरोपी पहले भी गंभीर अपराध में लिप्त रहे हैं। अनिल कुमार शाहजहांपुर में हत्या के मामले में जेल में बंद रहा है। यह उसी समय एक ड्रग्स तस्कर के संपर्क में आया। उसी समय से इस काम में लिप्त था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दूसरा आरोपी मृत्युंजय तिवारी लोकल हैंडलर है। वह हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट चुका है। उस पर अन्य मुकदमे भी हैं। दोनों कई आपराधिक वारदातों में शामिल रहे हैं।

## फंदे से लटका मिला नाबालिग प्रेमी का शव

**पूर्वी चंपारण।** जिले के चिरैया थाना क्षेत्र के घोड़ा गांव में बुधवार की सुबह एक नाबालिग प्रेमी जोड़े का शव फंदे से लटका बरामद किया गया। दोनों का शव उनके घर से महज 500 मीटर की दूरी पर पेड़ से लटकी मिली है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों नाबालिग एक ही स्कूल में 10वीं के छात्र थे। बीते एक साल से दोनों के बीच लव अफेयर चल रहा था। इसकी जानकारी 6 माह पूर्व दोनों के परिजनों को हुई,तो दोनों परिवार में काफी विरोध हुआ। इन दोनों के प्रेम-प्रसंग के कारण दोनो के परिवार अक्सर लड़ाई-झगड़े भी होते थे। ऐसा कयास लगाया जा रहा है,कि इन बातो से परेशान होकर दोनों ने आत्महत्या कर ली है।

# पीएम मोदी का 'आप' और केजरीवाल पर तंज, 'जनता जवाब दे रही, ये फिर खाएंगे'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पीएम मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय की बात कही। उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि ये 'आप' वाले आजकल नारे बुलवाते हैं कि 'फिर आएंगे, फिर आएंगे'। लेकिन, जनता इन्हें जवाब दे रही है कि 'ये फिर खाएंगे, फिर खाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली वाले 'आप' वालों की आप-दा और उनके झूठ एवं फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आप-दा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। ये आप-दा वाले अब हर दिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि उनको रोज पराजय की नई-नई खबरें मिल रही हैं। ये इतने डरे हुए हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नई घोषणा करनी पड़ रही है। लेकिन, अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गई है। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में जो 'आप' वाले 'आपदा' लाकर बैठे हैं, उन्हें अपने हिस्से का जो पैसा दिल्ली की गलियों, सीवर सिस्टम बनाने, पार्क बनाने और स्वच्छता के लिए लगाना चाहिए था। लेकिन, इन आप-दा वालों ने अपना एक भी दायित्व दिल्ली में निभाया नहीं। झूठ के सहारे इनकी गाड़ी चल जाएगी, ये इसी भरोसे चलते रहे। पीएम मोदी ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के लिए कार्यकर्ताओं को टारगेट भी दिए। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सिर्फ विजय काफी नहीं है। हर बूथ दो लक्ष्य तय कर सकता है। पहला, मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगे। पिछले 10 साल में जितना मतदान हुआ है, उससे ज्यादा मतदान हमारे बूथ में होगा। दूसरा, मामूली विजय नहीं। हर बूथ पर भाजपा को 50 प्रतिशत से ज्यादा

## केजरीवाल को फ्री की राजनीति पर वोटों की रोटी सेंकनी बंद करनी चाहिए : अलका लांबा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अलका लांबा ने बुधवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, फ्री की योजनाएं जनता का हक है, ये हर सरकार करती है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनाव प्रचार के दौरान बयान दिया था कि अगर दिल्ली में 'आप' सरकार नहीं आई तो दिल्ली वासियों के लिए शुरू की गई फ्री की योजनाएं बंद हो जाएंगी।कांग्रेस प्रत्याशी अलका लांबा ने पलटवार करते हुए कहा, "उनको दिल्ली की जनता को डराना नहीं चाहिए। जनता को फ्री की योजनाएं न वो दे रहे हैं और न कोई दे सकता है, ये उनका अधिकार है। ये योजनाएं शीला दीक्षित के समय और मदन लाल खुराना के समय भी चल रही थी, सभी सरकारें ऐसा करती हैं।

# रेलवे क्लेम घोटाले में पटना समेत देश के पांच ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**एजेंसी। पटना**




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे क्लेम घोटाला मामले में बुधवार को बिहार के पटना और नालंदा समेत देश के पांच स्थानों पर छापेमारी की है। पटना और नालंदा के अलावा बेंगलुरु में भी ईडी की छोपमारी चल रही है। पटना में तीन, नालंदा में एक और बेंगलुरु में एक स्थान पर छापेमारी चल रही है। रेलवे क्लेम घोटाला 100 करोड़ से अधिक का माना जा रहा है। यह घोटाला रेलवे कर्मचारियों के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे किया गया है। ईडी इस मामले में कई न्यायिक अधिकारियों, वकीलों और सरकारी कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर रही है। खासकर, रेलवे न्यायिक अधिकारी रहे आरके मित्तल और वकील बीएन सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। आरके मित्तल को कुछ साल पहले भ्रष्टाचार के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि रेलवे में हुए करोड़ों के इस घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन न्यायमूर्ति रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति उदय यू. ललित की पीठ के निर्देश पर सीबीआई ने यह मामला दर्ज किया था। इस घोटाले में रेलवे कर्मचारियों के नाम पर फर्जी दावे दाखिल किए गए थे और फिर उन दावों के आधार पर बड़ी रकम हड़पी गई थी। इस पूरे रैकेट में कई लोगों की मिलीभगत थी। एक-एक व्यक्ति के नाम पर चार-चार बार धन की उगाही की गई। मामला वर्ष 2015-2018 के बीच का है। सीबीआइ की कार्रवाई को आधार बनाकर प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले की जांच शुरू की थी।

# स्वीयाटेक ने नवारो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**मेलबर्न (आईएएनएस)**

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक बुधवार को 2022 यूएस ओपन जीतने के बाद से रौलां गैरो के बाहर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गईं। पांच बार की प्रमुख चैंपियन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में 89 मिनट में नंबर 8 एम्मा नवारो को 6-1, 6-2 से आसानी से हराया। स्वीयाटेक ने 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेला, जहां वह डेनियल कोलिन्स से हार गईं। स्वीयाटेक ने रैली को नियंत्रित करने और नवारो को कोर्ट के चारों ओर घुमाने के लिए अपने आक्रामक खेल का उपयोग किया। पहला सेट केवल 35 मिनट में जीतने के बाद, स्वीयाटेक को दूसरे सेट की शुरुआत में अधिक लगातार दबाव का सामना करना पड़ा। नवारो, जो लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने मैच का पहला ब्रेक प्वाइंट अर्जित किया, जबकि स्वीयाटेक 2-2 पर सर्विस कर रही थीं। हालांकि, स्वीयाटेक ने उस अवसर को मिटा दिया और अगले गेम में वापसी की। कुल मिलाकर, नवारो दूसरे सेट में स्वीयाटेक को उनके तीन सर्विस गेम में ड्यूस करने में सक्षम थीं, लेकिन पूर्व विश्व नंबर 1 ने दृढ़ निश्चय किया और अपनी सर्विस पर एक भी अंक गंवाए बिना मैच पूरा किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी नंबर 14 मैडिसन कीज़ से होगा, जिन्होंने मेलबर्न में यूक्रेन की नंबर 28 सीड एलिना स्वितोलिना पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत के साथ अपने सातवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और अपने तीसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

## सिंगल्स सेमीफाइनल गुरुवार शाम को **मेलबर्न पार्क** में खेले जाएंगे



डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार कीज़ ने 2025 की अपनी शानदार शुरुआत के दौरान अब लगातार दस मैच जीते हैं, उन्होंने पिछले सप्ताह एडिलेड में अपना नौवां करियर खिताब जीता था। कुल मिलाकर, वह इस सीजन में 12-1 से आगे हैं और उनकी एकमात्र हार ऑकलैंड में अंतिम चैंपियन क्लारा टॉसन से हुई थी। सिंगल्स सेमीफाइनल गुरुवार शाम को मेलबर्न पार्क में खेले जाएंगे। स्वीयाटेक और कीज़ का मुकाबला विश्व की नंबर 1 आर्यना सबालेंका और नंबर 12 पाउला बडोसा के बीच पहले सेमीफाइनल के बाद होगा। अगर सबालेंका और स्वीयाटेक शनिवार के फाइनल में पहुंचती हैं, तो यह मुकाबला तय करेगा कि मेलबर्न पार्क से वर्ल्ड नंबर 1 के रूप में कौन निकलता है।

## भारत बनाम इंग्लैंड अभिषेक शर्मा के लिए आखिरी मौका होगा : आकाश चोपड़ा



**नई दिल्ली।** मेजबान भारत के लिए यह निश्चित रूप से एक बदलाव का समय है क्योंकि वे विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना जीवन को समायोजित कर रहे हैं, जिन्होंने 2024 टी20 विश्व कप जीत के बाद सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया। अभिषेक शर्मा प्रतिस्थापन की शॉर्टलिस्ट में शामिल कुछ खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन राष्ट्रीय टीम के साथ अपने संक्षिप्त कार्यकाल में निरंतरता दिखाने में विफल रहे हैं। बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज को मैदान के सभी हिस्सों की ओर हिट करने की उनकी क्षमता के लिए जाना जाता है। यह कौशल पूरी तरह से प्रदर्शित हुआ जब उन्होंने जुलाई 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 में 47 गेंदों पर धमाकेदार शतक बनाया।

## किंग्समीड में बारिश के चलते मैच रद्द के बाद एमआई केपटाउन प्लेऑफ के करीब


**डरबन ।** मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पहली बार दक्षिण अफ्रीका 20 प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए एक और कदम आगे बढ़ा दिया है। किंग्समीड में डरबन सुपरजाइंट्स के खिलाफ उनका मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। मेहमान टीम ने दो अंक ले लिए, जिससे वह तालिका में शीर्ष पर स्थित पार्ल रॉयल्स के बराबर हो गई, जिसने अधिक जीत हासिल करके पहला स्थान बरकरार रखा है। इस बीच, डरबन के सुपर जायंट्स अपने दो अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर बने हुए हैं, जिससे उनके आठ अंक हो गए हैं। पिछले सीजन के उपविजेता को अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए आगे बढ़ने के लिए एक करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ेगा।

## घरेलू मुकाबले में हमें युवाओं को तैयार करने में मदद मिलेगी : रोहित राजपाल



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल के अनुसार, भविष्य के डेविस कप सितारों को तैयार करने के लिए घरेलू मुकाबले से बेहतर कुछ नहीं है और टोगो के खिलाफ आगामी मुकाबला ऐसा करने का एक अच्छा अवसर है। डेविस कप, जो 1-2 फरवरी को खेला जाएगा, की पांच सदस्यीय टीम में शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन, करण सिंह, एन.श्रीराम बालाजी और ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली शामिल हैं। भारत के शशिकुमार मुकुंद 368वें नंबर पर इस मुकाबले में सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी होंगे। लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ खेलने के बाद वे टीम में वापसी कर रहे हैं। कप्तान राजपाल इस बात से खुश हैं कि भारत को 2024 के अपने दोनों मैच घर से बाहर खेलने के बाद घर पर खेलने का मौका मिलेगा।

## **ऑस्ट्रेलियन ओपन :** शेल्टन ने सोनेगो को हरा दूसरे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया



**मेलबर्न ।** अमेरिकी युवा खिलाड़ी बेन शेल्टन, बुधवार को लोरेंजो सोनेगो के खिलाफ एक संघर्षपूर्ण जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंच गए, जो उनके करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है। 22 वर्षीय अमेरिकी, जो 2023 में अपने घरेलू मेजर में अंतिम चार में पहुंचे थे, मेलबर्न में रॉड लेवर एरिना में 6-4, 7-5, 4-6, 7-6(4) की जीत के बाद खिताब से दो जीत दूर हैं। एटीपी के अनुसार, शेल्टन फ्रांसेस टियाफो के बाद कई प्रमुख सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सक्रिय अमेरिकी व्यक्ति हैं, और टॉमी पॉल के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अपने देश के दूसरे सक्रिय खिलाड़ी हैं। बेसलाइन से शेल्टन के धैर्य ने पहले दो सेटों में रंग दिखाया, क्योंकि अमेरिकी खिलाड़ी ने अपने बाएं हाथ के फोरहैंड को कुशलता से इस्तेमाल करने और नेट पर फिनिश पॉइंट बनाने के लिए अपने पलों को चुना।

## 2025 सीजन में रैंकिंग में बड़ा सुधार चाहते हैं किदांबी श्रीकांत



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पूर्व विश्व नंबर 1 और विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत ने 2025 सीजन के लिए अपनी योजनाओं को साझा करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य रैंकिंग में शीर्ष 25 में वापस आना है और आगामी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने पर उनका ध्यान केंद्रित है। पिछले साल नवंबर में हैदराबाद में स्टाइलिस्ट श्रव्या वर्मा से शादी करने वाले श्रीकांत का पिछला सीजन अच्छा नहीं रहा। वह पिछले साल ओलंपिक में भी हिस्सा नहीं ले पाए थे। 2024 में 14 टूर्नामेंटों के दौरान, वह छह स्पर्धाओं के पहले दौर में बाहर हो गए और तीन बीडब्ल्यूएफ स्पर्धाओं में दूसरे दौर में हार गए। श्रीकांत, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर हैं, ने आईएएनएस से कहा, "2025 में (मेरा लक्ष्य) निश्चित रूप से फिर से कम से कम शीर्ष 20-25 (रैंकिंग में) में वापस आना होगा और फिर टूर्नामेंट जीतने की कोशिश करनी होगी तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी के लिए 2025 सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि उन्हें इंडिया ओपन, सुपर 750 इवेंट के पहले दौर में ही बाहर होना पड़ा, क्योंकि उन्हें चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त शि युकी और इंडोनेशिया के आठवें वरीयता प्राप्त एंथनी गिंटिंग के हटने के कारण मुख्य ड्रॉ में देर से प्रवेश मिला था। हालांकि, मंगलवार को शुरू हुए इंडोनेशिया मास्टर्स में श्रीकांत को क्वालीफिकेशन राउंड में साथी भारतीय आयुष शेट्टी के हाथों सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा और वह मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में असफल रहे।

## खेल मंत्री ने खो-खो विश्व कप विजेताओं को किया सम्मानित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को भारतीय पुरुष और महिला खो खो टीमों को सम्मानित किया, जिन्होंने पहली बार विश्व कप में इतिहास रच दिया। मेजबान भारत ने 19 जनवरी को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में पहला खिताब जीतकर टूर्नामेंट में दोहरी खुशी मनाई। दोनों टीमों ने अपने-अपने फाइनल में नेपाल को हराया। पुरुष और महिला खो खो टीमों की पूरी टीम के साथ-साथ कोच, भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल और केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के अन्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे। मांडविया ने एक्स पर पोस्ट किया, "आज, मैं भारतीय पुरुष और महिला टीमों से मिला, जिन्होंने पहला खो-खो विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। भारत के पारंपरिक खेल को विश्व स्तर पर गौरव दिलाने के लिए दोनों टीमों को बधाई और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं। पूरे देश को आप सभी पर गर्व है। देश में पारंपरिक खेलों के पुनरुत्थान के बारे में बात करते हुए मांडविया ने कहा, "पारंपरिक खेल लचीलापन, सामुदायिक भावना और सबसे महत्वपूर्ण बात, हमारे पारंपरिक खेल मूल्य को बनाए रखते हैं। दुनिया को इन पारंपरिक खेलों की समृद्धि से बहुत कुछ सीखना है।" उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों पर कहा है कि हमें पारंपरिक खेलों को सर्वश्रेष्ठ अवसर प्रदान करना है। अब हमारी टीमें न केवल सर्वश्रेष्ठ अवसर प्राप्त कर रही हैं, बल्कि शानदार प्रदर्शन भी कर रही हैं। मैं अपने खिलाड़ियों की भावना और दोनों टीमों के पारंपरिक कौशल की सराहना करता हूं।" 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत ने बोली लगाई है, जिसके लिए सभी हितधारकों से जीत का सिलसिला जारी रहना चाहिए, जिसका नवीनतम लक्ष्य एशियाई खेल 2026 है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान का बहिष्कार समस्या का हल नहीं : बटलर

**कोलकाता (आईएएनएस)**



अगले महीने चैंपियंस ट्रॉफ़ी में इंग्लैंड की अफ़ग़ानिस्तान के साथ होने वाली भिड़ंत पर इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि अफ़ग़ानिस्तान का बहिष्कार करना समस्या का समाधान है। 26 फ़रवरी को लाहौर में खेला जाने वाला यह मुक़ाबला लेबर पार्टी से सांसद टोनिया एंटोनियाज़ी द्वारा ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड को लिखे पत्र के बाद राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है, जिसमें कहा गया था कि अफ़ग़ानिस्तान में 14 मिलियन महिलाएं सत्तारूढ़ तालिबान द्वारा भेदभाव का शिकार हो रही हैं। एंटोनियाज़ी द्वारा लिखे पत्र में 160 ब्रिटिश सांसदों ने भी हस्ताक्षर किए थे और उसमें इंग्लैंड के ख़िलाड़ियों से तालिबान के तहत अफ़ग़ानिस्तान में महिलाओं के ख़िलाफ़ हो रहे अत्याचार और दुर्व्यवहार पर बोलने के लिए आग्रह किया गया था। अफ़ग़ानिस्तान में 2021 से ही महिलाओं पर खेल में भागीदारी लेने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। पत्र में कहा गया था कि बहिष्कार से यह संदेश स्पष्ट तौर पर जाएगा कि इस तरह के अमानवीय व्यवहार को किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। हालांकि गोल्ड ने इस मांग को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले में अलग-अलग देशों की एकतरफ़ा कार्रवाई के बजाय आईसीसी के नेतृत्व में तमाम देशों के बीच सामंजस्य स्थापित कर कोई फ़ैसला लेने की आवश्यकता है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### केंद्र सरकार ने किसानों को दिया बड़ा तोहफा

## कच्चे जूट की एमएसपी बढ़ाई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान कई बड़े फैसले लिए गए। केंद्र सरकार ने कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 315 रुपए की बढ़ोतरी की है। वर्ष 2025-26 के विपणन सत्र के लिए इसे 5,650 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि कैबिनेट में आज दो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। पहला रॉ जूट की एमएसपी को लेकर है। कैबिनेट ने कच्चे जूट के लिए एमएसपी 5,650 रुपए प्रति क्विंटल (विपणन सीजन 2025-26 के लिए) को मंजूरी दे दी है। पीयूष गोयल ने आगे कहा कि मोदी सरकार सीएसीपी की सिफारिशों के आधार पर लगातार एमएसपी बढ़ा रही है। जब से एमएसपी को 50 फीसदी से ज्यादा तय करने का फैसला लिया गया है, तब से इसका विधिवत पालन किया जा रहा है। इसके आधार पर वर्ष 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट के एमएसपी में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत में जूट के कम उत्पादन पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा, उत्पादन का फैसला किसानों के अपने हितों के आधार पर होगा। जूट का उत्पादन कई तरह की स्थितियों पर आधारित है और इसे एक टिकाऊ उत्पाद के रूप में स्वीकृति मिल रही है। हमने किसानों को जूट उत्पादन के लिए लगातार प्रोत्साहित किया है और हम एमएसपी पर खरीद का आश्वासन देते हैं। हालांकि, जूट का उत्पादन किसानों की अपनी रुचि पर निर्भर करेगा कि उन्हें किस उत्पाद से सबसे अच्छा मूल्य मिलता है। इस साल एमएसपी में की गई बढ़ोतरी 2024-25 सीजन से भी ज्यादा है, जिसका उद्देश्य भारत में जूट उत्पादन को बढ़ावा देना है। पिछले साल कच्चे जूट के एमएसपी में 285 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी, जो 2024-25 सीजन के लिए 5,335 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई थी।

**40** लाख किसान परिवारों की आजीविका जूट उद्योग पर निर्भर

**82** प्रतिशत जूट किसान पश्चिम बंगाल से, शेष असम व बिहार के

## आईटी के दम पर उछला बाजार, सेंसेक्स 566 अंक बढ़ा



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। बाजार के मुख्य सूचकांकों में खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 566 अंक या 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,404 और निफ्टी 130 अंक या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 23,155 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी की वजह आईटी शेयरों में खरीदारी होना था। इन्फोसिस 3.16 प्रतिशत, टीसीएस 2.97 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 2.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ सेंसेक्स के टॉप तीन गेनर्स थे। वहीं, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, एसबीआई और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे। लार्जकैप की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 721 अंक या 1.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,113 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 283 अंक या 1.63 प्रतिशत गिरकर 17,172 पर बंद हुआ। व्यापक बाजार का रुझान नकारात्मक था। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,153 शेयर हरे निशान में और 2,791 शेयर लाल निशान में और 115 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। गिरने वाले शेयरों की संख्या अधिक होने के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट 3 लाख करोड़ रुपए गिरकर 421 करोड़ रुपए रह गया है, जो कि मंगलवार को 424 लाख करोड़ रुपए पर था।

आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा और प्राइवेट बैंक सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। ऑटो, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स में दबाव देखा गया।

## रोबोटिक्स की विकसित भारत के लक्ष्य में अहम भूमिका : नरोत्तम साहू

- **कहा, रोबोट वह कार्य कर सकते हैं जो मानव से संभव नहीं**

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**



गुजरात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में सलाहकर नरोत्तम साहू ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रोबोटिक्स की अहम भूमिका होगी। रोबोफेस्ट गुजरात 4.0 के साइडलाइन में समाचार एजेंसी आ ई ए ए न ए स से बातचीत करते हुए साहू ने कहा कि इस बार अंडरवाटर रोबोट की कैटेगरी भी रोबोफेस्ट में जोड़ी गई है। इस तरह के रोबोट का इस्तेमाल पानी के अंदर राहत-बचाव कार्य करने, रिस्क ऑपरेशन और ऐसे कार्य करने के लिए किया जाता है, जो मानव द्वारा संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि 19 बड़ी संस्थाओं की टीमें यहां अपने प्रोजेक्ट दिखा रही हैं। छात्रों की भी इस इवेंट में बढ़-चढ़कर भागीदारी देखने को मिल रही है। इस प्रतियोगिता में फर्स्ट प्राइज 10 लाख रुपए, सेकंड प्राइज 7.5 लाख रुपए और थर्ड प्राइज 5 लाख रुपए रखा गया है। प्रतियोगिता का कुल प्राइज 5 करोड़ रुपए है। गुजरात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित रोबोफेस्ट गुजरात 4.0, भारत की सबसे बड़ी रोबोटिक्स प्रतियोगिता है। इसमें अपने रोबोट प्रोटोटाइप को दिखाने के लिए देशभर की बड़ी यूनिवर्सिटी के तकनीकी पढ़ाई करने वाले छात्र भाग ले रहे हैं।

## भारत में लोग खरीद रहे हैं बड़े फ्लैट

**मुंबई (आईएएनएस)**




भारत में अब लोग पहले के मुकाबले बड़ा फ्लैट खरीदना पसंद कर रहे हैं। दरअसल, वर्ष 2024 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 8 प्रतिशत बढ़कर 1,540 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि वर्ष 2023 में 1,420 स्क्वायर फीट था। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। एनारॉक ग्रुप ने कहा कि वर्ष 2024 में नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में औसत फ्लैट साइज 29 प्रतिशत बढ़कर 2,435 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि वर्ष 2023 में 1,890 स्क्वायर फीट था। इसकी वजह लग्जरी घरों की आपूर्ति बढ़ना है। रिपोर्ट में बताया गया कि वर्ष 2019 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 1,145 स्क्वायर फीट था। इसमें पिछले छह वर्षों में 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी के अनुसार, यह उछाल मुख्य रूप से पिछले एक साल में एनसीआर में नए लग्जरी हाउसिंग सप्लाई में हुई बढ़ोतरी के कारण है। उन्होंने आगे कहा, यहां के डेवलपर्स मांग पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और उसके मुताबिक प्रोडक्ट्स तैयार कर रहे हैं। यही वजह है कि एनसीआर में 1.5 करोड़ रुपए और उससे ज्यादा कीमत वाले घरों में नई आपूर्ति में वृद्धि देखी गई है।

## ईपीएफओ ने जोड़े नवंबर महीने के दौरान 14.63 लाख सदस्य

**नई दिल्ली (हि.स.)**

रोजगार के मोर्चे पर अच्छी खबर है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नवंबर महीने में शुद्ध रूप से (नेट) 14.63 लाख सदस्य जोड़े हैं। पिछले महीने अक्टूबर, 2024 के दौरान ईपीएफओ ने 13.41 लाख सदस्यों को जोड़ा था। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि ईपीएफओ ने नवंबर, 2024 में 14.63 लाख नेट सदस्यों को जोड़ा है, जबकि अक्टूबर, 2024 के दौरान ईपीएफओ ने 13.41 लाख सदस्यों को जोड़ा था। इस तरह ईपीएफओ से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या में शुद्ध 9.07 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, सालाना आधार पर नवंबर 2023 की तुलना में शुद्ध सदस्यों की संख्या में 4.88 फीसदी की वृद्धि है। अनंतिम पेरोल डाटा के अनुसार, ईपीएफओ ने नवंबर, 2024 में करीब 8.74 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। अक्टूबर, 2024 की तुलना में नए सदस्यों की संख्या में 16.58 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। नए सदस्यों के सालाना आधार पर विश्लेषण से पता चलता है कि नवंबर 2023 में पिछले वर्ष की तुलना में नए सदस्यों की संख्या में 18.80 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है।

**9.07** फीसदी की दर्ज की गई है वृद्धि

# केंद्रीय मंत्री ने की सरकारी योजनाओं की समीक्षा, अस्पताल और स्कूलों का किया निरीक्षण



### मंत्री ने डाक्टरों से नाराजगी जतायी

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने विभिन्न वार्डों का दौरा किया। उन्होंने भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और इलाज में किसी तरह की परेशानी के बारे में पूछा। एक मरीज ने सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की और बताया कि उसे ऑक्सीजन नहीं मिल रहा है। इस पर मंत्री भड़क गए और डॉक्टरों से जवाब मांगा। अस्पताल की इस लापरवाही पर मंत्री ने डीसी से नाराजगी जताई, जिसके बाद डीसी ने सिविल सर्जन और डीएस को फटकार लगाई, हालांकि लेबर वार्ड का निरीक्षण करते हुए मंत्री वहां की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि जन आकांक्षात्मक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से निभानी होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में बेहतर सेवाएं देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। जो काम साठ साल में नहीं हुआ, वह पिछले दस साल में हुआ है, नरेंद्र मोदी के आने के बाद महिलाओं का जीवन बेहतर हुआ है, वहीं महिलाओं को उनकी पहचान भी मिली है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने बुधवार को गढ़वा जिले के विभिन्न स्थानों का दौरा कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने गढ़वा के सीएम विद्यालय सह बालिका उच्च विद्यालय से दौरे की शुरूआत की। यहां बच्चों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया गया। मंत्री ने भारत माता और डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और दीप जलाकर किया। इसके बाद उन्होंने स्कूल के बच्चों और शिक्षकों से बातचीत की। केंद्रीय मंत्री ने बच्चों को उच्च शिक्षा का महत्व समझाया और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने स्कूल के लैब, स्मार्ट क्लास और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। केंद्रीय मंत्री ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तहत चल रहे स्टॉल का निरीक्षण किया। वहां स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने बताया कि पलाश मार्ट योजना के तहत वह आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

---

किसानों को कृषि कार्य प्रशिक्षण व बीज का वितरण

## बीज व खाद पदार्थो का समुचित उपयोग कर कृषि उपज को बेहतर बनाएं:मुखिया




**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सिलीदाग पंचायत सचिवालय में बुधवार को झारखंड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) गढ़वा के, प्रखंड प्रौद्योगिकी प्रबंधक रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में कृषि कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में किसानों को उन्नत विधि से कृषि कार्य,उपज को बेहतर बनाने और मृदा प्रदूषण की रोकथाम और हानिकारक यूरिया का प्रयोग कम करने तथा नैनो यूरिया का प्रयोग करने के बारे में विस्तार से समझाया। कृषि कार्य में यूरिया का प्रयोग से होने वाले दुष्परिणाम को कैसे कम किया जाय, की जानकारी दी गई। साथ ही रासायनिक पदार्थो से होने वाले स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम के लिए जैविक कृषि को अपनाने, और आर्थिक स्थिति को भी मजबूत बनाने के लिए नैनो यूरिया का प्रयोग करने की जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि नैनो यूरिया से फसल को 80 प्रतिशत फायदा होता है और इस यूरिया से फसल को 20 प्रतिशत ही लाभ होता है। मौके पर उपस्थित किसानों के बीच टमाटर, बैगन, लौकी आदि बीज का वितरण किया गया। मुखिया अनिता देवी ने कहा कि कृषि कार्य को बेहतर बनाने के लिए बीटीएम द्वारा सुझाये गये कृषि बीज व खाद पदार्थो का समुचित उपयोग कर कृषि उपज को बेहतर बनाये। प्रशिक्षण के मौके पर पंचायत सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह,किसान मित्र अलोक सिंह, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, किसान सुरेन्द्र पासवान, बालेश्वर मेहता, नंदलाल ठाकुर, सुरेंद्र मेहता, नंद मेहता सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

---

## आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड वितरित

**खरौंधी।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी में 42 विद्यार्थियों को आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड वितरित किए गए। प्रधानाध्यापक गोविंद उरांव ने विद्यालय परिसर में आयोजित एक छोटे से कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड सौंपा और उन्हें परीक्षा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। बोर्ड परीक्षा का आयोजन 28 जनवरी को झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा किया जाएगा। विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में निर्धारित किया गया है। प्रधानाध्यापक ने सभी बच्चों को परीक्षा के दौरान अनुशासन और कड़ी मेहनत बनाए रखने का संदेश दिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों में उत्साह का माहौल देखा गया। प्रधानाध्यापक ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारियों को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। ग्रामीण क्षेत्र में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर शिक्षक नगीना राम,श्यामराज गुप्ता,कुंज बिहारी प्रसाद यादव, नवलेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

---

## डीहवार बाबा मंदिर निर्माण कार्य निजी खर्च पर शुरू

**केतार।** प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत के परती गांव में बुधवार को युवा समाज सेवी पंकज सिंह ने आदिवासी समुदाय के देवता डीहवार बाबा मंदिर निर्माण का शुभारंभ नींव खुदाई कर किया। मंदिर निर्माण कार्य शुरू होने से आदिवासी समुदायों में हर्ष का माहौल देखा गया। इस अवसर पर समाज सेवी पंकज सिंह ने कहा कि गांव के आदिवासी समुदाय के लोगों की मांग बडका आंगना के समीप डीहवार बाबा का मंदिर का निर्माण करना था। उन्होंने अपने निजी खर्च से मंदिर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। इस मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने पर लोगों को पूजा पाठ करने में सहूलियत होगी। मंदिर निर्माण की लागत 1.5 लाख रुपए की है। पंकज सिंह ने कहा कि प्रखंड के लोगों का सहयोग करने के लिए वह हर संभव तैयार है। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब, असहाय, जरूरतमंदों को मेरे सहयोग की जरूरत हो तो उन्हें सूचना दें। मौके पर सतेन्द्र ठाकुर, लालमुनि चौधरी, राधा सिंह, गौरव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

---

## स्वास्थ्य मेला में 1021 मरीजों का इलाज, जांच के बाद दी गई दवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में कुल 1021 मरीजों का ईलाज किया गया। मेला का उद्घाटन राजद प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला पार्षद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, बीडीओ सुनील वर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश कुमार संयुक्त रूप से किया। मौके पर चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार सिंह, डॉ. शशि भूषण, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. मंजूर आलम, डॉ. आकाश खलखो, नीलम लकड़ा सहित प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेममणि सुधांशु, प्रखंड डाटा प्रबंधक रणजीत कुमार मेहता ने भाग लिया। स्वास्थ्य मेला में कुल 1021 मरीजों का ईलाज किया गया, जिसमें 27 लोगों का आयुष्मान कार्ड-आभा कार्ड बना, 23 लोगों का मोतियाबिंद का जांच हुआ, 7 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया, उन्हें , कैल्सियम की दवा दी गई, 1 महिला का 3आर एएनसी हुआ, 7 महिलाओं का ओजीटीटी जांच, जिनको दवा दी गई, 153 कंडोम, 145 छाया, 81 इजी पिल्स बांटा गया। 177 का परिवार नियोजन के लिए काउंसलिंग किया गया, 23 किशोर-किशोरियों का जांच किया गया। 55 लोगों का मलेरिया जांच, 5 लोगों का कुष्ठ जांच, 6 लोगों का टीबी जांच गया। 236 लोगों का शुगर जांच, उच्च रक्त चांप और कैंसर का जांच किया गया। 57 लोगों का एचआईवी जांच, 42 लोगों को दंत चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराया गया। मेला में सीएचओ रोशनी कमल मुच्छु,अंशु कुमारी, पम्मी कोरियार, अर्चना मेहता, सुमति कुमारी, सुनीता कुमारी, शिल्पा मौर्या, एएनएम पिंकी कुमारी, विनीता सिंह, विनीति कुमारी,सहित सभी सहिया साथी, बीटीटी और एएनएम, सीएचओ मौजूद थे।

---

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत जलसहिया को मिला प्रशिक्षण

**केतार।** प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार भवन में बुधवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत जल सहिया का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। श्रम विभाग के प्रशिक्षक सरवर आलम ने जल सहिया को बताया कि अपने कार्य क्षेत्र के 18 से 35 उम्र वर्ग के युवा व युवती को इस योजना के माध्यम से जोड़कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाना है। उन्हें झारखंड सरकार की ओर से कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर सशक्त बनाने में कार्यरत रहते हैं, तथा रोजगार के मुख्यधारा से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से सभी युवक-युवतियों को तीन माह का आवासीय प्रशिक्षण रांची में दिया जायेगा। सभी युवक-युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण के दौरान स्विंग मशीन ऑपरेटर, जेनरल ड्यूटी सहायक, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइन, कंप्यूटर ट्रेनिंग, फिटर फेब्रीकेशन, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रीशियन जैसी अन्य प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहां प्रशिक्षण प्राप्त के बाद सभी को रोजगार से जोड़े जाने का लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

---

## मैरौनी व बुका की टीम पहुंची फाईनल में




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत में आयोजित बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैरौनी बनाम सिसरी टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैरौनी की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 92 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलते हुए सिसरी की टीम ने 50 रन ही बना सकी। मैरौनी की टीम ने मैच को अपने हाथ कर लिया। वहीं दूसरी सेमीफाइनल मुकाबला बुका बनाम बेलाबार टीम के बीच खेला गया। बुका की टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 125 रन का लक्ष्य बेलाबार टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुए बेलाबार के टीम ने 12 ओवर में 78 रन ही बना सकी। फाइनल मुकाबला मैरौनी बनाम बुका के बीच खेला जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी जयकुमार को मैन ऑफ द मैच द मैच देकर समाजिक संगठन जागृति युवा सेना परिषद के अध्यक्ष पंकज कुमार यादव ने सम्मानित किया। मौके पर अध्यक्ष अनूप कुमार ,सामाजिक संगठन से मनीष कुमार गुप्ता, संजय बैठा, आकाश यादव नरेंद्र कुमार अरुण कुमार रविशंकर गुप्ता काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

---

## कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम की सातवीं कड़ी महत्वपूर्ण रही : एसडीएम




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक घंटे के विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में अलग-अलग क्षेत्रों से आएं 60 से अधिक गृहिणी माताओं-बहनों ने अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के समक्ष अपनी शिकायतों व समस्याओं को रखा। साथ ही कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। एसडीओ ने कहा कि ₹कॉफी विद एसडीएम₹ कार्यक्रम की यह सातवीं कड़ी अब तक की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी इसलिए है, क्योंकि इसमें आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हुए गृहिणियों ने न केवल अपनी निजी समस्यायें, महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को रखा, बल्कि क्षेत्र की बेहतरी को लेकर कई सुझाव दिये। बैठक में उठायी गयी समस्याओं में सबसे ज्यादा समस्यायें राशन कार्ड से जुड़ी प्राप्त हुई।

### महिलाओं ने रखी अपनी बातें

शोभा केसरी, सुनीता देवी, मीरा देवी, गुड़िया देवी आदि ने बताया कि उनके परिजनों का नाम राशनकार्ड में नहीं जुड़ पा रहा है। कुछ महिलाओं ने राशनकार्ड में सुधार को लेकर हो रही परेशानी को भी रखा। दूसरे नंबर पर मंईयां सम्मान योजना से जुड़ी शिकायतें मिलीं। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से कहा कि उनकी चिंताओं और शिकायतों को सम्बंधित पदाधिकारियों तक भेजकर निस्तारित करने का यथासंभव प्रयास किया जायेगा। बैठक में कुछ महिलाओं की ओर से बच्चों की फीस की समस्या, आयुष्मान, पेयजल, रोड-नाली, प्रकाश आदि से जुड़े कई अन्याय निजी मामले रखे गये। वहीं कुछ लोगों ने पूरे क्षेत्र की बेहतरी के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इनमें ज्यादातर सुझाव साफ-सफाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था से जुड़े हैं। लता गुप्ता ने कहा कि रामबांध तालाब का सौंदर्यकरण जिस मकसद से किया गया था, उसका लक्ष्य सही मायने में हासिल नहीं हो पाया। अभी तत्काल में उसकी जलकुंभी हटाने के लिए प्रयास किया जाए। उसी क्रम में कंचन जायसवाल ने सुझाव दिया कि रामबांध ही नहीं बल्कि अन्य तालाबों का सुंदरीकरण करते हुए वहां चौपाटी की तर्ज पर फूड जोन बनाये जाएं ताकि लोगों के घूमने फिरने के लिए स्थल तैयार हों।

---

## प्रखंड में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारण को लेकर बैठक हुई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि झंडोत्तोलन स्थलों के आसपास पूर्ण रूप से स्वच्छ रखना है। किसी भी परिस्थिति में उल्टा ध्वजारोहण नहीं होना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों पर झंडोत्तोलन कराने के लिए समय निर्धारित किया गया। सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय केतार में झंडोत्तोलन 9:00 बजे, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9:35 बजे, आंबेडकर चौक बाजार 9:25 बजे, मध्य विद्यालय केतार 10:00 बजे, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक 10:10 बजे, आरके सिंह पब्लिक स्कूल 10:20 बजे, लोहिया समता उच्च विद्यालय 9:45 बजे, बीआरसी कार्यालय 9:55 बजे, आंबेडकर चौक कोल मोड़ 11:00 बजे, स्वास्थ्य उपकेंद्र केतार 11:10 बजे और केतार थाना परिसर में 10:30 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा।

---

## कादलकुर्मी में थर्ड रेल लाइन विस्तारीकरण से आवागमन में बढ़ी असुविधा, ग्रामीणों ने कार्यस्थल पर जताया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रेलवे थर्ड लाइन विस्तारीकरण के कारण कादलकुर्मी में आवागमन को लेकर असुविधा बढ़ जाएगी। इससे प्रभावित ग्रामीणों ने आवागमन की सुविधा प्रदान करने की मांग को लेकर पंचायत के मुखिया अनिता देवी के नेतृत्व में इसमें लगी कंस्ट्रक्शन कंपनी अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड के अधिकारियों को पत्र लिखकर इस समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने इसके समाधान के लिए अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद, अंचलाधिकारी मोहम्मदगंज, रेल सुरक्षा बल पोस्ट जपला को भी पत्र की प्रतिलिपि प्रेषित किया है। इसके साथ ही बुधवार को प्रभावित ग्रामीणों ने सुविधाजनक आवागमन के लिए सड़क की मांग को लेकर विरोध भी जताया। सड़क की मांग को लेकर नारे भी लगाए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के रेलवे फाटक से तरेंद्र सिंह के घर से होकर मेन रोड तक वर्षो से ग्रामीणों का आवागमन होता रहा है। मगर थर्ड लाइन विस्तारीकरण से इस मार्ग से आवागमन पूर्णतः बन्द हो गया है। उन्हें आने जाने के लिए कार्यस्थल से ही होकर गुजरना पड़ता है। जब लाइन बिछ जाएगा, तो विकट स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इसमें समाज सेवी प्रमोद राजवंशी, प्रेम किशोर मेहता, जितेंद्र राम, महेश राम, चर्मनिया देवी और अनिल राम सहित कई ग्रामीण विरोध प्रकट किया है।

---

## जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन

**नीलांबर पीतांबरपुर।** जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन लेस्लीगंज थाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लेस्लीगंज पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार झा,पांकी पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता, पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन, अंचल अधिकारी सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज मनोज कुमार झा ने कहा की पूरे पलामू जिला में एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

---

उद्घाटन

### स्वास्थ मेला में 543 मरीजों की जांच, विभाग ने लगाएं 16 स्टॉल

## मेला से ग्रामीणों को विशेष लाभ होगा: रूपनिरंजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भडरिया। (गढ़वा)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन भंडरिया प्रखंड प्रमुख रुक्मिणी कुमारी,उप प्रमुख श्रद्धा देवी, मुखिया विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूपनिरंजन सिंहा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा, संजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप जलाकर किया। शिविर में 534 मरीजों का जांच कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि शिविर में 16 स्टॉल लगाए गए थे। उसमें परिवार नियोजन कार्यक्रम, धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन का दुष्प्रभाव, कैंसर नियंत्रण जागरूकता, योगा, यक्ष्मा नियंत्रण, चिकित्स, ईएनटी, मोतियाबिंद, अंधापन की रोकथाम, मातृ स्वास्थ्य बाल स्वास्थ्य टीकाकरण ,डायबिटीज उच्च रक्तचाप, पोषण परामर्श, मलेरिया, फाइलेरिया, कुष्ट उन्मूलन का स्टॉल लगाकर मरीजों की जांच की गई। फाइलेरिया के महिला मरीजों के बीच फाइलेरिया का किट मुख्य अतिथियों द्वारा दिया गया। उसे उपयोग करने की विधि एमटीएस संतोष टोप्पों ने बताया गया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि स्वास्थ्य मेला से सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस तरह के कार्यक्रम से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ पहुंचेगा। शिविर में अधिक से अधिक लोगों का इलाज, उपचार व निशुल्क दवा संबंधी जानकारी भी मिलेगी। मेला से ग्रामीणों को विशेष लाभ होगा। मौके पर भंडरिया प्रमुख ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य मेला, स्वास्थ्य शिविर से लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर एसआई खान, डॉ, अजय पटेल सिंह, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, डॉ. प्रभु कुमार डॉ. दयानंद प्रभाकर, डॉ. अमित कुमार, डॉ. पंचानंद कुमार पासवान, डॉ. सोनी केरकेट्टा, डॉ. पुष्पलता जमुदा, डॉ. संध्या किरण बिलुंग, शाहिद व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

---

## बराही धाम में पूरी होती हैं भक्तों की मनोकामनाएं भंडारे का आयोजन में जुटे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला मुख्यालय से 85 किलोमीटर दूर व हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर स्थित बराही धाम धार्मिक स्थल के साथ-साथ इस राज्य के लिए गौरव बन चुका है। यहां प्रत्येक मंगलवार को शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पूजा-अर्चना के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाता हैं। इस धाम का एक विशेष महत्व है, यहां पर आने वाले भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी होती है। यहां आज भी प्रतिदिन सैकड़ों लोग पहुंच कर धाम परिसर में स्थित मां देवी, शिव व दक्षिण मूखी हनुमान जी की मंदिर में पूजा अर्चना कर माथा टेकते है। यहां पर वर्ष 2022 मई में भारत वर्ष की पहली 105 फीट दक्षिणमुखी रामदूत श्री हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। इसके दर्शन के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के अलावा झारखंड राज्य के कई जिलों से लोग पहुंच कर दर्शन करते है। यहां प्रत्येक मंगलवार को शिवांस चैरिटेबल ट्रस्ट व धर्मप्रेमियों के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। जहां इस भंडारे में हजारों लोग महाप्रसाद ग्रहण करते है। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक ने बताया कि अप्रैल माह में मां दुर्गा की 351 फीट प्रतिमा की स्थापना के लिए भूमि पूजन कर आधार शीला रखी जाएगी। इसकी तैयारी जोरशोर से शुरू हो गई हैं इसमें सभी के सहयोग से कार्य को पूरा किया जाएगा। भक्तों ने बताया कि इस बराही धाम के बारे में कई लोगों से व समाचार पत्रों के अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से सुनते आ रहे थे। जो यहां आने के बाद साक्षात बजरंग बली के दर्शन हो गए। और हम धन्य हो गये। मौके पर गुरुकुल के आचार्य शिव कुमार झा, विनय चौबे, अयोध्या सिंह टिकैत, टुनटुन सिंह,प्रिंस सिंह,पिंटू के अलावा शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के कई सदस्य मौजूद थे।

---

## पेज एक के शेष

### एसीबी ने राजस्व...

मिली जानकारी के अनुसार, इस कमरे से भी कोई सामान बरामद नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, एसीबी को यह पता था कि पाकरटोली वाला आवास राजेश कुमार का है। लेकिन, घर मालिक जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी ने जमीन का कागज दिखाकर अपना घर होने की बात कही। एसीबी की टीम इस जमीन के कागजात की छायाप्रति अपने साथ लेती गई। वहीं, मौके पर नियुक्त मजिस्ट्रेट द्वारा घर से निकलते समय सभी एसीबी कर्मियों की जांच सतवंती देवी के समक्ष की गई। ताकि, घर मालिक द्वारा यह आरोप नहीं लगाया जा सके कि कोई सामान गायब है।

### लातेहार में मुठभेड़...

सूचना के बाद पुलिस की टीम छापामारी अभियान चलाते हुए जंगल में पहुंची। लेकिन, पुलिस को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग आरंभ कर दिया। जबाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान एक नक्सली को गोली लगी, इसके बाद अन्य नक्सली जंगल और अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। एसपी ने कहा कि पुलिस द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जानकारी सर्च अभियान पूरा होने के बाद मिल पाएगी।

### इलेक्टोरल बॉन्ड योजना...

खारिज करना अप्रत्यक्ष रूप से एडीआर फैसले को संशोधित करता है। याचिका में बताया गया है कि अदालत के निदेर्शों के तहत दिए गए सबूत ईबीएस के माध्यम से किए गए दान और कॉरपोरेट दानदाताओं द्वारा प्राप्त लाभों के बीच पारस्परिक संबंध को रेखांकित करते हैं। यह पीठ के निष्कर्ष का खंडन करता है कि ऐसे दावे काल्पनिक थे। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने पिछले साल 15 फरवरी को भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई राजनीतिक फंडिंग की चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था। अदालत के फैसले के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक ने चुनाव आयोग के साथ डाटा साझा किया था। चुनाव आयोग ने इन डाटा को सार्वजनिक किया था।



## अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार पहली वर्षगांठ पर जयकारों से गूंजी अयोध्या

# श्रीरामलला के मंदिर में उमड़ा जनसमुद्र

**अयोध्या (आईएएनएस)**

रामनगरी में बुधवार को फिर से श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सुबह कोहरा और बेतहाशा ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किए। हर तरफ 'जय श्रीराम' के जयकारे लगते रहे। मानो एक बार फिर से त्रेता युग लौट आया हो। श्री रामचंद्र के दर्शन के लिए श्रद्धालु देर शाम तक जन्मभूमि पथ पर कतारबद्ध दिखे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भव्य मंदिर में 22 जनवरी 2024 में ही रामलला विराजमान हुए थे। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक बुधवार को राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर श्रद्धालुओं का सैलाब नजर आया। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक 11 जनवरी को ही पहली वर्षगांठ मना चुका है। तीन दिन आयोजन भी हुए। उस दौरान भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए थे।

- **भारतीय कैलेंडर से 11 जनवरी 2025 को मनाई गई थी पहली वर्षगांठ**

### सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम

अयोध्या के एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि सुरक्षा को लेकर व्यापक इंतजाम हैं। अयोध्या को 6 जोन और 17 सेक्टर में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। जोन में राजपत्रित अधिकारियों और सेक्टर में सीओ लेवल के अधिकारी की तैनाती की गई है

अब जब बारी आई 22 जनवरी की, तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी श्रद्धा निवेदित करने पहुंच गए। प्रदेश की योगी सरकार ने दर्शनार्थियों के लिए स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुटा दिखा। राम मंदिर की पहली वर्षगांठ को देखते हुए मठ मंदिरों में भी धूम है। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। इसके अलावा दशरथ महल-कनक भवन समेत अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मणिरामदास छावनी में सुबह रथयात्रा निकालने के बाद 41 दिवसीय अनुष्ठान का आगाज हो गया। इसमें सवा लाख से भी अधिक श्रीराम रक्षास्त्रोत का जाप होगा।

बड़ी संख्या में अपने आराध्य का दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं में से अनेक ऐसे भी हैं, जो बीती 22 जनवरी को अयोध्या में थे। उसी पल को जीने के लिए वे फिर रामनगरी में हैं। ट्रस्ट को भीड़ के आने का अनुमान था, इसलिए व्यवस्थाएं भी उसी अनुसार की गई थीं। राम मंदिर के आसपास का सारा क्षेत्र ब्रह्म मुहूर्त से ही जयकारों से गूंजने लगा था। होटल और धर्मशालाएं पहले से ही लोग आरक्षित कराए हुए थे। रामलला के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने बताया कि हिंदी कैलेंडर के मुताबिक 11 जनवरी को द्वादशी मनाई गई थी, लेकिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक दर्शन करने पहुंचे हैं। सुबह से ही भारी भीड़ दिखी। राजस्थान की विजयलक्ष्मी ने बताया कि उधर बालाजी और यहां रामलला की ही कृपा रही कि अच्छे से दर्शन मिल गया। उन्होंने बताया कि उनके साथ 17 लोगों का ग्रुप आया था। सभी ने हनुमान चालीसा पढ़ते हुए राम मंदिर में प्रवेश किए। 500 वर्षों बाद अयोध्या में रौनक लौटी है। सभी को दर्शन के लिए पहुंचना चाहिए।

## ट्रंप के आदेश के विरोध में अमेरिका के 22 राज्य

# 'बर्थराइट पॉलिसी' बदलने के खिलाफ मुकदमा दायर

**वॉशिंगटन (हि.स.)**

### अदालत में राज्यों का सामना करने के लिए तैयार हैं : व्हाइट हाउस



अमेरिका के 22 राज्यों के अटॉर्नी जनरल ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'बर्थराइट पॉलिसी' बदलने के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। यह पॉलिसी अमेरिका में जन्मे बच्चों को उनके माता-पिता के इमिग्रेशन स्टेटस को नजरअंदाज कर नागरिकता की गारंटी देती है। डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को शपथ ग्रहण के साथ जारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जो अमेरिकी संविधान में 'बर्थराइट पॉलिसी' को बदलने की बात करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'बर्थराइट पॉलिसी' को लेकर दी गई मंजूरी कानूनी अड़चनों में फंसती दिख रही है। ट्रंप ने देश की बर्थराइट पॉलिसी की यह कहते हुए आलोचना की थी कि यह नीति अवैध आव्रजन को प्रोत्साहित करती है। इसी वजह से दोबारा सत्ता में आते ही ट्रंप ने इस नीति को बदलने संबंधी आदेश जारी कर दिए।

ट्रंप के आदेश के साथ अमेरिका सहित दुनिया भर में हलचल मच गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रंप के आदेश के खिलाफ कोलंबिया डिस्ट्रिक्ट और सैन फ्रांसिस्को के साथ 18 राज्यों ने फेडरल अदालत में मुकदमा कर दिया है। न्यू जर्सी और दो शहरों के साथ कैलिफोर्निया, मैसाचुसेट्स, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, मेन, मैरीलैंड, मिशिगन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मैक्सिको, न्यूयॉर्क, उत्तरी कैरोलिना, रोड आइलैंड, वर्मोंट और विस्कांसिन भी ट्रंप के आदेश के खिलाफ मुकदमे में शामिल हुए हैं। न्यू जर्सी के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल मैट प्लैटकिन ने कहा कि राष्ट्रपतियों के पास व्यापक शक्तियां होती हैं, लेकिन वे राजा नहीं होते। इधर, मुकदमा दायर होने के बाद व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया है कि वह अदालत में राज्यों का सामना करने के लिए तैयार है। इन मुकदमों को वामपंथी प्रतिरोध का विस्तार बताया है।

### क्या है अमेरिका की 'बर्थराइट पॉलिसी'

वर्ष 1868 में किए गए अमेरिका के संविधान के 14वें संशोधन के मुताबिक, देश में पैदा हुए सभी बच्चों को जन्मजात नागरिकता दी जाती है। संशोधन का मकसद पूर्व में देश में गुलाम बनाए गए लोगों को नागरिकता और समान अधिकार देना था। संविधान के मुताबिक, अमेरिका में जिन बच्चों का जन्म हुआ, उनके अधिकार क्षेत्र के अधीन वे अमेरिका और जिस भी राज्य में पैदा हुए, वहां के नागरिक बन जाते हैं।

**क्या है ट्रंप का आदेश :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश में कहा गया है कि 'बर्थराइट पॉलिसी' में गैर-दस्तावेजी अप्रवासियों के बच्चों को बाहर रखा जाना चाहिए और उन्हें जन्मजात नागरिकता नहीं दी जानी चाहिए। ट्रंप का आदेश अमेरिका में जन्मे किसी भी बच्चे को 14वें संशोधन के तहत नागरिकता प्रदान करने को चुनौती देता है।

# ट्रंप सरकार करेगी एआई के बुनियादी ढांचे पर 500 अरब डॉलर का निवेश

## परियोजना की शुरुआत 2024 में बाइडेन प्रशासन के दौर में ही हो गई थी



### फिलहाल 'स्टारगेट' से अलग हैं एलन मस्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी और उनके प्रशासन के तहत डीओजीई संभालने वाले एलन मस्क को फिलहाल एआई से जुड़ी परियोजना 'स्टारगेट' से अलग रखा गया है। मस्क ओपनएआई के शुरुआती निवेशकों में से एक थे। मस्क ने ओपनएआई में मुनाफा कमाने वाला मॉडल जोड़ने की आलोचना की थी। बाद में उन्होंने अपना खुद का एआई उद्यम, एक्स एआई लांच किया है।

- **'स्टारगेट' नामक योजना ओरेकल, सॉफ्टबैंक व ओपन एआई के साथ साझेदारी में होगी**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई कंपनी के मार्फत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बुनियादी ढांचे में 500 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। यह योजना ओरेकल, सॉफ्टबैंक व ओपन एआई के साथ साझेदारी में बनाई जा रही है। कहा जा रहा है कि यह आईटी क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी परियोजना होगी। 'स्टारगेट' नामक यह उद्यम, अमेरिकी डाटा केंद्रों में प्रौद्योगिकी कंपनियों के महत्वपूर्ण निवेश का प्रतीक होगा। तीनों कंपनियों ने इस उद्यम के लिए वित्तीय मदद करने की योजना बनाई है। अन्य निवेशक भी इसमें निवेश कर पाएंगे। इसकी शुरुआत टेक्सास में बन रहे 10 डाटा केंद्रों से होगी।

ट्रंप ने बीते मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन व ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ इसकी घोषणा की। राष्ट्रपति ने कहा, उस नाम को अपनी पुस्तकों में लिख लें, क्योंकि मुझे लगता है कि आप भविष्य में इसके बारे में बहुत कुछ सुनने वाले हैं। एक नई अमेरिकी कंपनी जो अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन होगा। ट्रंप ने कहा, 'स्टारगेट' तुरंत काम शुरू करेगा, ताकि एआई में अगली पीढ़ी की प्रगति को बढ़ावा देने के लिए भौतिक और आभासी बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा सके।

जहां तक 'स्टारगेट' का सवाल है, यह एक नई कंपनी है, जिसका उद्देश्य उन्नत एआई के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा विकसित करना है। इसमें डाटा सेंटर और बिजली उत्पादन सुविधाएं बनाना शामिल है, जो तेजी से विकसित हो रहे एआई परिदृश्य को शक्ति प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसमें शुरुआती निवेश 100 अरब डॉलर का होगा, जिसे बढ़ाकर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाया जा सकता है। यह परियोजना टेक्सास में केंद्रित है, जहां पहले 10 डाटा सेंटर का निर्माण पहले ही शुरू हो चुका है।

स्टारगेट परियोजना का संचालन तीन दिग्गजों की साझेदारी में होगा। इनमें मासायोशी सोन, सॉफ्टबैंक के संस्थापक, सैम ऑल्टमैन, ओपनएआई के सीईओ और लैरी एलिसन, ओरेकल के अध्यक्ष वीआर शामिल हैं। परियोजना की घोषणा के दौरान तीनों दिग्गजों ने स्टारगेट को संभव बनाने का श्रेय ट्रंप को दिया। हालांकि, परियोजना की शुरुआत 2024 में बाइडेन प्रशासन के दौर में ही हो गई थी। ओपनएआई के सीईओ ऑल्टमैन ने कहा, यह इस युग की सबसे महत्वपूर्ण परियोजना होगी। सोन ने इसे 'स्वर्ण युग की शुरुआत' बताया। एलिसन ने कहा कि डाटा सेंटर पहले से ही तैयार हो रहे हैं और अब तक 10 का निर्माण किया जा चुका है। ओरेकल के अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि यह परियोजना डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड से भी जुड़ी हुई है और संभवतः एक अनुकूलित वैक्सीन विकसित करके कैंसर जैसी बीमारियों का इलाज करना आसान बना देगी। चूंकि एआई विकास के लिए बहुत ज्यादा कंप्यूटिंग शक्ति की जरूरत होती है, इसलिए इसको को पूरा करने के लिए जरूरत होती है बहुत सारे डाटा सेंटर और ऊर्जा संसाधन की। उदाहरण के लिए, ओपनएआई ने चैटजीपीटी जैसी प्रणालियों को विकसित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के बुनियादी ढांचे पर भरोसा किया है, लेकिन अब वह अपनी क्षमताओं का विस्तार और अनुकूलन करने के लिए अपनी खुद की सुविधाएं बनाना चाहता है।

'स्टारगेट' वैश्विक एआई दौड़ में अमेरिका को आगे रखने की परियोजना का हिस्सा है। विशेषकर इसका उद्देश्य चीन के खिलाफ खुद को मजबूत बनाना है। व्हाइट हाउस ने एआई की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए ऊर्जा अवसंरचना को सुव्यवस्थित करने की बात कही है। अब तक मासायोशी सोन अमेरिकी तकनीक में निवेश को आगे बढ़ाने की परियोजना में प्रमुख चेहरा रहे हैं। उन्होंने चार वर्षों में अमेरिकी परियोजनाओं में 100 अरब डॉलर का निवेश किया। इसके तहत वीवर्क जैसी कंपनियों में किया गया निवेश शामिल है। इसके अलावे, माइक्रोसॉफ्ट और एनवीडिया जैसे चिपमेकर भी इस परियोजना में शामिल रहे हैं। ये सभी मिलकर स्टारगेट की तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करते हैं। एक प्रमुख वित्तीय फर्म ब्लैकस्टोन ने पिछले साल अनुमान लगाया था कि अमेरिका में पांच वर्षों में डाटा सेंटर में 1 ट्रिलियन डॉलर का निवेश होगा। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी 1 ट्रिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा। 'स्टारगेट' को इस पूंजी के एक बड़े हिस्से को संभालने का काम कर सकती है।

# अमरजीत ने जमीन व कोठी बेचकर बेटी, पत्नी और बहनों को दिए करोड़ों

**नवीन मेल संवाददाता**

- जब देने को कुछ नहीं रहा, तो परिवार के लोग उन्हें वृद्ध आश्रम में छोड़ पानीपत से चले गए
- वृद्ध आश्रम में बीमार पड़े तो आश्रम वाले उनको जन सेवा दल के आशियाने में छोड़ दिया
- 4 साल बाद गत 15 जनवरी को उनकी मौत हो गई, परिवार वाले अंतिम संस्कार में नहीं आए
- पत्नी बोली, हम अंतिम संस्कार में नहीं आएंगे, आप हमें उनका मृत्यु प्रमाणपत्र भेज देना

**पानीपत।** पानीपत के मॉडल टाउन के अमरजीत ने पांच एकड़ जमीन और अपनी कोठी बेचकर बेटी, बहन एवं पत्नी को करोड़ों रुपये दे दिए। जब अमरजीत के पास देने को कुछ नहीं रहा, तो परिवार के लोग उन्हें वृद्ध आश्रम में छोड़कर पानीपत से चले गए। वह वृद्ध आश्रम में बीमार पड़े, तो आश्रम के प्रतिनिधियों ने उन्हें जन सेवा दल के अपने आशियाना में छोड़ दिया। चार साल बाद 15 जनवरी 2025 को उनकी मौत हो गई।

जिला नागरिक अस्पताल के शवगृह में उनका शव अंतिम संस्कार के इंतजार में है। बेटी, पत्नी और बहनों को उनकी मौत की सूचना दी गई, तो उन्होंने अंतिम संस्कार में आने से मना कर दिया। अब मंगलवार को जन सेवा दल के सदस्य असंध रोड स्थित शिवपुरी में उनके शव का अंतिम संस्कार किया। जानकारी के अनुसार, 84 वर्षीय अमरजीत की अज्जीजुलापुर गांव में पांच एकड़ जमीन थी और मॉडल टाउन में उसकी कोठी थी। परिवार में पत्नी, एक बेटी, दो बहनें हैं। अमरजीत ने अपनी जमीन बेचकर बेटी को पढ़ाया और उसे आत्मनिर्भर बनाया। उसकी अच्छे खानदान में शादी भी की। इसके बाद उनकी पत्नी अपनी बेटी के साथ उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में चली गई और उनके पास ही रहने लगी। उनकी एक बहन अमेरिका व दूसरी दिल्ली में चली गई और अमरजीत को पानीपत के एक वृद्ध आश्रम में छोड़ दिया।

वर्ष 2020 में अमरजीत आश्रम में बीमार हो गए तो आश्रम के प्रतिनिधियों ने भी उन्हें जन सेवा दल के अपने आशियाना में छोड़ दिया। जन सेवा दल के सदस्यों ने उनका इलाज कराया और अपने पास रखा। पांच दिन पहले अमरजीत की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जन सेवा दल के महासचिव चमन गुलाटी ने उन्हें जिला नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जब सूचना दी गई, तो पत्नी बोली, हम अंतिम संस्कार में नहीं आएंगे, आप हमें उनका मृत्यु प्रमाणपत्र भेज देना। जन सेवा दल के महासचिव चमन गुलाटी ने बताया एक इंसान ने पूरा जीवन परिवार के लिए कुर्बान कर दिया। जमीन बेचकर उन्हें करोड़ों रुपए दिए। अब परिवार के लोग उनके अंतिम संस्कार में भी आने से इंकार कर रहे हैं। बेटी, पत्नी व बहनों को उन्होंने कॉल कर अमरजीत की मौत की सूचना दी। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार में नहीं आ सकते। उन्हें अमरजीत का मृत्यु प्रमाणपत्र भेज देना।

## नेपाल एपीएफ ने रखा 425 नए बॉर्डर आउट पोस्ट का प्रस्ताव

**काठमांडू।** नेपाल की सीमा सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे सशस्त्र प्रहरी बल (एपीएफ) ने भारत और चीन की सीमा पर 425 नए बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) बनाने का प्रस्ताव दिया है। इस समय एपीएफ के पास दोनों अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सिर्फ 254 सुरक्षा पोस्ट है, जो सीमा निगरानी के लिहाज से नाकाफी हैं। एपीएफ के आईजीपी राजू अर्याल ने बताया कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और सीमापार से अपराध नियंत्रण के लिए गृह मंत्रालय को भेजे प्रस्ताव में 425 नए बीओपी बनाने की बात कही गई है।

# हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध करते हैं : क्वॉड

### भारतीय विदेश मंत्री डॉ जयशंकर ने लिया भाग

**वॉशिंगटन (हि.स.)**



डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद मंगलवार को क्वॉड के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक हुई। इसमें अमेरिका के नवनियुक्त विदेश मंत्री मार्को रुबियो, भारतीय विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर और जापान एवं ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया। जापान की तरफ से ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व किया। चार देशों के समूह क्वॉड का उद्देश्य इंडो पैसिफिक क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। बैठक के बाद जारी साझा बयान में कहा गया कि, हम चारों देशों का दृढ़ विश्वास है कि समुद्री क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और सुरक्षा, भारत-प्रशांत के लोगों के विकास और समृद्धि को दर्शाता है। हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई का दृढ़ता से विरोध करते हैं, जो बलपूर्वक या जबरदस्ती यथास्थिति को बदलने का प्रयास करती है। साथ ही कहा, हम बढ़ते खतरों के बावजूद क्षेत्रीय समुद्री, आर्थिक और तकनीकी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भारतीय सीमा में घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, जवानों की गोलीबारी से भागा

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय सीमा में घुसे एक पाकिस्तानी ड्रोन को गिराने के लिए सेना के जवानों ने गोलीबारी की। गोलीबारी के बाद ड्रोन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में वापिस लौट गया। अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने मंगलवार की देर रात जिले के मेंढर सेक्टर में सीमा बाड़ के पास ड्रोन की हरकत देखी और करीब एक दर्जन राउंड फायरिंग की। उन्होंने बताया कि इलाके में कुछ देर मंडराने के बाद ड्रोन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में लौट गया।



## जकार्ता में हुआ बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'ला पेरोस'

# भारत ने दिखाई समुद्री ताकत

- **स्वदेशी विध्वंसक आईएनएस मुंबई के साथ लंबी दूरी के समुद्री निगरानी पी-8आई विमान ने लिया हिस्सा**

**नई दिल्ली ।** दक्षिण पूर्वी महासागर क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना का स्वदेशी विध्वंसक पोत आईएनएस मुंबई इंडोनेशिया के जकार्ता में बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'ला पेरोस' में हिस्सा लिया। इस अभ्यास का मकसद इंडो-पैसिफिक में समुद्री संबंधों को मजबूत करना, समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाना और अपने कौशल को एक साथ निखारना था। स्वदेशी विध्वंसक के साथ लंबी दूरी के समुद्री निगरानी पी-8आई विमान ने फ्रेंच-सीएसजी, रॉयल नेवी और रॉयल कैनेडियन नौसेना इकाइयों के साथ बहुराष्ट्रीय अभ्यास के समुद्री चरण में भाग लिया।

## कई प्रमुख वैज्ञानिकों ने किया प्रोफेसर कामकोटि का बचाव


# राजनीतिक मुद्दा बना गोमूत्र का 'औषधीय गुण'

**चेन्नई (हि.स.)**

- **आईआईटी मद्रास के निदेशक ने कहा था, गोमूत्र में एंटी-बैक्टीरियल एंटी-फंगल गुण**
- **थानथाई पेरियार द्रविड़ कझगम ने दावे को छद्म बताया और माफी मांगने को कहा**



गोमूत्र को लेकर आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो वी कामकोटि के दावों के बाद राज्य में यह एक राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम, थानथाई पेरियार द्रविड़ कझगम (टीपीडीके) ने कामकोटि के इस दावे को छद्म विज्ञान और शर्मनाक बताया। टीपीडीके ने कामकोटि से दावे के सबूत देने अन्यथा माफी मांगने की मांग की है। इसके बाद डब्ल्यूएचओ के पूर्व सलाहकार डॉ आरएस चौहान, सीएसआईआर-सीआईएमएपी के पूर्व निदेशक डॉ एसपीएस खानुजा, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई, भाजपा नेता तमिलिसाई सौंदर्यराजन और जोहा कंपनी के सीईओ श्रीधर वेंबू सहित कई प्रमुख लोग प्रो कामकोटि के बचाव में उतर आए हैं। दरअसल, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि ने 'माट पोंगल' के दिन 'गो संरक्षण शाला' में गायों की देसी नस्लों की रक्षा और जैविक खेती के महत्व पर अपने विचार रखने के दौरान एक वैज्ञानिक शोध का हवाला देते हुए कहा कि गोमूत्र में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और पाचन गुण होते हैं। वी. कामकोटि ने 'गोमूत्र' के 'औषधीय मूल्य' की प्रशंसा करते हुए उस संन्यासी के बारे में किस्सा सुनाया, जिसने गोमूत्र का सेवन करके तेज बुखार को ठीक किया था।




आईआईटी मद्रास के निदेशक का यह बयान राजनीतिक गलियारे में विवाद का विषय बन गया है। इस मामले में गोमूत्र अनुसंधान के प्रमुख अन्वेषक रहे व पंतनगर के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ आरएस चौहान ने आईआईटी मद्रास के निदेशक के दावे का समर्थन किया। डॉ चौहान डब्ल्यूएचओ के पूर्व सलाहकार और आईवीआरआई, बरेली के निदेशक रह चुके हैं। जिन्होंने 'पंचगव्य उपचार प्रणाली' के लिए 'काउपैथी' नमक शब्द गढ़े। आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि के दावों पर कांग्रेस नेता कार्ति पी चिदंबरम ने निंदा करते हुए कहा कि आईआइटी मद्रास के निदेशक का छद्म विज्ञान का प्रचार करना अनुचित है। थानथाई पेरियार द्रविड़ कझगम ने भी गोमूत्र से लाभ की बात की निंदा की।

### गैलिक एसिड डेरिवेटिव के कारण गोमूत्र में कैंसर-रोधी गुण : डॉ खानुजा

सीएसआईआर-सीआईएमएपी के पूर्व निदेशक डॉ एसपीएस खानुजा ने आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो वी कामकोटि के दावों का समर्थन किया। डॉ एसपीएस खानुजा ने विश्व में पहली बार वर्ष 2000 में गोमूत्र में कैंसर-रोधी गुणों की महत्वपूर्ण खोज में भूमिका निभाई थी। बाद में इसका अमेरिकन पेटेंट कराया था। डॉ खानुजा ने सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक डॉक्टर आरए माशेलकर की मार्गदर्शन में किए गए शोध में पाया कि गोमूत्र की कैंसर-रोधी गतिविधि गैलिक एसिड डेरिवेटिव के कारण होती है।